# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


अमेरिका इजराइल व ईरान युद्ध से तेल संकट

*समुद्र में रूस के 'मायलो' और 'सारा' तेल जहाजों को नहीं मिल रहे थे खरीदार*

## सिंगापुर जाते जहाज भारत आएंगे भारत खरीदेगा 3 करोड़ बैरल तेल



एआई फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदने की तैयारी में है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी भारतीय कंपनियों ने रूस से तेल खरीदने के समझौते किए हैं। इंडियन ऑयल ने लगभग 1 करोड़ बैरल और रिलायंस ने भी करीब 1 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा, जबकि बाकी तेल अन्य भारतीय रिफाइनिंग कंपनियां खरीदेंगी। कुछ रूसी तेल टैंकर, जो पहले सिंगापुर की ओर जा रहे थे, उन्होंने अब अपना रास्ता बदलकर भारत की तरफ कर लिया है। इनमें 'मायलो' और 'सारा' जैसे बड़े जहाज शामिल हैं।

- *फारस की खाड़ी में 28 भारतीय ध्वजवाहक जहाज परिचालन कर रहे*
- *इंडियन ऑयल ने लगभग 1 करोड़ बैरल, रिलायंस करीब 1 करोड़ बैरल जबकि बाकी तेल अन्य भारतीय रिफाइनिंग कंपनियां खरीदेंगी*
- *जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से की बात, तेल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बनी सहमति*

### एर्दोगन ने इजराइल-यूएस को दी वॉर्निंग
### ईरान पर हमले नहीं रोके तो गंभीर परिणाम

तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया। अगर अमेरिकी नेतृत्व में हो रहे हमलों को नहीं रोका गया तो क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। तुर्की अपने देश और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है।


### हम करेंगे आपूर्ति लेकिन...खरीदारी लगातार करनी होगी

पुतिन बोले

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस यूरोप को तेल और गैस की आपूर्ति के लिए तैयार है, लेकिन इसके साथ कुछ शर्तों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर यूरोपीय कंपनियां और खरीदार लंबे समय तक स्थिर सहयोग चाहते हैं तो रूस कभी मना नहीं करेगा।

**रसोई गैस का संकट :** घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी का समय लगभग ढाई दिन

# एलपीजी के प्रोडक्शन में 25% की 'बढ़ोतरी' सरकार बोली- पैनिक बुकिंग की जरूरत नहीं



नवी मुंबई में रेस्टोरेंट बंद

*पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि वे घबराएं नहीं। उनको सही वक्त पर गैस सिलेंडर मिलता रहेगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग का असर भारत समेत कई देशों पर दिख रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने आज मिडिल ईस्ट में चल रहे संकट को देखते हुए एक इंटर-मिनिस्ट्रियल मीडिया ब्रीफिंग का आयोजन किया। सरकार ने साफ किया है कि सप्लाई में रुकावट को मैनेज करने के लिए घरेलू एलपीजी प्रोडक्शन में 25% की बढ़ोतरी की गई है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने कंज्यूमर्स को भरोसा दिलाया है कि पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है। आम तौर पर घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी का समय लगभग ढाई दिन है। फिलहाल मांग को संभालने के लिए सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के बीच का न्यूनतम अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। किसी भी तरह की कमी के जोखिम को कम करने के लिए सरकार ने देश की रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कंपनियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया है। 8 मार्च को सरकार ने रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कंपनियों से कहा कि वे अपनी एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाएं।

युद्ध से करीब 47.4 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन गैस की सप्लाई प्रभावित



शोलापुर महाराष्ट्र में भीड़

*कांग्रेस बोली- झूठी बातें कर रही सरकार बढ़ा पैनिक*

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कि सरकार एलपीजी की कमी पर झूठ बोल रही है। सरकार की ओर से गैस एजेंसियों को साफ हिदायत दी गई है कि कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई न करें। ढाबे, रेस्तरां और होटल बंद होने की कगार पर हैं। इस मामले पर कांग्रेस ने सदन के बाहर भी प्रदर्शन किया। इसमें सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल रहीं। विपक्ष ने कहा कि यह सरकार एलपीजी गैस के संकट से निपटने में विफल रही है।

- *सरकार ने रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कंपनियों से कहा कि वे अपना एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाएं*
- *रसोई गैस संकट को लेकर कांग्रेस ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया*

**दो बड़े असर देखिए**

### 1 ट्रेन के सफर में ले जाएं घर का खाना

भारतीय रेलवे अपनी ट्रेनों में पका हुआ भोजन परोसना अस्थायी रूप से बंद कर सकता है। जिन यात्रियों ने टिकट बुक करते समय भोजन पहले से बुक किया था, उन्हें रिफंड भी जारी किया जा सकता है। इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि स्थिति अभी गंभीर है और आने वाले दिनों में और बिगड़ सकती है। ट्रेनों में खानपान सेवाएं आईआरसीटीसी के बेस किचन में तैयार किए गए भोजन पर निर्भर करती हैं।


### 2 गैस की ऑनलाइन बुकिंग लगभग बंद

भोपाल। बुधवार को एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग लगभग बंद हो गई। एजेंसी संचालकों को अनुसार एचपीसीएल का सॉफ्टवेयर क्रैश हो गया। जिसके चलते एचपी गैस उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग नहीं हो रही है और बार-बार कॉल करने पर ओटीपी का मैसेज नहीं पहुंच रहा है।

*एचपीसीएल का सॉफ्टवेयर क्रैश आईओसी और बीपीसीएल में भी दिक्कत*

## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स 1,000 अंक लुढ़का डूब गए 2.50 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** मंगलवार को जब शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी, तब ट्रंप ने ईरान वॉर जल्द खत्म होने के संकेत दिए थे। लेकिन बुधवार को एक बार फिर से शेयर बाजार में गिरावट आई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सत्र के दौरान 1000 अंकों से ज्यादा नीचे दिखाई दिया। जिसकी वजह से निवेशकों को 2.50 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### अब सोना ही नहीं, चांदी भी दिलाएगी 'लोन'



**नई दिल्ली।** मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब चांदी भी काम आएगी। आरबीआई ने एक अप्रैल से चांदी के बदले लोन देने के नए नियमों को मंजूरी दे दी है। अभी तक बैंक और फाइनेंस कंपनियां मुख्य रूप से सोने पर ही लोन देती थीं, लेकिन अब बैंकों व फाइनेंस कंपनियों में चांदी गिरवी रखकर भी नकदी प्राप्त की जा सकेगी।

### रुपया 16 पैसे टूटा, 92.01 प्रति डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.01 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला।


### गूगल क्रोम एआई में जुड़ी नई सुविधा, 8 भारतीय भाषाएं शामिल



**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए 'गूगल क्रोम' में अंतर्निहित कृत्रिम मेधा (एआई) सुविधाओं को जोड़ने की बुधवार को घोषणा की। सुरक्षित एवं उपयोगी बनेगा। ये 50 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध होंगी, जिनमें हिंदी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु और तमिल जैसी भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं।

माता-पिता गए थे मजदूरी करने

## कुए में मिले 3 बच्चों के शव इनमें 20 दिन का नवजात भी



पुलिस पता कर रही है कि घर से कुए तक कैसे पहुंचे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

सनावद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलगांव और भोमवाड़ा के बीच एक खेत के कुए से तीन बच्चों के शव बरामद हुए हैं। घटना के वक्त बच्चों के माता-पिता मजदूरी करने गए हुए थे। मलगांव निवासी मुकेश भमोरिया के खेत में एक परिवार मजदूरी करने के लिए आया था और यहीं रहता था। घटना के समय बच्चों के परिजन मजदूरी पर गए हुए थे और तीनों बच्चे घर पर थे। खेत में पहुंचे अन्य लोगों ने कुए में बच्चों के शव देखे, जिसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मृतकों में करण (4), अर्जुन (2.5), एक 20 दिन का शिशु शामिल है। सूचना मिलते ही बड़वाह एसडीओपी अर्चना रावत और सनावद टीआई धर्मेंद्र यादव घटनास्थल पर पहुंचे। तहसीलदार केसी सोलंकी भी मौके पर मौजूद रहे। शवों को कुए से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सनावद अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना के सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी जुटा रही है।


पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## अंजना हत्याकांड की अब सीबीआई करेगी जांच.. सुप्रीम कोर्ट का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर जिले (बरोदिया नौनागिर) के बहुचर्चित अंजना हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मध्य प्रदेश पुलिस की जांच थ्योरी को नकारते हुए इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने यह आदेश जारी किया है। इस फैसले के बाद पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीड़ित परिवार शुरूआत से ही यह आरोप लगाता रहा है कि आरोपियों को पूर्व मंत्री और स्थानीय रसूखदारों का सीधा राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है, जिसके कारण पुलिस ने कभी निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की। इसी रसूख के चलते जब 2019 में अंजना के साथ छेड़छाड़ हुई।

अदालत ने मध्यप्रदेश पुलिस की जांच थ्योरी को नकार दिया




### अंजना की मौत को बताया था हादसा

सबसे बड़ी लापरवाही तब सामने आई जब मुख्य गवाह अंजना की मौत हुई। चाचा राजेंद्र का शव एंबुलेंस से लाते समय अंजना की मौत हो गई थी। पुलिस ने इसे गाड़ी से गिरना बताकर केस रफा-दफा करने की कोशिश की। जबकि पीएम में शरीर पर 14 गंभीर चोटें और सिर की हड्डी में 9 सेमी का बड़ा फ्रैक्चर मिला था।

डीआरडीओ और नौसेना का एडीसी-150 ट्रायल सफल


# समुद्र में फंसे जहाजों को अब आसमान से मिलेगी तुरंत मदद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

समंदर में भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा हुआ है। नौसेना ने अपनी लॉजिस्टिक्स क्षमताओं में एक नई उपलब्धि जोड़ी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना दोनों ने संयुक्त रूप से गोवा के तट पर पी-8आई विमान से स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर 'एडीसी-150' का इन-फ्लाइट रिलीज परीक्षण किया। ये परीक्षण विभिन्न चरम परिस्थितियों में किए गए, जो पूरी तरह से सफल रहे। यह परीक्षण नौसेना के पी-8आई समुद्री गश्ती विमान से किया गया। नौसेना के लिए ये कंटेनर बेहद खास है। इससे नौसेना की परिचालन रसद क्षमता बहुत बढ़ जाएगी। ये

### क्या है एडीसी-150

एडीसी-150 एक स्वदेशी एयर ड्रॉप सिस्टम है, जिसकी मदद से विमान से समुद्र में मौजूद जहाजों तक करीब 150 किलोग्राम तक जरूरी सामान पहुंचाया जा सकता है। स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर एडीसी-150 के जरिए समुद्र में तैनात नौसैनिक जहाजों को जरूरी उपकरण, दवाइयां और मेडिकल सहायता, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और अन्य आपातकालीन सामान काफी तेजी से पहुंचाया जा सकेगा।



### कैसे काम करता है सिस्टम

*यह कंटेनर विमान से गिराए जाने के बाद पैराशूट की मदद से धीरे-धीरे समुद्र में उतरता है, जिससे अंदर रखा सामान सुरक्षित रहता है और जहाज उसे आसानी से उठा सकते हैं।*

### किसने किया विकास

*इस परियोजना का नेतृत्व नौसैनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, विशाखापत्तनम ने किया। वहीं एरियल डिलीवरी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, आगरा ने पैराशूट सिस्टम विकसित किया. तो वहीं सैन्य वायु योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र, बेंगलुरु ने उड़ान अनुमति और प्रमाणन दिया, जबकि रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने परीक्षण के लिए तकनीकी सहयोग दिया।*

## फुकेट में एयर इंडिया विमान की हार्ड लैंडिंग, निकला अगला पहिया

**मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान ने बुधवार को फुकेट हवाई अड्डे पर 'हार्ड लैंडिंग' की जिससे उसके आगे के दोनों पहिए अलग हो गए। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान वीटी-बीडब्ल्यूक्यू की उड़ान आईएक्स938 हैदराबाद से फुकेट के लिए रवाना हुई थी। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को विमान से उतारकर टर्मिनल भवन ले जाया गया और कोई घायल नहीं हुआ है। बोइंग 737-मैक्स 8 में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका। अधिकारियों के अनुसार, रनवे पर विमान के फंसे होने के कारण हवाई अड्डे का संचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और विमान को खींचकर बे (हवाई अड्डे का



वह हिस्सा जहां विमान को खड़ा किया जाता है) की ओर ले जाया गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि फुकेट हवाई अड्डे पर विमान के आगे के पहिए में खराबी आ गई थी और चालक दल ने सभी मानक प्रोटोकॉल का पालन किया।

### क्या है 'हार्ड लैंडिंग'

विमानन की भाषा में 'हार्ड लैंडिंग' आमतौर पर अनजाने में हुई ऐसी लैंडिंग को कहा जाता है, जिसमें विमान अत्यधिक ऊर्ध्वाधर गति और जोर के साथ जमीन से टकराता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारी ने कहा, विमान रनवे पर फंस गया है, उसके आगे के दोनों पहिये अलग हो गए हैं। उन्होंने कहा कि थाईलैंड के विमानन अधिकारियों से परामर्श के बाद संबंधित प्राधिकरण द्वारा जांच की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि नियमित रखरखाव के तहत आठ मार्च को विमान के आगे के दोनों पहिए बदले गए थे।

*वे एक स्पेशल चाइल्ड थीं, लंबे समय से बीमार थीं*

मुखाग्नि भाई वरद ने दी, पंचतत्व में विलीन हुईं सुरभि

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पुत्री शोक, हृदय गति रुकने से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर रितु खंडेलवाल की पुत्री सुरभि खंडेलवाल (30 वर्ष) का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। बेटी के निधन की खबर मिलते ही हेमंत खंडेलवाल भोपाल से बैतूल पहुंचे। बुधवार शाम करीब पांच बजे बैतूल गंज स्थित निवास से सुरभि की अंतिम यात्रा निकाली गई। इसके बाद कोठी बाजार मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजन, रिश्तेदार और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



इनसेट में सुरभि


### इलाज के बाद हो रहा था हालत में सुधार

आचार्य विवेक जैन ने बताया कि वे सुरभि खंडेलवाल को काफी समय से एक्यूपंक्चर और नेचुरोपैथी दे रहे थे। सुरभि के शरीर में लगातार अकड़न रहती थी, जिसका इलाज नेचुरोपैथी और एक्यूप्रेशर से किया गया। इलाज के बाद उनकी हालत में कुछ सुधार भी हुआ था। वे चलने-फिरने लगी थीं।

**मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने जताया शोक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा कि सुरभि खंडेलवाल का बीमारी के कारण निधन अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

## पुलिसकर्मी 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के मण्डी थानाक्षेत्र में एक पुलिसकर्मी को बुधवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने कथित रूप से 15 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरक्षी विनोद कुमार को लेकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन की एक टीम सदर बाजार थाने पहुचीं। मण्डी थानाक्षेत्र में खताखेडी चौकी पर तैनात इस मुख्य आरक्षी ने उसके भाई फैजान को मामले में उठा लिया था।और फिर उससे 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी तथा बाद में 15 हजार रुपये पर बात तय हुई।

*स्टेट कैपिटल रीजन की पहली बैठक में मैराथन मंथन*

## महानगरों की तर्ज पर होगा विकास सीएसआर बनेगा छग का ग्रोथ इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा- यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

- **आधुनिक अधोसंरचना और कनेक्टिविटी को मिलेगी गति**



### महानगरों की तरह विकसित होगा सीएसआर

बैठक में बताया गया कि राजधानी रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, नवा रायपुर अटल नगर और आसपास के क्षेत्र शामिलहोंगे। यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

### अपेक्षाएं बढ़ीं, पूरा करना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर और आसपास के शहर तेजी से विकसित होते हुए एक बड़े शहरी क्षेत्र का रूप ले रहे हैं, इसलिए महानगरों की तर्ज पर इनके संतुलित और योजनाबद्ध विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं।

जबलपुर
गुरुवार 12 मार्च 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 20, अंक : 310
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 30
न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**ऐतिहासिक फैसला**

### 13 साल से कोमा में रहने वाले 32 साल के हरीश राणा केस में फैसला सुनाते भावुक हो गए सुप्रीम कोर्ट के जज पारदीवाला

# पहली बार 'इच्छामृत्यु' की मंजूरी, पिता की गुहार पर लाइफ सपोर्ट हटाया जाएगा

- सुप्रीम कोर्ट ने भारत में पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को मंजूरी दी
- यह फैसला 2018 के कॉमन कॉज जजमेंट पर आधारित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भारत में पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को मंजूरी दी है। यह फैसला पिछले 13 साल कोमा में रह रहे एक शख्स के लिए आया है। गाजियाबाद के रहने वाले 32 साल के हरीश राणा की जिंदगी सिर्फ मशीनों और ट्यूबों के सहारे चल रही थी, लेकिन अब कोर्ट ने उनके पिता की गुहार पर जीवन-रक्षक इलाज (लाइफ सपोर्ट सिस्टम) हटाने की इजाजत दे दी। यह फैसला 2018 के कॉमन कॉज जजमेंट पर आधारित है, जिसमें 'गरिमा के साथ मरने का मौलिक अधिकार' को मान्यता दी गई थी।



हरीश राणा की पहले की फोटो, दूसरे में कोमा के दौरान की तस्वीर

### पिता को मजबूरन मांगनी पड़ी बेटे की मौत

हरीश के पिता ने सालों से अपने बेटे की हालत देखी और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। 2024 में उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। फिर सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लिया। कोर्ट ने प्राइमरी और सेकंडरी मेडिकल बोर्ड बनवाए, जिसमें एम्स के एक्सपर्ट्स शामिल थे। दोनों बोर्डों ने एकमत से कहा कि हरीश की हालत अपरिवर्तनीय है।

## कोर्ट के मुख्य निर्देश क्या- क्या हैं?

- हरीश को दिए जा रहे सभी जीवन-रक्षक इलाज, जिसमें सीएएन शामिल है, तुरंत बंद या रोका जाए।
- एम्स अपने पेलिएटिव केयर सेंटर में हरीश को भर्ती करे और घर से वहां शिफ्ट करने की पूरी सुविधा दे।
- इलाज हटाने का प्लान ऐसा हो कि मरीज की गरिमा बनी रहे।
- उच्च न्यायलयों को निर्देश है कि वे ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट्स को मेडिकल बोर्ड के फैसले की जानकारी दें।
- केंद्र सरकार सुनिश्चित करे कि हर जिले के चीफ मेडिकल ऑफिसर के पास सेकंडरी मेडिकल बोर्ड के लिए रजिस्टर्ड डॉक्टरों की पैनल हो।
- कोर्ट ने केंद्र सरकार से सिफारिश की कि इस मामले में एक व्यापक कानून बनाया जाए।

### जज ने शेक्सपीयर का किया जिक्र

*न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला ने कहा, 'होना या न होना... यह निर्णय अब 'मरने का अधिकार' के संदर्भ में हमें मार्ग दिखाता है. उन्होंने कहा कि यह वाक्य अदालत के सामने जीवन बनाम गरिमा का प्रश्न सामने आया है. एक अन्य उद्धरण, 'भगवान किसी से नहीं पूछते कि क्या वह जीवन स्वीकार करता है... आपको इसे अवश्य लेना चाहिए.' उन्होंने कहा कि यह पंक्ति तब महत्वपूर्ण है जब न्यायालय पूछता है कि किस व्यक्ति को जन्म का अधिकार हो सकता है?*

**दुनिया के किन-किन देशों में इच्छामृत्यु की इजाजत?**

दुनिया के 11 देश हैं, जहां इच्छामृत्यु की कानूनी इजाजत है। यहां पैसिव यूथेनेशिया नहीं, बल्कि एक्टिव यूथेनेशिया की बात कर रहे हैं, जिसमें लोगों को जहरीले इंजेक्शन के जरिए मरने की इजाजत होती है। इन देशों में स्विट्जरलैंड, अमेरिका,नीदरलैंड, बेल्जियम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, लक्जमबर्ग, कोलंबिया, इक्वाडोर, ऑस्ट्रिया हैं।

**खबर संक्षेप**

### कार और बोलेरो की टक्कर 3 की मौत, दुल्हन कोमा में



**अशोकनगर।** जिले में शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मंगलवार को नईसराय रोड पर एक बोलेरो और अर्टिगा कार के बीच हुई भिड़ंत ने तीन लोगों की मौत हो गई, इस हादसे में शादी के लिए गंजबासौदा जा रही दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें सिर में 36 टांके आने के बाद कोमा की स्थिति में भोपाल रेफर किया गया है। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। घटना नईसराय-शाढ़ौरा मार्ग पर बरखेड़ा गांव के पास हुई।

### पिकअप वाहन ने बाइक सवार परिवार को रौंदा





**शहडोल।** बुढार थाना क्षेत्र में एक बेकाबू पिकअप वाहन ने बाइक सवार परिवार को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी 13 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे का सबसे भावुक मंजर तब दिखा, जब घायल मासूम बच्ची खून से लथपथ अपने माता-पिता के शवों के पास बैठकर घंटों बिलखती रही। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा किया।

### स्पीकर ओम बिरला को हटाने का विपक्ष का प्रस्ताव खारिज, लोकसभा में ध्वनिमत से फैसला

# गृह मंत्री शाह बोले- सदन कोई 'मेला' नहीं, नियमों के अनुसार चलना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में ध्वनिमत से गिर गया। कांग्रेस के सांसद डॉक्टर मोहम्मद जावेद ने एक दिन पहले सदन में स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव पेश किया था। इस पर डिबेट के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया था। एक दिन पहले ही कांग्रेस की ओर से तरुण गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की थी। भाजपा की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले वक्ता थे। बुधवार को चर्चा का दूसरा दिन था। इसके बाद विपक्ष के हंगामे के बीच ही ध्वनिमत से मतदान हुआ और यह अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। चर्चा में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। अपने कहा कि संविधान ने स्पीकर को मध्यस्थ की भूमिका दी है। आप उसी मध्यस्थ पर शक कर रहे हैं। 75 वर्षों में दोनों सदनों ने हमारे लोकतंत्र की नींव को पाताल से भी गहरा किया है। विपक्ष ने उस गहरी नींव की प्रतिष्ठा पर सवाल खड़ा किया है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब चार दशक बाद एक बार फिर लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वासप्रस्ताव आया है।

*शाह ने कहा कि यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए अफसोसजनक घटना है, क्योंकि अध्यक्ष किसी दल के नहीं, सदन के होते हैं*

**शाह-चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ कांग्रेस ने एमओयू किया, वह घोषित करें कि क्या था?**



अमित शाह



राहुल गांधी

***कांग्रेस के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने एक दिन पहले सदन में स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव पेश किया था***

***इस पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया था***

### अध्यक्ष किसी दल के नहीं, सदन के होते हैं

यह संसदीय राजनीति और सदन दोनों के लिए अफसोसजनक घटना है, क्योंकि अध्यक्ष किसी दल के नहीं, सदन के होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्थापित परंपरा के अनुसार इस सदन की कार्यवाही आपसी विश्वास के आधार पर होती है। स्पीकर एक निष्पक्ष संरक्षक के रूप में काम करते हैं, जो सरकार और विपक्ष दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। शाह ने कहा कि लोकसभा के लिए विशेष नियम बनाए गए हैं, जिनके अनुसार स्पीकर को सत्र चलाना चाहिए। यह सदन कोई बाजार नहीं है। सदस्यों से उम्मीद की जाती है कि वे इसके नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार बोलें और भाग लें।

### राहुल गांधी बोले- संसद भारत की जनता की आवाज, मुझे बोलने से रोका जाता है

राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में बोलते हुए कहा कि कई बार सदन में उन्हें बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि सदन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और स्पीकर की भूमिका पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार उनका नाम लेकर उनके बारे में गलत बातें कही जाती हैं, लेकिन जब वह जवाब देने या अपनी बात रखने के लिए खड़े होते हैं ।

**किरेन रिजिजू बोले...**

### फुटेज दिखा देंगे तो विपक्ष मुंह छिपाता फिरेगा



किरेन रिजिजू

केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अध्यक्ष ओम बिरला के हाथ बांध दिए हैं, जिससे उन्हें सत्तारूढ़ दल की इच्छा के अनुसार काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वेणुगोपाल की इस टिप्पणी पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के पिछले चरण में लगभग कांग्रेस के 25 से 30 सांसद अध्यक्ष के कमरे में गए और उन्होंने जो व्यवहार किया, वैसा व्यवहार कभी देखा नहीं गया। मंत्री ने कहा यदि फुटेज जारी कर दी जाए, तो पूरी दुनिया आपके सांसदों के व्यवहार पर शर्मिंदगी होगी।

### केरलम में पीएम मोदी ने राहुल पर बोला हमला

# फंसे भारतीयों की सुरक्षा में जुटी सरकार, कांग्रेस कर रही है राजनीति



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- ***कांग्रेस के राजकुमार केरलम और भारत के युवाओं की सोच को नहीं समझते***
- ***भारत अपने नागरिकों को कहीं भी मुसीबत में अकेला नहीं छोड़ता***

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट और तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में भाजपा की जीत का जिक्र किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा की यह सफलता अब पूरे केरलम में फैलेगी। पीएम ने कहा कि केरलम में एलडीएफ और यूडीएफ के बारी-बारी शासन करने के पुराने तरीके को बदलना अब बहुत जरूरी है।


### खाड़ी देशों का जताया आभार

इसके साथ ही पीएम ने खाड़ी देशों का भी आभार जताया जो विषम परिस्थिति में फंसे लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि गल्फ के हमारे सभी मित्र देशों की सरकारें भी हमारे देश के नागरिकों का पूरा ध्यान रख रही हैं। मैं उन सभी सरकारों का आभारी हूं।

### आत्मनिर्भर भारत जरूरी

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की महत्ता भी समझाई। गल्फ में चल रहे युद्ध ने हमें आत्मनिर्भरता का महत्व फिर से समझाया है। एनर्जी हो या अन्य सेक्टर भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है ये हमने कोरोना के दौर में देखा है। यूक्रेन संकट के दौरान देखा है और वर्तमान संकट ने एक बार फिर से सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है।

### तन्खा ने वापस लिया मानहानि का केस



**जबलपुर।** एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा मानहानि का केस वापस लिए जाने के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ खजुराहो सांसद वीडी शर्मा व भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह को भी दोषमुक्त कर दिया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। तन्खा की ओर से अधिवक्ता सोम मिश्रा ने कोर्ट में दलील रखी।

### मंदिर समिति ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

# बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में गैर सनातनी के प्रवेश पर रोक

**चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि यह फैसला अगले महीने शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक संप्रदाय को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार देता है।

### दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल

# देश के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में 'पहली' गिरफ्तारी

**20,000 करोड़ का गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

सीबीआई ने 20,000 करोड़ के गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले में डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। सीबीआई के अनुसार आयुष वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में 38 मामलों पर हुई सुनवाई

**ससुर भी संबंध बनाने के लिए मुझ पर डालता था दबाव**

# मुझे नींद की गोली देकर पति सगी बहन से बनाता था संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- **पुलिस के पास गई लेकिन वहां मेरी रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई**

राष्ट्रीय महिला आयोग पूरे देश में जनसुनवाई कर रहा है। इसकी शुरूआत 9 मार्च से हुई है और 14 मार्च तक सुनवाई चलेगी। जिन राज्यों में राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष नहीं हैं, वहां राष्ट्रीय महिला आयोग के पदाधिकारी पहुंचकर महिलाओं की शिकायतें सुन रहे हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर बुधवार को भोपाल पहुंची और एमएलबी कॉलेज में बेंच लगाई गई। जनसुनवाई में रोशनपुरा से आई एक पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि मुझे नींद की दवा देकर पति सगी बहन से मेरे ही कमरे में संबंध बनाता है।



जनसुनवाई में अधिकारीगण शिकायतों को सुनते हुए

### महू में बड़े जुआ रैकेट का खुलासा

# आईएएस के फार्महाउस को चौकीदार ने कर दिया था जुआरियों के 'हवाले'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

**18 लोग पकड़े गए, 13 लाख नकद 30 मोबाइल फोन और दो कारें जब्त**



महू में एक आईएएस के फार्म हाउस पर छापा मारकर पुलिस ने 18 जुआरियों को पकड़ा है, जिनमें ज्यादातर संभ्रांत परिवारों के हैं। यह फार्म हाउस एक महिला आईएएस का है, जो इंदौर में भी पदस्थ रह चुकी हैं। फार्म हाउस के चौकीदार ने मुख्य जुआरी को फार्म हाउस पार्टी के लिए दिया था और वहां पर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने छापे के बाद जब महिला आईएएस अधिकारी को इसकी जानकारी दी तो वे भी चौंक गईं। महू के समीप अलवीपुरा में आईएएस वंदना वैद्य का फार्म हाउस है। उनके पति अंबरीश वैद्य भी सहकारिता विभाग के बड़े अधिकारी रहे हैं। वैद्य फिलहाल वित्त विकास निगम इंदौर की प्रबंध संचालक हैं। पुलिस ने छापा मारकर 18 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया जबकि पांच आरोपी मौके से भाग गए।

### भोपाल, इंदौर-उज्जैन में भी बढ़ी गर्मी, 15 मार्च से गिरेगा पारा

# रतलाम-नर्मदापुरम तपे, 40 डिग्री उछला दिन का तापमान

**राहत की बात... अब तक मार्च में लू का असर नहीं देखा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मार्च का दूसरा सप्ताह भी तप रहा है, जिससे गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। इस वजह से रतलाम 40 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहा। इसके साथ नर्मदापुरम 39.9 और धार 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इधर भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्मी बढ़ी है। मौसम विभाग ने 15 मार्च के बाद गर्मी के तेवर में कमी होने का अनुमान लगाया है। बुधवार को रतलाम में पारा सबसे ज्यादा 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सागर में 39.9 डिग्री, धार में 39 डिग्री, नर्मदापुरम में 39.9 डिग्री, खजुराहो (छतरपुर) में 38.2 डिग्री, गुना में 38.1 डिग्री और टीकमगढ़ में 38 डिग्री दर्ज किया गया।



भोपाल के करोंद क्षेत्र में तपिश से बचने के लिए महिला छाता लेकर जाते हुए

### हवा की रफ्तार ने बढ़ाई गर्मी

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि वर्तमान में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी कम है। साथ ही रेगिस्तानी इलाकों से प्रदेश में पहुंचती है। यह अपने साथ गर्मी ला रही हैं, जिसकी वजह से तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। गर्म हवाओं की वजह से दिन के समय में गर्मी अधिक महसूस हो रही है, जबकि रात में पारा सामान्य रहने से लोगों को राहत बनी हुई है।

### 15 के बाद बादल-बारिश से गिरेगा पारा

मौसम विभाग ने 15 मार्च के बाद मौसम में बदलाव होने का अनुमान लगाया है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पूर्वी-दक्षिणी हिस्से में हल्की बूंदाबांदी और बादल छाए रह सकते हैं। राहत की बात यह है कि अब तक मार्च में लू का असर नहीं देखा गया है, जबकि अप्रैल-मई में लू चलने की संभावना बनी हुई है। 15 से 20 दिन तक लू चल सकती है।

### युद्ध के 12वें दिन ईरान की आईआरजीसी की अमेरिका और इजराइल को कड़ी चेतावनी

# अगला लक्ष्य टेक कंपनियां: बैंक और इंफ्रास्ट्रक्चर, लोगों को 1 किमी दूर रहने की सलाह

## गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पलेंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल

अमेरिका - ईरान जंग: विश्व युद्ध की आहट

एजेंसी ▶▶ तेहरान

मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने अब इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक लक्ष्यों को निशाना बनाना शुरू किया है। ईरानी मीडिया ने रिपोर्ट किया है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट समेत कई अमेरिकी टेक कंपनियों के ऑफिस और इंफ्रास्ट्रक्चर ईरान के नए हमले की सूची में शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने इन कंपनियों की सूची जारी की है, जिन्हें ईरान के नए लक्ष्य बताया गया है। इस सूची में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पलेंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। इनके ऑफिस इजराइल के कई शहरों और कुछ खाड़ी देशों में स्थित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कंपनियों की तकनीक का इस्तेमाल इजराइल के सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। तस्नीम ने लिखा कि क्षेत्रीय युद्ध के दायरे में इंफ्रास्ट्रक्चर युद्ध शामिल होने के साथ ईरान के वैध लक्ष्यों का दायरा भी बढ़ रहा है। ईरान ने अमेरिका और इजराइल से जुड़े आर्थिक केंद्रों और बैंकों को भी निशाना बनाने की चेतावनी दी है। खातम अल-अंबिया मुख्यालय (जिसे संयुक्त राष्ट्र आईआरजीसी से जुड़ा बताता है) के प्रवक्ता ने कहा कि दुश्मन ने हमें अमेरिका और जायोनी शासन से जुड़े आर्थिक केंद्रों और बैंकों को निशाना बनाने की खुली छूट दे दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र के लोगों को ऐसे बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे में नहीं रहना चाहिए। टेक कंपनियों के मिडिल ईस्ट में ऑफिस, जैसे गूगल का दुबई में मुख्यालय और माइक्रोसॉफ्ट का यूएई में प्रमुख कार्यालय, अब खतरे में हैं।



इजराइल का लेबनान की राजधानी बेरुत पर मिसाइल से हमला, इमारतें और वहां खड़ी कारें क्षतिग्रस्त




### हम पर हमले हो रहे, मध्यस्थ नहीं बन सकते: कतर



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कतर के विदेश मामलों के राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज अल-खुलैफी ने साफ कहा है कि मौजूदा हालात में वह ईरान और पश्चिमी देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकता। उन्होंने कहा हम पर हमले हो रहे हों तो हम मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकते। ईरान को यह

### ईरान युद्ध में 140 अमेरिकी सैनिक घायल, स्थिति गंभीर नहीं



अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने मंगलवार को बड़ा खुलासा किया। विभाग के अनुसार इस युद्ध में अब तक करीब 140 अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं। पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने बताया कि घायल हुए अधिकांश सैनिकों की स्थिति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सैनिक इलाज के बाद फिर से अपनी ड्यूटी पर लौट चुके हैं।

### ईरान की 16 माइन बिछाने वाली नौकाएं नष्ट कीं

अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की 16 ऐसी नौकाओं को नष्ट कर दिया गया है, जिनका इस्तेमाल समुद्र में बारूदी सुरंगें (माइन) बिछाने के लिए किया जा सकता था। यह कार्रवाई रणनीतिक रूप से बेहद अहम हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की गई। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वह होर्मुज स्ट्रेट में समुद्र के अंदर माइन (बारूदी सुरंग) न लगाए। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी ऐसी कोई पक्की रिपोर्ट नहीं है लेकिन ऐसा है तो उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए। अगर ईरान माइन हटा देता है, तो यह सही दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम होगा।

## दुबई एयरपोर्ट के पास दो ड्रोन गिराए, एक भारतीय समेत 4 लोग घायल

दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए गए हैं। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल 4 लोग घायल हो गए। सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दुबई प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस घटना के बावजूद एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।



हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य रूप से जारी है



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### सरकार पीड़ित परिवारों की मदद कर रही, स्थिति पर नजर: विदेश मंत्रालय

वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद कर रही है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने भारतीयों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक खास कंट्रोल रूम भी बनाया है। यह कंट्रोल रूम लगातार काम कर रहा है। यहां भारतीयों की सुरक्षा को लेकर कई फोन आ रहे हैं और अधिकारी लोगों को जरूरी सलाह दे रहे हैं। खाड़ी देशों में भी कुछ भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। दुबई में घायल हुए एक भारतीय नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय दूतावास इन सभी लोगों के साथ लगातार संपर्क में है।

### हमलावारों को पहचानें: इटली

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने ईरान के मीनाब शहर में प्राथमिक स्कूल पर हुए मिसाइल हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में कम से कम 170 लोगों की मौत हुई, जिनमें ज्यादातर 7 से 12 साल की छात्राएं थीं। इटली की सीनेट में बोलते हुए मेलोनी ने कहा कि वह मीनाब के स्कूल में लड़कियों के नरसंहार की कड़ी निंदा करती हैं। इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान जल्द से जल्द की जानी चाहिए और उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।



जॉर्जिया मेलोनी



बद्र अब्देलात्ती

### तनाव कम करें: मिस्त्र

मिस्त्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलात्ती ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत कर क्षेत्र में तनाव कम कराने में मदद की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में स्थिरता के लिए संवाद जरूरी है।


### यूएन प्रमुख ने जताई गहरी चिंता

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध पर चिंता जताई। उन्होंने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करने और नागरिक ठिकानों पर हमले से बचने की अपील की।

### इजराइल का दावा- ईरान ने क्लस्टर बमों से किया हमला

इजराइल ने सनसनीखेज दावा किया है कि ईरान इस युद्ध में बेहद खतरनाक क्लस्टर म्यूनिशन यानी क्लस्टर बमों का इस्तेमाल कर रहा है। इन हथियारों के कारण इजराइल की पहले से ही दबाव में चल रही एयर डिफेंस प्रणाली के सामने अतिरिक्त चुनौती पैदा हो गई है और आम नागरिकों के लिए खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने हमले का वीडियो जारी किया है। वीडियो में दिख रहा है कि क्लस्टर बम इजराइल के आसमान में फटता है और इसके अंदर से कई छोटे बम अलग-अलग जगह गिरते हैं। आईआरआईबी ने बताया कि ईरान ने यह हमला अमेरिका और इजराइल के आक्रमणों के जवाब में किया। इस हमले में दक्षिणी तेल अवीव के हेइला उपग्रह संचार केंद्र, बेयर याकोव, पश्चिमी यरूशलम और हाइफा में मौजूद सैन्य केंद्रों को निशाना बनाया गया।





### ईरान ने इराक, बहरीन और इजराइल को बनाया निशाना

ईरानी सेना ने भारी और मल्टी-वॉरहेड मिसाइलों की नई खेप दागने का वीडियो जारी किया है। इन मिसाइलों को इराक, बहरीन और इजराइल की दिशा में छोड़ा गया बताया गया है। ईरान का कहना है कि यह हमला अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई के जवाब में किया गया है। वीडियो में कई मिसाइलों को एक साथ लॉन्च होते देखा जा सकता है। ईरानी सेना के मुताबिक इन मिसाइलों में मल्टी-वॉरहेड तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे एक ही मिसाइल से कई लक्ष्य साधे जा सकते हैं। इस हमले के बाद पूरे पश्चिम एशिया में सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया गया है और कई देशों की वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। बहरीन की सेना ने कहा है कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 106 मिसाइल और 176 ड्रोन को मार गिराया गया है। सेना के मुताबिक ये हमले नागरिक ठिकानों और निजी संपत्ति को निशाना बना रहे थे, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

### युद्ध बजट खर्च नहीं, निवेश है: इजराइल

इजराइल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने कहा है कि ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए बनाया जा रहा विशेष बजट कोई खर्च नहीं बल्कि भविष्य की सुरक्षा में निवेश है।



पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ जारी वीडियो संदेश में उन्होंने बताया कि सरकार का मंत्रिमंडल जल्द ही इस विशेष युद्ध बजट को मंजूरी देने के लिए बैठक करेगा। स्मोट्रिच ने कहा कि देश की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए जरूरी आर्थिक संसाधन जुटाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध के हालात में मजबूत अर्थव्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उनके मुताबिक यह बजट इजराइल की रक्षा क्षमता को और मजबूत करेगा।

---

### खबर संक्षेप

#### थाईलैंड में टला हादसा विमान की हार्ड लैंडिंग

**फुकेट।** थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग कराई गई।



एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान एएक्सबी938 ने हैदराबाद से उड़ान भरी थी। विमान निर्धारित समय से पहले फुकेट हवाई अड्डे पर पहुंचा और लैंडिंग के समय खराबी आ गई। विमान के लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा है। विमान में चालक दल के 7 सदस्य, 131 यात्री और दो शिशु सवार थे।

#### स्विट्जरलैंड में बस में लगी आग, 6 की मौत

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न के पास क्षेत्रीय बस में आग लगने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा मंगलवार शाम बर्न से लगभग 25 किलोमीटर पश्चिम स्थित केरजर्स कस्बे में हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी बस उसकी चपेट में आ गई।

#### लाल किला विस्फोट में आरोपियों की हिरासत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला के निकट विस्फोट की साजिश में कथित तौर पर शामिल दो आतंकियों की हिरासत में पूछताछ की अवधि बुधवार को पांच दिनों के लिए बढ़ा दी।



विशेष न्यायाधीश पीतांबर दत्त ने बंद कमरे में सुनवाई के बाद जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट की सुनवाई की।

## पीएम मोदी की 'एनर्जी डिप्लोमेसी' के सामने अमेरिका ने घुटने टेके

# राजदूत गोर बोले- पूरी दुनिया में तेल की कीमतें स्थिर रखने में भारत की 'महत्वपूर्ण' भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की 'एनर्जी डिप्लोमेसी' के आगे अमेरिका ने घुटने टेक दिए हैं। अभी कुछ हफ्ते पहले तक भारत का रूस से तेल खरीदना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बहुत ही ज्यादा खटकता था। अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ भी इसी बहाने से लगाया था। लेकिन, ईरान से युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका का रंग-ढंग ही बदल गया है।

अब अमेरिका ने औपचारिक तौर पर भारत के रूस से तेल खरीदने का समर्थन किया है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अब सार्वजनिक तौर पर कहा है कि अमेरिका न सिर्फ तेल की वैश्विक कीमतों को स्थिर बनाए रखने में भारत की भूमिका को मानता है, बल्कि इसका समर्थन भी करता है। बता दें, ईरान युद्ध के बीच में अमेरिका ने हाल ही भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की छूट दी है।



पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप फाइल फोटो

### बाजार की स्थिरता के लिए सहयोग

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ईरान युद्ध के बीच बहुत बड़ा कूटनीतिक संदेश देते हुए एक्स पर



अपने पोस्ट में कि पूरी दुनिया में तेल की कीमतें स्थिर बनाए रखने में भारत एक ग्रेट पार्टनर है। अमेरिका मानता है कि रूस से लगातार तेल खरीदना इसी प्रयास का हिस्सा है। भारत तेल के सबसे बड़े कंज्यूमरों और रिफाइनरों में से एक है और अमेरिका और भारत के लिए यह आवश्यक है कि अमेरिकियों और भारतीयों के लिए बाजार को स्थिर बनाए रखने के लिए हाथ से हाथ मिलाकर काम करें।

### भारत हमारा अच्छा साथी, वहां के लोग अच्छे : लेविट

बुधवार को व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका ने भारत को पहले से समुद्र में मौजूद रूसी तेल खरीदने की अनुमति इसलिए दी, क्योंकि भारत के लोग अच्छें हैं। दूसरी बात यह है कि भारत अमेरिका का अच्छा साथी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही अमेरिका की शर्तों का पालन किया और रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया। इसी वजह से अमेरिका ने भारत को यह विशेष छूट दी। लेविट के अनुसार, इस निर्णय का मकसद दुनिया में तेल की अस्थायी कमी को पूरा करना है, जो ईरान के कारण पैदा हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत को यह तेल खरीदने की इजाजत इसलिए दी गई क्योंकि यह तेल पहले से समुद्र में था और इससे रूस को कोई खास वित्तीय फायदा नहीं होगा।



### ईरान ने अमेरिका की ऊर्जा प्रभुत्व नीति की कड़ी निंदा की

ईरान ने अमेरिका की ऊर्जा प्रभुत्व रणनीति की तीखी आलोचना की है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि हाल ही में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के पीछे वास्तविक आर्थिक मकसद साफ हो गया है।



बघाई ने व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लिविट के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका और इजराइल की हालिया आक्रामकता का मुख्य उद्देश्य ईरान के तेल संसाधनों पर कब्जा करना है। उन्होंने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने ईरान के ऊर्जा संसाधनों को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रभुत्व की अंतिम कड़ी के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि ईरान का विरोध केवल अपनी सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक समुदाय और ग्लोबल साउथ के हितों की रक्षा के लिए भी है।

### गुजरात के कांडला बंदरगाह आ रहा था

## होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई जहाज 'मायुरी नारी' पर हमला, 3 लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिकी और इजराइली हमला अब 12वें दिन में प्रवेश कर चुका है। बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक थाई रजिस्टर्ड मालवाहक जहाज 'मायुरी नारी' पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज में भीषण आग लग गई। यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा बंदरगाह से निकलकर भारत के गुजरात स्थित कांडला बंदरगाह की ओर जा रहा था। हमले के बाद जहाज पर काला धुआं उठता दिखा और चालक दल को जीवन राफ्ट के जरिए जहाज छोड़ना पड़ा। रॉयल थाई नेवी ने बताया कि जहाज थाई कंपनी प्रेशियस शिपिंग का है, जो 178 मीटर लंबा बल्क कैरियर और लगभग 30,000 टन का है।

जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। ओमानी नौसेना ने बचाव अभियान चलाया, जिसमें अब तक 20 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया है। तीन नाविक अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है।



### समुद्री जहाज सतर्कता बरतें: ब्रिटेन

यूके समुद्री संगठन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूएई के रास अल खैमा से उत्तर-पश्चिम में 25 समुद्री मील दूर यह हमला हुआ। जहाज पर आग लगने के बाद चालक दल ने जहाज छोड़ दिया। उसके अनुसार, एक कंटेनर जहाज के मास्टर ने बताया कि जहाज को किसी अज्ञात प्रक्षेप्य से नुकसान पहुंचा है। नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हुआ है और इसे जहाज के चालक दल द्वारा जांचा जा रहा है। जहाज पर सभी चालक दल सुरक्षित हैं और उनकी संख्या पूरी है। यूकेएमटीओ ने कहा कि समुद्री जहाजों को सतर्कता बरतते हुए यात्रा करने की सलाह दी जाती है।

### मेडागास्कर के साथ खड़ा हुआ भारत

## तूफान से प्रभावितों को भेजी मेडिकल और राहत सामग्री, दवाएं भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बुधवार को मेडागास्कर को 12 टन मेडिकल मदद और 18 टन आपदा राहत का सामान भेजा। यह जानकारी इस साल की शुरुआत में ट्रॉपिकल साइक्लोन फिटिया और गेज़ानी से हुई भारी तबाही के बाद दी गई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत मुश्किल समय में मेडागास्कर के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि भारत मेडागास्कर के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। इस साल की शुरुआत में ट्रॉपिकल साइक्लोन फिटिया और गेजानी से हुई भारी तबाही के बाद, भारत ने चल रहे राहत कामों में मदद के लिए मानवीय मदद भेजी। राहत का सामान ले जा रहा भारतीय वायुसेना का सी-17 एयरक्राफ़्ट मानवीय मदद के साथ एंटानानारिवो में उतरा। इस आपूर्ति में 12 टन मेडिकल मदद और 18 टन आपदा राहत का सामान शामिल है, जिसका मकसद तूफान से बुरी तरह प्रभावित समुदायों की मदद करना है।



### भारतीय विमानन नियमों और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन जरूरी

# डीजीसीए की अनुमति बिना विदेशी एयरलाइंस की लैंडिंग नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के नागरिक उड्डयन नियामक निदेशालय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालन करने वाली विदेशी एयरलाइंस के लिए नए और सख्त नियम लागू किए हैं। नए निर्देश के मुताबिक अब कोई भी विदेशी एयरलाइन डीजीसीए की औपचारिक अनुमति के बिना भारत में लैंडिंग नहीं कर सकेगी। उसे पहले डीजीसीए से औपचारिक मंजूरी लेनी होगी। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि एयरलाइंस के संचालन पर बेहतर नियंत्रण रखा जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस भारतीय विमानन नियमों और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। इस नियम से एयरलाइंस और भारतीय विमानन प्राधिकरणों के बीच बेहतर समन्वय भी सुनिश्चित होगा।



एयरपोर्ट पर उतरता हवाई जहाज

### कई सख्त कदम उठाए

इस मुद्दे पर नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में भी जानकारी दी। उन्होंने दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ियों से जुड़े सवालों के जवाब में कहा कि सरकार ने एयरलाइंस की जवाबदेही बढ़ाने और संचालन से जुड़ी समस्याओं को रोकने के लिए कई सख्त कदम उठाए हैं। मंत्री ने बताया कि डीजीसीए ने नियमित निगरानी प्रणाली और वरिष्ठ विमानन अधिकारियों द्वारा सीधे निरीक्षण की व्यवस्था लागू की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी एयरलाइंस नियमों का सही तरीके से पालन करें।

**एयरलाइन संचालन की निगरानी भी बढ़ी**

डीजीसीए ने एयरलाइंस के संचालन की निगरानी भी बढ़ा दी है। अधिकारियों के मुताबिक अब एयरलाइन गतिविधियों की साप्ताहिक और पाक्षिक आधार पर समीक्षा की जा रही है। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी संभावित समस्या को पहले ही पहचान लिया जाए और उसे समय रहते ठीक किया जा सके, ताकि यात्रियों को होने वाली परेशानियों को कम किया जा सके।

### यात्रियों की सुरक्षा पर रहेगा ध्यान

सरकार का कहना है कि इन नए नियमों का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा, उड़ानों की समयबद्धता और विमानन सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर इन नियमों को सख्ती से लागू किया जाता है तो इससे भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और पारदर्शिता दोनों मजबूत होंगी। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एविएशन मार्केट्स में से एक है, ऐसे में सरकार और नियामक एजेंसियां इस सेक्टर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही हैं।

## चिंतन

# इच्छा मृत्यु पर कानून बनाए जाने की जरूरत

भारत में इच्छामृत्यु का सवाल लंबे समय से कानूनी, नैतिक और मानवीय बहस का विषय रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षों से कोमा में पड़े युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी इच्छामृत्यु की अनुमति देकर एक महत्वपूर्ण और मानवीय फैसला दिया है। यह निर्णय केवल एक व्यक्ति की पीड़ा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक प्रश्न को भी सामने लाता है कि असाध्य बीमारी और असहनीय पीड़ा झेल रहे व्यक्ति को क्या सम्मानपूर्वक मृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक बार फिर यह जरूरत रेखांकित कर दी है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाया जाए, ताकि ऐसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक और चिकित्सीय प्रक्रिया स्पष्ट हो सके। हरीश राणा की कहानी बेहद मार्मिक है। दिल्ली में जन्मे हरीश चंडीगढ़ स्थित पंजाब में बीटेक के छात्र थे। वर्ष 2013 में हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे कोमा में चले गए। डॉक्टरों ने उन्हें क्वाड्रिप्लेजिया से पीड़ित बताया, जिसमें मरीज के चारों अंग काम करना बंद कर देते हैं और वह पूरी तरह लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हो जाता है। पिछले 13 वर्षों से वे वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवन जी रहे हैं। लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहने से उनके शरीर पर गंभीर घाव बन गए हैं और उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार के लिए यह स्थिति मानसिक पीड़ा के साथ-साथ भारी आर्थिक बोझ का कारण भी बन चुकी है। इस मामले में शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए, ताकि मरीज की गरिमा बनी रहे। देश में इच्छामृत्यु को लेकर न्यायिक आधार पहले से मौजूद है। वर्ष 2011 में मुंबई की नर्स अरुणा रामचंद्र शानबाग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को सीमित रूप में मान्यता दी थी। इसके बाद 2018 में एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए पैसिव यूथेनेशिया को वैध ठहराया और 'लिविंग विल' को भी मान्यता दी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, इसलिए आवश्यक है कि संसद इस विषय पर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाए। दुनिया के कई देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अलग-अलग व्यवस्था है। दूसरी ओर कई बड़े देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अभी भी कड़े प्रतिबंध हैं। अमेरिका में संघीय स्तर पर एक्टिव यूथेनेशिया अवैध है, हालांकि कुछ राज्यों में डॉक्टर की सहायता से मृत्यु की सीमित अनुमति है। चीन और रूस जैसे देशों में इच्छामृत्यु पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसे कानूनन अपराध माना जाता है। इसी तरह पाकिस्तान में भी धार्मिक और कानूनी आधारों पर इच्छामृत्यु को पूरी तरह गैरकानूनी माना गया है। इन अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों से स्पष्ट है कि दुनिया के अलग-अलग देशों ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी ढांचे के अनुसार इस विषय पर अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। भारत में भी कानून बनाते समय मानवीय संवेदना और कानूनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक बोझ, पारिवारिक दबाव या संपत्ति विवाद के कारण किसी मरीज को जबरन इच्छामृत्यु की ओर न धकेला जाए।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# जितनी लंबी जंग, उतने व्यापक दुष्परिणाम

मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं।

जाहिर है, जंग एकतरफा नहीं हो सकती। इसलिए मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। 28 फरवरी को पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत 40 प्रमुख लोगों को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं। जाहिर है, राजनीति की तरह कूटनीति में भी माहौल बनाने के लिए बहुत कुछ कह दिया जाता है, जिसका सच से कोई वास्ता नहीं होता। इजराइल के खुफिया सूचना तंत्र की बदौलत खामेनेई समेत शीर्ष नेतृत्व के चालीस सदस्यों को पहले ही दिन मार गिराये जाने के बाद अमेरिका को लगा होगा कि ईरान में कठपुतली सरकार बनवाना बस एक-दो दिन का काम है, लेकिन 11 दिन से जारी जंग और विश्व पर उसके व्यापक असर से साफ हो गया कि वह आकलन गलत था। आर्थिक और सैन्य महाशक्ति अमेरिका से जीत की गलतफहमी ईरान को नहीं होगी, लेकिन उसकी संप्रभुता एवं अस्तित्व रक्षा की जंग लंबी चल सकती है।

कम आबादी के बावजूद इजराइल की उन्नत रक्षा तकनीक और सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं है, लेकिन दोनों मिल कर भी ईरान पर काबू तो दूर, उसके जवाबी हमलों से बच तक नहीं पा रहे। 18-20 लाख रुपये लागत वाले ईरानी ड्रोन को मार गिराने के लिए अमेरिका को 35-37 करोड़ रुपये की मिसाइल चलानी पड़ रही है। अमेरिका का औसत युद्ध खर्च आठ हजार करोड़ रुपये प्रतिदिन आ रहा है। युद्ध के अन्य असर अलग हैं। जंग जितनी लंबी चलेगी, आर्थिक रूप से भी अमेरिका को भारी पड़ेगी। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि जंग चार-पांच सप्ताह चल सकती है तो कभी जल्द समाप्त होने की भविष्यवाणी कर कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग बुझाने की कोशिश करते हैं। उधर, ईरान छह महीने की तैयारी की बात कह रहा है। हालांकि ऐसी जंग के बीच मृतकों की सही संख्या बता पाना मुश्किल होता है। फिर भी मान लें कि ईरानी बहुत ज्यादा संख्या में मारे जा रहे हैं, तो यह नहीं भूलना चाहिए कि अपने सैनिकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। जंग जारी रही और जमीन पर भी उतरी तो ताबूत में स्वदेश लौटने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ेगी ही। इजराइल की जंग में अवांछित अग्रणी भूमिका के विरोध में जारी प्रदर्शन, अपने सैनिकों की मौत से न सिर्फ और भड़केंगे, बल्कि ट्रंप को उसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। व्यापारी मूलतः धैर्यवान माने जाते हैं, पर ट्रंप का उतावलापन किसी से छिपा नहीं है। ज्यादा पुरानी घटना नहीं है, जब ट्रंप ने फोर्स वन भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया और खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति भी सोशल मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया। खामेनेई के खात्मे के बाद




उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उन्हें मिलना चाहिए। किसी दूसरे देश का नेतृत्व खुद चुनने की सोच तानाशाही का मुंह बोलता प्रमाण ही है, लेकिन विश्व समुदाय मौन रहा। फिर भी जो हुआ, वह सबके सामने है। ट्रंप की धमकियों के बावजूद ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना और मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले भी बदस्तूर जारी हैं। बेशक इससे मध्य पूर्व के ये इस्लामी देश ईरान के विरुद्ध हो जाएंगे, लेकिन वे तो पहले से ही अमेरिका का सैन्य अड्डा बने हुए हैं। वैसे खेद जताते हुए भी ईरान ने स्पष्ट कर दिया कि अगर वे उस पर हमलों के लिए लांचिंग पैड बनेंगे तो जवाबी हमले जारी रह सकते हैं। जाहिर है, इन देशों में अमेरिका ने सैन्य ठिकाने बनाये ही लांचिंग पैड की तरह इस्तेमाल के लिए हैं। अब इन देशों की सुरक्षा का दबाव अमेरिका पर अवश्य बढ़ रहा है। चीन और रूस द्वारा ईरान की मदद के अमेरिकी दावों का सच पता कर पाना आसान नहीं, लेकिन अगर अप्रत्यक्ष रूप से भी ऐसा हुआ तो जंग लंबी खिंचना तय है। ईरान ने जिस तरह चीन और रूस के अलावा शेष विश्व के लिए होर्मुज जल डमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया है, उसके दो संदेश साफ हैं: एक, चीन और रूस के प्रति उसका मित्रताभाव। जाहिर है, ऐसी रियायत न मिलना भारत की कूटनीति पर सवाल भी खड़े करता है। दूसरा, इससे अन्य देशों की ऊर्जा चुनौतियां बढ़ेंगी, जो अमेरिका पर जंग समाप्ति का दबाव बना सकते हैं। 11 दिन की जंग में ही कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत तथा आसमान छूती कीमतें भविष्य के गंभीर संकट का संकेत ही हैं। विश्व भर की ऊर्जा जरूरतों की लगभग एक-चौथाई आपूर्ति होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग से ही होती है, जिस पर ईरान का नियंत्रण है। खुद कभी भी और किसी भी देश पर हमला करना अपना अधिकार समझने वाले ट्रंप अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर किसी का अधिकार न होने का तर्क देते हुए ईरान को और भी 20 गुना ज्यादा ताकत से हमले की धमकियां तो दे रहे हैं, पर उनका असर होने की उम्मीद नहीं दिखती। इराक और अफगानिस्तान समेत कई देशों में अमेरिकी सैन्य आक्रमण में भागीदार बनने वाले नाटो सदस्य देश इस बार ईरान पर हमले में साथ नहीं हैं। कुछ देशों ने तो अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल तक नहीं करने दिया। इसे विश्व व्यवस्था में अमेरिका के अलग-थलग पड़ने का संकेत भी माना जा रहा है। बेशक अहमन्यता और साम्राज्यवाद अमेरिकी चरित्र का हिस्सा रहा है, लेकिन ट्रंप जिस तरह दुनिया को खुलेआम धमका रहे हैं, उसे वैश्विक व्यवस्था के लिए ही खतरे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इसलिए यह युद्ध चाहे-अनचाहे नई वैश्विक व्यवस्था की भूमिका भी लिखने जा रहा है। शायद यही कारण है कि भारत समेत कुछ देश जल्दबाजी में अपने पत्ते नहीं खोलना चाहते। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र तथा आर्थिक एवं सैन्य महाशक्ति अमेरिका की हैसियत डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल के बाद भी बरकरार रह पाएगी- इस पर अब संदेह और सवाल गहराने लगे हैं। गौरतलब है कि यूएस-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर केवल इन देशों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि दुनिया के कई देश इसके दायरे में आ चुके हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव से गैस आपूर्ति का खतरा मंडरा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी इसका असर दिखाई दे सकता है। आने वाले समय में ये संकट और बड़ा हो सकता है। स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के बंद होने से जहाज फंसे हैं, जिसके कारण शिपिंग और फर्टिलाइजर के दाम बढ़ने की आशंका है। हालांकि इन चुनौतीपूर्ण हालात से निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अभियान

बलकार सिंह पूनियां



# महिला नेतृत्व से सुदृढ़ होता जमीनी लोकतंत्र

भारत का लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी वास्तविक शक्ति गांवों और स्थानीय समुदायों में स्थित पंचायती राज संस्थाओं में निहित है। जब स्थानीय स्तर पर शासन व्यवस्था मजबूत होती है, तब लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होती हैं और विकास अधिक समावेशी बनता है। इसी दृष्टि से पंचायती राज मंत्रालय ने नई दिल्ली में पंचायतों की चुनी हुई महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है। 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन का केंद्रीय संदेश है-"सशक्त महिला, सशक्त पंचायत।" इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को अधिक समावेशी बनाना तथा ग्रामीण शासन में महिला नेताओं की भूमिका को सामने लाना है। यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक वर्ष की उस प्रेरणादायी यात्रा का उत्सव है, जिसकी शुरुआत 4 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ग्राम पंचायतों में, विशेष रूप से महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए क्षमता निर्माण और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। देश में पंचायती राज संस्थाओं में 14 लाख से अधिक महिला निर्वाचित प्रतिनिधि कार्य कर रही हैं। कई राज्यों ने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है, जिससे महिला नेतृत्व का विस्तार और अधिक हुआ है। उल्लेखनीय बात यह भी है कि बिहार सहित कई राज्यों में महिलाएं आरक्षित सीटों के अतिरिक्त अनारक्षित सीटों पर भी निर्वाचित होकर सामने आ रही हैं, जो ग्रामीण राजनीति में बढ़ते आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। पिछले एक वर्ष में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वर्ष 2025-26 में कुल 6,81,758 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त "चैंपियनिंग ऑफ चेंजः स्थानीय शासन में महिला नेत्रियों का सशक्तिकरण" नामक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से 1,21,512 महिला प्रतिनिधियों और मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, निर्णय-निर्माण और स्थानीय शासन के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना था। इसी क्रम में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कुल 744 मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों का चयन किया है। प्रत्येक जिले में एक ग्राम पंचायत को इस रूप में चिन्हित किया गया है ताकि वे महिला-केंद्रित शासन की मिसाल बन सकें। इन मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 310 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो सरपंचों, पंचायत सचिवों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। हालांकि पंचायतों में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, फिर भी कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई स्थानों पर महिला प्रतिनिधियों को अपने अधिकारों और दायित्वों के निर्वहन में सामाजिक और संस्थागत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की समस्या भी कई राज्यों में देखी जाती है, जहां निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेते हैं।

इसी समस्या को ध्यान मं रखते हुए पंचायती राज मंत्रालय ने "से नो टू प्रोक्सी सरपंच" नामक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है, जो 8 से 18 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। यह सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सहकर्मी-अधिगम और श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही उत्कृष्ट महिला पंचायत नेत्रियों को 'बीकन महिला नेत्री' के रूप में सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनके कार्यों से अन्य प्रतिनिधियों को प्रेरणा मिल सके। अंततः यह कहा जा सकता है कि 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' भारत के जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तो शासन अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और समावेशी बनता है। पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों को वास्तविक अधिकार और अवसर प्रदान करना केवल लैंगिक समानता का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विकास की अनिवार्य शर्त है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो महिला नेतृत्व के माध्यम से सशक्त पंचायत और सशक्त ग्रामीण भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

(लेखक सहायक प्रोफेसर इग्नू नई दिल्ली हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सच बोलना सबसे बड़ी तपस्या



संकलित
**दर्शन**

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं। राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

# समर्पण ही सच्ची भक्ति



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार परमहंसदेव अपने शिष्यों को कुछ उपदेश दे रहे थे। वह शिष्यों को अवसर की महत्ता बता रहे थे । वह बोल रहे थे कि मनुष्य अक्सर अपने जीवन में आये सुअवसरों को ज्ञान और साहस की कमी के कारण खो देता है। अज्ञान के कारण मनुष्य या तो अवसर को समझ ही नहीं पाता और कोई समझ भी जाये तो उसका लाभ उठाने के अनुरूप उसमें साहस नहीं होता। जब उन्होंने देखा कि बात शिष्यों को समझ नहीं आ रही है तो उन्होंने सामने ही बैठे नरेंद्र से कहा– नरेंद्र ! मान ले अगर तू एक मक्खी है और तेरे सामने अमृत का एक कटोरा भरा पड़ा है। अब बता तू उसमें कूद पड़ेगा या किनारे बैठकर उसे छूने की कोशिश करेंगा? नरेंद्र बोला- किनारे बैठकर छूने की कोशिश करूंगा। बीच में कूद पड़ा तो प्राण संकट में आ सकते है । इसलिए बुद्धिमानी इसी में है कि किनारे बैठकर खाने की कोशिश की जाये। पास में बैठे दुसरे शिष्यों ने विवेकानंद के तर्क की खूब सराहना की । किन्तु परमहंसजी हँसे और बोले- मुर्ख! जिस अमृत को पीकर तू अमर होने की कल्पना करता है, उसमें भी डूबने से डरता है। जब अमृत में डूबने का सुअवसर मिल रहा है तो फिर मृत्यु का भय क्यों? तब शिष्यों को बात समझ में आई। चाहे आध्यात्मिक उन्नति हो या भौतिक, जब तक पूर्ण समर्पण नहीं होता, सफलता संदिग्ध है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-विजया राजपूत, भिलाई

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वधर्म, स्वराज एवं राष्ट्ररक्षा हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान मराठा छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रधर्म की वेदी पर उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में वीरता, त्याग एवं स्वाभिमान का स्वर्णिम अध्याय है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र


### सिविक सेंस



कुछ लोग जब सदन के अंदर आते हैं तो सिविक सेंस, कॉन्स्टिट्यूशनल सेंस और कॉमन सेंस बाहर ही छोड़ कर आते हैं। राहुल गांधी को लगता है कि नियम उनके लिए नहीं है, नियम उनसे है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

### रसोई गैस संकट



देश में रसोई गैस आपूर्ति पर गहराता संकट बेहद चिंताजनक है। मोदी सरकार इस संभावित राष्ट्रीय संकट को लेकर भी हमेशा की तरह लापरवाह और असंवेदनशील बनी हुई है। समय रहते स्थिति का आकलन ना कर पाना केंद्र सरकार का स्पष्ट 'कलेक्टिव फेलियर' है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### कच्चे माल की सुरक्षा




भारत को ऐसे युद्ध के प्रतिकूल परिणामों का सामना करते देखना दुखद है, जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है, खासकर कच्चे माल की सुरक्षा के संदर्भ में। हमें अपने तेल, तांबे, सोने या किसी अन्य धातु संसाधन का आयात नहीं करना पड़ता।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर बुधवार को उस समय अटकलें तेज हो गईं जब ईरान के राष्ट्रपति के बेटे ने उनके 'घायल होने' संबंधी समाचार सुनने की बात कही। मोजतबा (56) इजराइल और अमेरिका के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे हैं। ईरान में मोजतबा लंबे समय से एक रहस्यमय शख्सियत रहे हैं। उनके पिता एवं पत्नी की 28 फरवरी को इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई थी और उसी हमले के बाद युद्ध शुरू हुआ। इसके बाद से मोजतबा सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं और सोमवार को सर्वोच्च नेता बनने के बाद से उन्होंने कोई बयान भी नहीं दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बेटे यूसुफ पेजेश्कियन ने टेलीग्राम ऐप पर रात में एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा , मैंने मोजतबा के घायल होने की खबरें सुनीं। मैंने उनके संपर्क में रहे मित्रों से इसके बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि 'अल्लाह का शुक्र है, वह स्वस्थ हैं और कोई समस्या नहीं है।

## ऑफ बीट

# 'भारत टैक्सी' का जल्द ही सभी बड़े शहरों में विस्तार



सरकार ने बुधवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र की परिवहन सेवा 'भारत टैक्सी' का अगले दो से तीन वर्षों में देश के सभी बड़े शहरों और तालुका तक विस्तार किया जाएगा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सहकारी समितियों द्वारा रोजगार सृजन से जुड़े पूरक सवालों के जवाब में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि 'भारत टैक्सी' की शुरुआत ड्राइवरों को सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, इसकी बुकिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। इसमें सुरक्षा की पूरी गारंटी और पूर्ण पारदर्शिता है। इसे दिल्ली पुलिस के साथ भी संबद्ध किया गया है। मंत्री ने बताया कि 'भारत टैक्सी' फिलहाल दिल्ली-एनसीआर के अलावा गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा, अगले दो या तीन वर्षों में इस सेवा को सभी बड़े शहरों और तालुका तक पहुंचाया जाएगा। अब तक इसके साथ चार लाख ड्राइवर पंजीकृत हो चुके हैं। पिछले महीने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'भारत टैक्सी' सेवा की शुरुआत की थी, जो सहकारी आधार पर संचालित देश का पहला 'राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म' है।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## याचिका में की गई है इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग

# हाईकोर्ट में शिशु का भ्रूण लेकर पहुंचे दयाशंकर की याचिका पर फैसला सुरक्षित

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने शिशु का भ्रूण लेकर कोर्ट रुम में दाखिल हुए रीवा निवासी दयाशंकर की याचिका पर सुनवाई पूरी होने के साथ ही अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। बुधवार को जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई के दौरान पुलिस ने दयाशंकर को पेश किया। उसने अपना पक्ष स्वयं रखा। उसने जान को खतरे की आशंका बताई। उसने 200 करोड़ रुपये का घपला उजागर किए जाने के बाद से अपने ऊपर हो रहे हमलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

- याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा, जान को खतरा बताया
- 200 करोड़ के घपले का खुलासा करने सहित अन्य तथ्य किए रेखांकित
- एक के बाद एक हो रहे हमलों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता पर खड़ा किया सवाल



इस मामले मे विरोधाभासी बात यह है कि याचिकाकर्ता एक ओर जान को खतरे का हवाला दे रहा है, वहीं दूसरी ओर उसने मूल याचिका में इच्छामृत्यु की अनुमति देने का हाई कोर्ट से आग्रह भी किया है। याचिकाकर्ता रीवा लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुका है। उसका आरोप है कि उसकी पत्नी का गर्भपात जिस सड़क दुर्घटना के कारण हुआ, वह साजिश का हिस्सा थी। सौभाग्य से वह और उसकी पत्नी बच गए । किंतु गर्भपात होने से शिशु की मृत्यु हो गई, जिसका भ्रूण वह पालिथिन में लेकर हाई कोर्ट पहुंच गया था। उसका तर्क था कि न्यायालय में सबूत मांगे जाते हैं, इसलिए वह मजबूरी में अपने अजन्मे बच्चे का भ्रूण लेकर हाई कोर्ट सबूत पेश करने पहुंचा था। उसका आरोप है कि शिकायत के बावजूद रीवा पुलिस द्वारा अपेक्षित कार्यवाही नही की गई। याचिका में पूर्व में हुए हमले व संबंधित मामलों में दायर याचिकाओं का भी उल्लेख किया गया है। बहरहाल, शिशु भ्रूण कांड के बाद से हाई कोर्ट की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। मंगलवार की भांति बुधवार को भी प्रत्येक द्वार पर पुलिस मुस्तैद थी।

## मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस पर हुआ ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम

### हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने रखे विचार

ADVOCATE

**जबलपुर।** जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व अंतरराष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस के उपलक्ष्य में आनलाइन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजन किया गया।हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विषय पर एक संवादात्मक चर्चा आयोजित की गई। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला ने अधिनियम के व्यापक दायरे और प्रगतिशील उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून न्यायालयों, संस्थानों व विभिन्न पेशेवर कार्यस्थलों सहित सभी कार्यस्थलों पर लागू होता है और इसका उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित, संरक्षित व गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने अधिनियम के अंतर्गत स्थापित वैधानिक व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विशेषकर आंतरिक शिकायत समितियों की भूमिका पर भी विशेष बल दिया तथा जागरूकता व संवेदनशीलता की आवश्यकता को रेखांकित किया, ताकि कानून द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित हो सके। सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम के लिए संस्थागत संवेदनशीलता, जागरूकता तथा सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया। संगीता यादव, रजिस्ट्रार (परीक्षा), अरविंद श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव, अनिरुद्ध जैन, उप सचिव, व प्रदीप सिंह ठाकुर व दिग्विजय सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में राज्य भर से महिला न्यायिक अधिकारियों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों, महिला जिला विधिक सहायता अधिकारियों व विधिक सेवा संस्थानों से जुड़े अन्य अधिकारियों ने आनलाइन सहभागिता की। राज्य के सभी महिला न्यायिक अधिकारियों व महिला अधिकारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन राज्यभर के महिला न्यायिक अधिकारियों तथा विधिक सेवा संस्थानों से जुड़े अधिकारियों की सहभागिता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया, जिनकी सक्रिय भागीदारी से इस अवसर का आयोजन सार्थक व प्रभावी रहा।

## हाई कोर्ट ने डीजी व लीगल एडवाइजर से तलब किया शपथ-पत्र

# ईओडब्ल्यू ने बस का टैक्स जमा न करने पर कैसे दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की युगलपीठ ने उस मामले में आश्चर्य जताया है, जिसमें बस का टैक्स जमा न करने पर उसके संचालक के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली गई। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के डीजी और उनके लीगल एडवाइजर को व्यक्तिगत हलफनामे में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। दोनों को यह बताना है कि कैसे टैक्स वसूली की कार्यवाही पर भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज हो सकता है। कोर्ट ने कहा है कि यदि अगली सुनवाई के पहले शपथ पत्र पेश नहीं किया गया तो दोनों अधिकारियों की व्यक्तिगत हाजिरी के आदेश करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी बस संचालक संजय केशवानी एवं साधना केशवानी की ओर से अधिवक्ता ब्रजेश दुबे, आशीष रावत व शंकर गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध बसों टैक्स बकाया था। इस मामले में ईओडब्ल्यू भोपाल ने याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर दी। दलील दी गई कि बसों के टैक्स बकाया की वसूली की प्रक्रिया मोटर यान कराधान अधिनियम के प्रविधानों के तहत की जा सकती है। इस संबंध में कराधान अधिनियम की धारा 8 एवं 16 में प्रविधान है व आरटीओ डिंडौरी द्वारा जारी टैक्स डिमांड नोटिस जारी किये गए थे। याचिकार्ताओं ने टैक्स डिमांड को भी चुनौती दी है। इसके बावजूद ईओडब्ल्यू ने एक फर्जी शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर ली।

## ड्यूटी के दौरान आउटसोर्स लाइन कर्मी की तबीयत बिगड़ी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गढ़ा उप संभाग में कार्यरत एक आउटसोर्स लाइन कर्मी की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जबलपुर सिटी सर्किल के शहर संभाग दक्षिण में पदस्थ आउटसोर्स लाइन कर्मी सुरेंद्र रजक बुधवार सुबह 9 बजे ड्यूटी पर पहुंचे थे। कार्यस्थल पर पहुंचते ही उनके सीने में तेज दर्द उठा और वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल उनकी हालत पर डॉक्टर निगरानी रखे हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही कर्मचारी संघ ने प्रबंधन से आर्थिक सहायता की मांग की है। संघ के पदाधिकारी मोहन दुबे, दशरथ शर्मा, केएन लोखंडे, शशि उपाध्याय, महेश पटेल, मदन पटेल और पीएन मिश्रा ने पूर्व क्षेत्र कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया है कि आउटसोर्स कर्मी सुरेंद्र रजक के इलाज के लिए तत्काल सहायता राशि प्रदान की जाए। संघ ने मानवीय आधार पर शीघ्र निर्णय लेने और कर्मी के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## होटल-सराफा कारोबार प्रभावित, घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी

# जबलपुर में रसोई गैस संकट गहराया

**जबलपुर।** ईरान-इजराइल युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय हालात का असर अब जबलपुर में साफ दिखाई देने लगा है। शहर में पिछले दो दिनों से गैस सिलेंडर की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है। खासतौर पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी ने होटल, रेस्टॉरेंट, केटरिंग और सराफा कारोबार की कमर तोड़ दी है। वहीं घरेलू उपभोक्ता भी सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं। शहर में घरेलू गैस सिलेंडर 13 सौ रुपए तक में बिकने की बात सामने आ रही है। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ हॉकर चोरी-छिपे ब्लैक में सिलेंडर उपलब्ध कराने की पेशकश कर रहे हैं। गैस एजेंसियों पर बुकिंग के बावजूद डिलीवरी में देरी हो रही है। लोग सुबह से एजेंसियों के बाहर जानकारी लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा।



### होटल-रेस्टॉरेंट पर संकट

कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई लगभग ठप होने से शहर के होटल और रेस्टॉरेंट संचालक परेशान हैं। कई छोटे होटल संचालकों का कहना है कि उनके पास सीमित स्टॉक बचा है। यदि जल्द आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो होटल बंद करने की नौबत आ सकती है। शादी-विवाह के सीजन में केटरिंग कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

### सराफा बाजार में हाथ खाली

जबलपुर सराफा बाजार भी गैस संकट से अछूता नहीं है। यहां करीब 2 हजार से अधिक कारीगर सोना-चांदी के आभूषण बनाने का काम करते हैं। प्रत्येक कारीगर को औसतन महीने में तीन सिलेंडर की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से सराफा बाजार में हर महीने करीब 9 हजार सिलेंडर और रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। सप्लाई बाधित होने से उत्पादन पर असर पड़ रहा है और ऑर्डर समय पर पूरे करना मुश्किल हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ गैस की कमी का असर शहर के चाय-नाश्ते की दुकानों, फास्ट फूड ठेलों और रेहड़ी-पटरी कारोबारियों पर भी पड़ा है। कई दुकानदार वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लकड़ी या कोयले का सहारा लेने की सोच रहे हैं, जिससे खर्च बढ़ने की आशंका है।

### शादियों में बढ़ी टेंशन

जिन घरों में शादी या अन्य आयोजन हैं, वहां गैस की उपलब्धता को लेकर चिंता बनी हुई है। घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी में देरी से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यदि स्थिति जल्दी नहीं सुधरी तो शहर में गैस को लेकर हाहाकार की स्थिति बन सकती है।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

व्यापारियों और आम नागरिकों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर गैस सप्लाई सामान्य कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो होटल-रेस्टॉरेंट बंद होने और रोजमर्रा की जरूरतों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 47 हजार उड़ाए

**जबलपुर।** बेलबाग थानान्तर्गत बाई का बगीचा स्थित जनता मार्केट के पास सब्जी खरीदने आये एक अधिवक्ता के पर्स में रखा एटीएम कार्ड अज्ञात व्यक्ति ने बदलकर उसके खाते से 47 हजार रूपए निकाल लिये। इस बात की जानकारी अधिवक्ता को उस समय लगी जब उन्होंने अपने बेटे को एटीएम कार्ड देकर पैसे निकालने कहा। एटीएम कार्ड से पैसे नहीं निकलने पर अधिवक्ता के पुत्र ने कार्ड को ध्यान से देखा तो वह कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति का था। बेलबाग पुलिस ने बताया कि कांचघर हनुमान टोरिया घमापुर निवासी विजय कुमार चौधरी वकालत करते हैं गत वर्ष 12 अक्टूबर को उन्होंने अपने बेटे को अपना एटीएम कार्ड देकर कुछ पैसे निकालने कहा था उसका बेटा रिषी चौधरी कांचघर स्थित एटीएम पैसा निकालने गया था जहां पैसा नहीं निकलने पर उसने अपने पिता को इस बात की जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि तुमने एटीएम मशीन में पिन नंबर गलत डाल दिया होगा। अधिवक्ता के बेटे ने एटीएम को ध्यान से देखा तो उसपर किसी रामअवतार यादव का नाम लिखा था अधिवक्ता विजय चौधरी ने धोखाधड़ी की आशंका को देखते हुए जब स्टेट बैंक से अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो उन्हें पता चला कि किसी ने उसके खाते से एटीएम कार्ड की जरिए 40 हजार रूपए नगदी निकाले हैं वहीं सात हजार रूपए एटीएम कार्ड से पेमेंट कर सुनरहाई स्थित एक ज्वेलर्स दुकान से सात हजार की पायल खरीदी है। विजय चौधरी गत वर्ष 5 अक्टूबर को सब्जी खरीदने बाई का बगीचा जनता मार्केट के पास गये थे जहां किसी ने उनके पर्स से पैसा निकालने के चक्कर में उनका एटीएम कार्ड बदल दिया था।

## रिंग रोड- बायपास के आसपास जमीनें महंगी होंगी

# नई गाइड लाइन : शहर के नए हॉट प्रॉपर्टी ज़ोन की आहट

हरिभूमि जबलपुर।

नई कलेक्टर गाइडलाइन के प्रस्ताव ने शहर के रियल एस्टेट बाजार में हलचल मचा दी है। खासकर रिंग रोड और बायपास से लगे क्षेत्रों की जमीनों में प्रस्तावित बढ़ोतरी ने इन इलाकों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। प्रशासन द्वारा तैयार मसौदे के अनुसार इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय दर वृद्धि का प्रस्ताव है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले समय में यही इलाके शहर के नए हॉट प्रॉपर्टी ज़ोन बन सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रिंग रोड और बायपास ने शहर के विकास की दिशा बदल दी है। इन मार्गों के निर्माण से शहर के भीतरी हिस्सों पर ट्रैफिक का दबाव कम हुआ है और बाहरी क्षेत्रों तक पहुंच आसान हो गई है। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण लोग अब भीड़भाड़ से दूर, लेकिन सुविधाओं से जुड़े इलाकों में बसना पसंद कर रहे हैं।

मास्टर प्लान में शामिल 62 गांवों में से कई रिंग रोड से सटे हैं, जहां तेजी से कॉलोनियों का विकास हो रहा है। सड़क, पानी, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार ने इन क्षेत्रों को आवासीय और व्यावसायिक दृष्टि से आकर्षक बना दिया है। रियल एस्टेट कारोबारियों का कहना है कि बड़े भूखंडों की उपलब्धता और भविष्य में कॉमर्शियल संभावनाओं के कारण निवेशकों ने यहां जमकर खरीदारी की है।



### बनेंगे नए हॉट प्रॉपर्टी ज़ोन

रियल एस्टेट विश्लेषकों का आकलन है कि अगले 5 से 10 वर्षों में रिंग रोड और बायपास के आसपास मल्टीस्टोरी प्रोजेक्ट, टाउनशिप, वेयरहाउसिंग और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स तेजी से विकसित हो सकते हैं। यदि बुनियादी ढांचे का विस्तार इसी गति से जारी रहा तो ये इलाके शहर के नए विकास केंद्र के रूप में उभर सकते हैं। अब निगाहें 1 अप्रैल 2026 पर टिकी हैं, जब नई गाइडलाइन लागू होने की संभावना है। उससे पहले इन क्षेत्रों में रजिस्ट्री की रफ्तार तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। स्पष्ट है कि रिंग रोड और बायपास के आसपास का इलाका आने वाले समय में जबलपुर के रियल एस्टेट मानचित्र पर नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

### कितनी बढ़ेगी दरें

प्रशासन के प्रस्ताव के अनुसार जिले की कुल 2705 लोकेशनों में से 1366 में दरें बढ़ाने की तैयारी है। औसतन 15.37 प्रतिशत तक वृद्धि का अनुमान है। नगर निगम के वार्ड 08, 15, 16, 21, 67, 72, 73, 74 और 75 में भी नई दरें लागू करने पर सहमति बनी है। श्रेणीवार प्रस्तावित वृद्धि के अनुसार आवासीय भूखंडों में 25 प्रतिशत तक, व्यावसायिक एवं बहुमंजिला भूखंडों में 50 प्रतिशत तक और कृषि भूमि में 80 से 99 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है।

### आम शहरवासी से दूर होगा घर का सपना

हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि अचानक बड़ी वृद्धि से मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्री शुल्क भी बढ़ेंगे, जिससे घर खरीदने की लागत में इजाफा होगा। वहीं निवेशकों के लिए यह क्षेत्र लंबे समय में बेहतर रिटर्न देने वाले साबित हो सकते हैं।

### प्रशासन का तर्क

अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान गाइडलाइन दरें वास्तविक बाजार मूल्य से काफी कम थीं। बाजार दर और सरकारी दरों के बीच बड़े अंतर के कारण राजस्व पर असर पड़ रहा था। इसलिए विकास की गति और बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दरों का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है।

## गत वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

# पमरे ने टिकिट चैकिंग से कमाए 8 करोड़ 73 लाख

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी माह में कुल 01 लाख 32 हजार मामले पकड़े। इन मामलों में बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 08 करोड़ 73 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष फरवरी माह में वसूले गए 07 करोड़ 73 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 12.83 प्रतिशत अधिक है।

### मुख्यालय (सीसीएम स्क्वाड)

मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकट जांच अभियान में बिना टिकट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के 02 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 15 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### जबलपुर मंडल

टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 51 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 03 करोड़ 51 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

### भोपाल मंडल

टिकट जांच के दौरान 50 हजार प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 03 करोड़ 10 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया गया।

### कोटा मंडल

टिकट निरीक्षकों ने अभियान के दौरान 29 हजार प्रकरण पकड़े, जिनसे 01 करोड़ 97 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

# स्वच्छता मिशन के कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं : निगमायुक्त

**जबलपुर।** स्वच्छता अभियान की सफलता को लेकर नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह 'एक्शन मोड' में आ गया है। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वच्छता टीम के सदस्यों को दो टूक शब्दों में कहा कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने आई.ई.सी. एजेंसी के प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अमले को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का कार्य धरातल पर दिखनी चाहिए। निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को सुबह से शाम तक फील्ड पर रहकर सफाई व्यवस्था की निगरानी करने सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों और शहर की सुंदरता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आई.ई.सी. एजेंसी को निर्देशित किया है कि वे जनता को जागरूक करने के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करें। हमारा लक्ष्य सिर्फ रैंकिंग सुधारना नहीं, बल्कि नागरिकों को एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश देना है। इसके लिए हर कर्मचारी को पूरी निष्ठा के साथ मैदान में उतरकर कार्य करना होगा।

**निगमायुक्त की दो टूक, मैदान में उतरकर काम करने से ही चमकेगा शहर**



# स्वच्छता का संदेश: नुक्कड़ नाटक के जरिए बिखरी जागरूकता की अलख

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शीर्ष पायदान पर ले जाने के संकल्प के साथ नगर निगम निरंतर नवाचार कर रहा है। इसी कड़ी में, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, संभाग क्रमांक 16, वार्ड 50 के अंतर्गत स्थित घसिया बस्ती में एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने जीवंत अभिनय के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। नाटक के जरिए स्थानीय नागरिकों को यह समझाया गया कि गीला और सूखा कचरा अलग करना और डस्टबिन का उपयोग जैसे छोटे-छोटे कदम कैसे पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल सकते हैं।



### बच्चों और महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। बच्चों को 'स्वच्छता दूत' के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझ सकें। महिलाओं को घर से निकलने वाले कचरे के सही निपटान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से अपने वार्ड को आदर्श और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

### सामुदायिक सहभागिता से बनेगा 'स्वच्छ जबलपुर'

नगर निगम आयुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि स्वच्छता को एक संस्कार के रूप में विकसित करना है। घसिया बस्ती में हुआ यह आयोजन यह साबित करता है कि जब कला और जन-जागरूकता का मिलन होता है, तो उसका प्रभाव गहरा और स्थाई होता है।

## खबर संक्षेप

### ए.बी. उपभोक्ता संरक्षण संगठन में कृष्णा पटेल बने कोषाध्यक्ष



**पनागर**। मध्यप्रदेश में ए.बी. कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन (अखिल भारतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति) की प्रदेश कार्यकारिणी में कृष्णा पटेल को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन द्वारा की गई है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार कृष्णा पटेल का कार्यकाल प्रदेश अध्यक्ष के साथ रहेगा। उन्हें संगठन के संविधान के अनुसार कार्य करते हुए प्रदेश में संगठन को मजबूत करने और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उन्हें 60 दिनों के भीतर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया में सहयोग करने का दायित्व भी दिया गया है। नियुक्ति के बाद संगठन के पदाधिकारियों और समर्थकों ने कृष्णा पटेल को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### पिस्टल लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर**। गोरखपुर पुलिस ने पुराने विवाद पर बदला लेने के लिए पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाश करण दाहिया को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल बरामद की ।गोरखपुर सीएसपी महादेव नागोतिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर हनुमान मंदिर के आगे ट्रांसफार्मर डिपो के पीछे रोड़ किनारे पिस्टल रखकर खड़े बदमाश मांडवा बस्ती निवासी करण दाहिया को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर कमर में एक पिस्टल खोसे मिला था, पिस्टल को चैक करने पर मैगजीन में एक कारतूस लोड पाया गया। गोरखपुर पुलिस के मुताबिक 18 फरवरी को आरोपी करण दाहिया का मांडवा बस्ती में विवाद हुआ था उसी का बदला लेने आरोपी पिस्टल लेकर घूम रहा था।

### स्कूटी सवार बदमाश मोबाइल लूटकर भागे

**जबलपुर**। अधारताल थाना अतंर्गत धनी की कुटिया रोड आलोकनगर हनुमंत चौक में मोबाईल पर पैदल बातचीत घर जा रहे एक युवक का मोबाइल स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने लूटकर ले गए। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पक नगर गली नंबर 3 अधारताल निवासी 36 वर्षीय सतीश कुमार मिश्रा गत दिवस वह तीन पत्ती से आटो में बैठकर धनी की कुटिया के पास उतरा और पुष्पकनगर अपने घर जाने लगा। रात लगभग 9 बजे धनी की कुटिया रोड़ आलोकनगर हनुमंत चौक में पहुंचा एवं बात करने के लिये मोबाइल निकाला तभी पीछे से बिना नम्बर की स्कूटी में दो अज्ञात लड़के आये और पीछे बैठे लड़के ने उसका सेमसंग कंपनी को मोबाइल झपटकर अमखेरा रोड तरफ भाग गये। पुलिस ने दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### रंगदारी वसूलने चाकूबाजी में युवक घायल

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत गांधी चौक में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक व्यक्ति पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर घायल कर दिया।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानेगांव निवासी 40 वर्षीय संदीपन शर्मा गत रात लगभग 9 बजे अपनी मां सुधा शर्मा के लिए खाना लेने दुकान जा रहा था, तभी गांधी चौक में आरोपी समीर लूटले ने उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करते हुए उस पर सब्जी काटने वाली चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कलचुरी फैमिली क्लब द्वारा रंग पंचमीं का धूमधाम से आयोजन



**जबलपुर**। विगत दिवस कलचुरी क्लब द्वारा पाइन वैली रिसॉर्ट में रंगों का पर्व रंग पंचमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने एक दूसरे पर रंग और गुलाल डालते हुए होली गीतों पर जोरदार नृत्य किया। क्लब के महिलाओं और पुरुषों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम का संयोजन राजीव चौकसे और कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया, जिनकी मेहनत से यह आयोजन सफल और यादगार बना। इस दौरान, क्लब के सदस्य एक-दूसरे से मिलकर होली की खुशियाँ साझा करते हुए आनंदित दिखे।

कार्यक्रम में कलचुरी क्लब के प्रमुख सदस्य रवींद्र-शशि चौकसे, राजेन्द्र-सीमा राय, श्री चंद-कल्पना चौकसे, विद्याशंकर-किरण राय, मिथलेश-आशा चौकसे, श्याम-मनोर्मा राय, संदीप-प्रीति चौकसे, कौशलेंद्र-कल्पना महाजन, राजीव चौकसे, संजय-रोजी महाजन, सुरेंद्र-जयश्री चौकसे, सूर्यप्रकाश-निधि राय, रामजस-कृष्णा चौकसे, प्रिया, सागर-रुचिका, सिद्धार्थ-रूपाली चौकसे, संस्कार महाजन, और बच्चे रणबीर, राजबीर चौकसे, रेवांशी, अथर्व चौकसे, कियाना, रुशांक महाजन सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कचहरी वाले बाबा साहब में विशाल रोज़ा अफ़्तार

## आज आगा दरगाह में भी अफ़्तार-ए-आम



**जबलपुर**। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह (कचहरी वाले बाबा साहब) की दरगाह में रमज़ान शरीफ़ के बीसवें रोज़े के मौके पर मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती में विशाल रोज़ा अफ़्तार का आयोजन किया गया।इस मौके पर हज़रत मौलाना इनामुल हक़ कादरी व हजरत मुफ्ती सैय्यद अब्दुल रहमान साहब सहित बड़ी तादाद में गणमान्य नागरिकों एवं आम रोज़ेदारों ने शिरकत की।दरगाह के खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने बताया कि बाबा साहब की दरगाह हमेशा से लोगों की आस्था का केंद्र रही है, जहां हर धर्म और समाज के लोग आकर दुआ करते हैं। रमज़ान के इस मुकद्दस महीने में आयोजित अफ़्तार-ए-आम में भी अलग-अलग समुदायों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम दिया।

अफ़्तार के बाद मगरिब की नमाज़ अदा की गई और देश में अमन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी और खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने सभी रोज़ेदारों और मेहमानों का आभार व्यक्त किया।



### श्रीमद्भागवत कथा की निकली कलश यात्रा

**जबलपुर**। कल गोपाल होटल से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नारायण चौक और झामनदास चौक से होते हुए छोटी खेरमाई मंदिर के पास पहुँची। इस यात्रा के साथ एक सप्ताह की श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसे श्रद्धालुओं के बीच एक महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर के रूप में मनाया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**सिहोरा**। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जी डी रायपुरिया के मार्गदर्शन में सिहोरा विकासखंड के फनवानी सेक्टर में आने वाले पांच प्रस्फुटन ग्रामों में गठित समितियां के अध्यक्ष सचिव नवांकुर सखी व सदस्यों का योजना मे चयनित मानस मां नर्मदा सामाजिक विकास समिति खितौला द्वारा क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम खितौला में आयोजित किया गया। जिसमें जिला समन्वयक रायपुरिया के मार्गदर्शन में परामर्शदाता प्रवीण गौतम द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओ का गठन, प्रबंधन एवं दस्तावेजीकरण की वृहद जानकारी प्रदान की गई । समिति के अध्यक्ष दीपक चौरसिया द्वारा परिषद के एप संचालन व




समिति की भूमिका जल संवर्धन,स्वक्षता,नशा मुक्ति एवं जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया इस दौरान प्रशिक्षण में आए समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने गांव में किये जा रहे नवाचार कार्यक्रमों की जानकारी दी। अंत मे सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अंकिता,दीपक

# जहर खाकर 2 लोगों ने की आत्महत्या

**जबलपुर**। रांझी और घमापुर थाना क्षेत्र में जहर का सेवन कर एक युवक व एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती रांझी निवासी 26 वर्षीय सुमित चौधरी को जहर का सेवन करने पर मां सुनीता चौधरी द्वारा गत रात लगभग 10 बजे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात लगभग 1 बजे सुमित चौधरी की मौत हो गई।इसी तरह घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतलामाई के पीछे कुम्हार मोहल्ला निवासी 52 वर्षीय विनोद चक्रवर्ती को गत रात लगभग 8.30 बजे जहर का सेवन करने पर पुत्र सचिन द्वारा उपचार के लिए आदिशंकर अस्पताल लेकर गए, जहां से विनोद को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गत शाम लगभग 7.30 बजे विनोद चक्रवर्ती की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### अमित बने सिहोरा साहू समाज के अध्यक्ष

**सिहोरा**। आगामी 17 मार्च को मां कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने के लिए साहू समाज सिहोरा की बैठक का आयोजन वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें समाज की एकता सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही समाज की नवीन कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। जिसमें समाजसेवी अमित साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसी तरह कार्यकारिणी में सचिन साहू उपाध्यक्ष,विजय साहू सचिव,अजय साहू सरपंच कोषाध्यक्ष एंव राजेन्द्र साहू को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। नव निर्वाचित सदस्यों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



## भगवान आदिनाथ जयंती पर कल निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर**। श्रमण संस्कृति के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी (ऋषभदेव जी) के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 12 मार्च को प्रातः 8 बजे दरहाई स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी महोत्सव समिति के संयोजक विजय चौधरी एवं लायन नरेन्द्र जैन ने दी।

यह आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा और आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से, पूज्य मुनि श्री 108 निर्दोष सागर जी, मुनि श्री निर्लोभ सागर जी और मुनि श्री 108 निरुपम सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में किया जा रहा है। आयोजक डॉ. ऋषभ चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन (चौधरी) मंदिर का मनोहारी रजत रथ तथा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बरियावाला मंदिर हनुमानताल और श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर संगम कॉलोनी की रजत पालकी में विराजित भगवान आदिनाथ की प्रतिमा धर्म प्रभावना का संदेश देगी। शोभायात्रा दरहाई चौक से प्रारंभ होकर फूटाताल, खटीक मोहल्ला, सराफा, कमानिया गेट, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, नार्मल स्कूल रोड, लार्डगंज थाना, बड़ा फुहारा, खोवा मंडी और कोतवाली होते हुए पुनः दरहाई स्थित मंदिर में पहुंचेगी। समापन पर मंदिर परिसर में भगवान आदिनाथ का अभिषेक-पूजन होगा। आयोजन से जुड़े अशोक दानी, सुबोध कामरेड, सुनील गढ़वाल, डॉ. प्रवीण सिंघई, विकास चौधरी, महेश जैन, संजय सेठ, वैभव चौधरी सहित शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ, सतीश जैन नेता, विशाल चौधरी, रवि चौधरी, दिनेश जैन और विवेक चौधरी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### सिगरेट पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर**। गोरखपुर थाना अतंर्गत हाउबाग रेलवे स्टेशन रोड पर मैगी प्वाइंट पर दोस्त को मारने से मना करने और सिगरेट पीने के लिए रुपए की मांग पूरी न होने पर एक बदमाश ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाजिम होटल के पास ठक्कर ग्राम हनुमानताल निवासी 22 वर्षीय हारिश अहमद के मोबाइल पर गत रात लगभग 9 बजे उसके साथी का कॉल आया जिसने बताया कि हाउबाग रेलवे स्टेशन रोड पर मैगी प्वाइंट पर शुभम गुप्ता उसके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पाकर वह अपने दोस्त रोहबान के साथ अपनी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेड एन 9877 से हाउबाग रेलवे स्टेशन मैगी प्वाइंट पहुंचा जहां पर शुभम गुप्ता को दोस्त के साथ मारपीट करने से मना किया और गालीगलौज कर सिगरेट पीने के लिए रुपयों की मांग कर चाकू से हारिश और सैयद रोहबान पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 118(1), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव में भगवामय होगा सिहोरा खितौला

**विशाल बैठक में लिया गया निर्णय**

सिहोरा।

हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाने के संबंध में काल भैरव चौक में विशाल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जन्मोत्सव पर सम्पूर्ण सिहोरा खितौला क्षेत्र को धर्म ध्वजा से भगवामय करने का निर्णय लेने के साथ वाहन रैली के मार्ग की भी चर्चा हुई।

हनुमान जन्मोत्सव पर वाहन रैली बाबा शाला से सुबह 08:30 बजे प्रारंभ होकर मझौली बायपास, गढ़िया मोहल्ला,झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,नया बस स्टैंड से वापस बाबा शाला पहुंच कर कटरा मोहल्ला,झंडा बाजार,कालभैरव चौक,महावीर चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर, बाबाताल से पेट्रोल पंप तिराहा,फोर लेन हाइवे, पहरेवा कृषि उपज मंडी के सामने से खितौला बाजार,रेलवे फाटक से पान उमरिया रोड,विंध्य वासनी मंदिर से मझंगवा बायपास,नरसिंह मंदिर, बारा मोहल्ला,तुलसी मानस मंदिर, पुनःरेलवे फाटक खितौला बस स्टैंड,पेट्रोल पंप तिराहा से बाबा ताल होते हुए पुराना बस स्टैंड सिहोरा में हिन्सदू महाकुंभ के रुप में समापन होगा। जहां पर महा आरती के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। बैठक में हर वार्ड की दुर्गा, गणेशोत्सव समितियों के साथ सभी सामाजिक, धार्मिक,व्यवसायिक संगठनों ने हिस्सा लेकर अपने विचार रखे।

## षड्यंत्र से हड़पी आदिवासी की जमीन! फर्जी रजिस्ट्री कर कंपनी ने किया कब्जा

**पीड़ित ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार**

**सिहोरा**। सिहोरा तहसील के एक गरीब आदिवासी की जमीन कथित तौर पर षड्यंत्र रचकर हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक कंपनी ने पहले डमी व्यक्ति के नाम फर्जी रजिस्ट्री करवाई और बाद में प्रभाव का इस्तेमाल कर जमीन अपने नाम करा ली। मामले की शिकायत एसडीएम सिहोरा से की गई है जिसके बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

सिहोरा क्षेत्र में भोले-भाले आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने के मामलों पर भले ही प्रदेश स्तर पर जांच चल रही हो लेकिन मायनिंग माफियाओं की गतिविधियां थमती नजर नहीं आ रही हैं। ताजा मामला ग्राम गिदुरहा का है जहां एक आदिवासी की जमीन कथित तौर पर फर्जी तरीके से हड़पने का आरोप सामने आया है। पीड़ित सुरेश कोल ने बताया कि उसने ग्राम गिदुरहा स्थित खसरा नंबर 713/1, रकबा 0.450 हेक्टेयर भूमि वर्ष 2011 में विक्रेता सीताबाई बेवा बेडीलाल व अन्य से विधिवत विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदी थी। वर्षों से उक्त भूमि उसके कब्जे में रही लेकिन हाल ही में जब उसने भूमि की खसरा नकल निकलवाई तो उसे पता चला कि जमीन की पुनः रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी गई है। आरोप है कि एक कथित कंपनी ने षड्यंत्रपूर्वक अपने डमी उम्मीदवार के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवाई और इसके बाद अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जिला कलेक्टर से अनुमति प्राप्त कर भूमि को अपने नाम दर्ज करा लिया।जमीन हड़पने की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सिहोरा को शिकायत देकर मामले की जांच कराने और अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है। प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुरेश कोल का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर के साथ-साथ सिविल न्यायालय में वाद दायर कर करेगा।

# सिहोरा एवं गोसलपुर स्टेशन की समस्याएं दूर करने की मांग

## कांग्रेस पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा**। सांसद आशीष दुबे के नगर आगमन पर कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपकर इसमें सिहोरा रोड एवं गोसलपुर रेलवे स्टेशन की समस्याओं को अति शीघ्र दूर करने की मांग की साथ ही सिहोरा रोड रेलवे फाटक पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ शीघ्र करने तथा गोसलपुर स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराने की मांग भी की गई कांग्रेस प्रदेश सचिव पार्षद राजेश चौबे,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल, गोसलपुर अध्यक्ष अजय ठाकुर के संयोजन में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया की सिहोरा स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज को बने दो महीने से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन ब्रिज में लाइटिंग का काम पूरा नहीं होने से इसका शुभारंभ अटका है

ज्ञापन में चेतावनी दी गई की यदि चैत्र नवरात्र पर्व शुरू होने के पहले रेलवे ओवरब्रिज का शुभारंभ नहीं होता तो कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता स्वयं खड़े होकर ओवरब्रिज से आमजन का आवागमन शुरू करवा देंगे गोसलपुर में कटनी एंड की तरफ लोडिंग साइट है और यहां मालगाड़ी कई कई घंटे खड़ी रहती है ऐसे एक प्लेटफार्म को बदलना बड़ा कठिन होता है ग्रामीण जन झुक कर सा मालगाड़ी के नीचे से गुजरने को मजबूर रहते हैं। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी, मनीष खंपरिया, संजय गुप्ता,आलोक पांडेय,शेख साबिर, फैज आलम शाह,ओम नारायण श्रीवास्तव,दिलीप जैन,जितेंद्र गुप्ता, उमाकांत चौरसिया, लालबहादुर पाठक, वीरेंद्र पटेल, अज्जू भाईजान, बालाराम तंतुवाय, इरफान पठान, संदीप शुक्ला, मोहन सोंधिया, अन्ना कोल आदि मौजूद थे।






**श्रीमती आरती चौहान-** मनप्रीत अपार्टमेंट गुप्तेश्वर निवासी श्री जीतेंद्र चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती आरती चौहान (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पराग वर्मा-** चुंगी चौकी लालमाटी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री अतुल वर्मा के पुत्र श्री पराग वर्मार (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आशीष कुरील-** कोरी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री आशीष कुरील (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश प्रसाद कोरी-** आईटीआई माढ़ोताल शारदा मंदिर के पास निवासी श्री रमेश प्रसाद कोरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लालवती द्विवेदी-** एन 218, शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री गिरीश द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती लालवती द्विवेदी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश पटेल-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री रमेश पटेल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मगन बावरिया-** गली नं. 20 पासी मोहल्ला सदर निवासी श्री मगन बावरिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमावती सिंह-** समदड़िया अभिनंदन शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री रामाधार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रमावती सिंह (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुक्कू ठाकुर-** मांडवा बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री सुक्कू ठाकुर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण मिश्रा-** बजरंग नगर रांझी निवासी श्री पुरुषोत्तम मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती किरण मिश्रा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री धीरेंद्र कुमार देवनाथ-** आशा काम्पलेक्स बंगाली कॉलोनी रांझी निवासी श्री धीरेंद्र कुमार देवनाथ (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार-** बिलपुरा कॉलोनी निवासी श्री अशोक कुमार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री केदारनाथ अवस्थी-** करमेता पाटन रोड निवासी श्री केदारनाथ अवस्थी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-



## दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम्

विश्वं दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यं निजान्तर्गतम्,
पश्यन्नात्मनि मायया बहिरिवोद्भूतं यदा निद्रया।
यः साक्षात्कुरुते प्रबोधसमये स्वात्मानमेवाद्वयम्,
तस्मै श्रीगुरुमूर्तये नम इदं श्रीदक्षिणामूर्तये
॥१॥

(यह विश्व दर्पण में दिखाई देने वाली नगरी के समान है (अर्थात् अवास्तविक है), स्वयं के भीतर है, मायावश आत्मा ही बाहर प्रकट हुआ सा दिखता है जैसे नींद में अपने अन्दर देखा गया स्वप्न बाहर उत्पन्न हुआ सा दिखाई देता है। जो आत्म-साक्षात्कार के समय यह ज्ञान देते हैं कि आत्मा एक है उन श्रीगुरु रूपी, श्री दक्षिणामूर्ति को नमस्कार है।)

# प्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में बजेगा दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम्, आदेश जारी

# रंगरूटों में संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों के विकास के उद्देश्य से पहल



### पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश, शारीरिक और तकनीकी दक्षता होगी विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में अब हर सुबह प्रशिक्षण शुरू होने से पहले दक्षिणामूर्ति स्तोत्र का प्रसारण किया जाएगा। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से प्रशिक्षण ले रहे रंगरूटों में संवेदनशीलता, करुणा और सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्यों का विकास होगा और वे समाज के प्रति अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील पुलिसकर्मी बन सकेंगे। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राज्य के सभी कॉन्स्टेबल प्रशिक्षण केंद्रों में सार्वजनिक प्रसारण प्रणाली के माध्यम से सुबह के समय दक्षिणामूर्ति स्तोत्र बजाया जाएगा। इसके साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में रंगरूटों को इसके महत्व और अर्थ के बारे में भी बताया जाएगा, ताकि वे केवल इसे सुनें ही नहीं बल्कि इसके संदेश को समझकर अपने व्यवहार और कार्यशैली में भी अपनाएं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुलिस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक और तकनीकी दक्षता विकसित करना ही नहीं है, बल्कि ऐसे पुलिसकर्मी तैयार करना भी है जो समाज के प्रति संवेदनशील, अनुशासित और जिम्मेदार हों। इसी सोच के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय-समय पर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को भी शामिल किया जाता रहा है। अधिकारियों का मानना है कि दक्षिणामूर्ति स्तोत्र जैसे आध्यात्मिक पाठ से रंगरूटों में मानसिक एकाग्रता, धैर्य और सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षण केंद्रों में पहले से ही योग, ध्यान और नैतिक शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। अब दक्षिणामूर्ति स्तोत्र के प्रसारण को भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय का कहना है कि इससे प्रशिक्षण ले रहे जवानों के व्यक्तित्व के समग्र विकास में मदद मिलेगी और वे अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकेंगे।

### क्या है दक्षिणामूर्ति स्तोत्रम

*दक्षिणामूर्ति स्तोत्र भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का एक प्रसिद्ध स्तोत्र है, जिसकी रचना आदि शंकराचार्य द्वारा की गई मानी जाती है। इसमें भगवान शिव के दक्षिणामूर्ति रूप की स्तुति की गई है, जिन्हें ज्ञान और गुरु का प्रतीक माना जाता है। इस स्तोत्र में आत्मज्ञान, ध्यान और आध्यात्मिक बोध का वर्णन किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से प्रशिक्षण ले रहे रंगरूटों में अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा, जिससे वे कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार भी कर सकेंगे।*

## खबर संक्षेप

### तीन पुलिस अधिकारियों के तबादले, देवास से पीएचक्यू पहुंचीं सृष्टि

**भोपाल।** गृह विभाग ने प्रदेश में तीन पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न जिलों और इकाइयों में पदस्थ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आदेश के मुताबिक देवास में पदस्थ एसडीओपी सृष्टि भार्गव को स्थानांतरित कर पुलिस मुख्यालय भोपाल में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं देवास में उनकी जगह नई जिम्मेदारी तय की गई है। इसी तरह कीर्ति बघेल, जो वर्तमान में मंदसौर में एसडीओपी के पद पर पदस्थ थीं, उन्हें स्थानांतरित कर शाजापुर के एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा संजय सिंह जो कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में इंदौर पुलिस मुख्यालय में पदस्थ थे, उन्हें कार्यवाहक एसडीओपी देवास की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में पुलिस मुख्यालय और अन्य जिलों में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से इन अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है।

### अब रिटायरमेंट के बाद भी होगी सरकारी कर्मचारियों से वसूली

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब शासकीय सेवकों को वेतन निर्धारण में विसंगति के कारण हुए अधिक भुगतान की वसूली सेवानिवृत्ति के बाद भी की जा सकेगी। राज्य सरकार ने यह कदम सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर उठाया है। वित्त विभाग ने संचालक पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा मध्यप्रदेश और संभागीय व जिला पेंशन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वेतन निर्धारण में त्रुटि के कारण हुए अधिक भुगतान की वसूली के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए। निर्देश में कहा गया है कि हरियाणा चौकीदार प्रकरण सहित सर्वोच्च न्यायालय और अन्य न्यायालयों के फैसलों के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों से भी अधिक भुगतान की राशि वसूल की जा सकती है। इसके लिए सभी जिला पेंशन अधिकारियों को संबंधित मामलों में न्यायालय के निर्णयों की जानकारी दी जाएगी।

### एजुकेट गर्ल्स सफीना टाइम वूमन ऑफ द ईयर की सूची में

**इंदौर।** एजुकेट गर्ल्स संस्था की संस्थापक सफीना हुसैन को वर्ष



2026 में टाइम वूमन ऑफ द ईयर की सूची में शामिल किया गया है। जनवरी में उनकी पुस्तक 'एवरी लास्ट गर्ल :ए जर्नी टू एजुकेट इंडिया फॉरगोटन डॉटर्स' का विमोचन जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हुआ। इस पुस्तक में गांवों से जुड़े जीवंत, प्रत्यक्ष अनुभवों की कहानियां शामिल हैं। वर्ष 2025 में, सफीना के नेतृत्व में एजुकेट गर्ल्स रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय गैर-लाभकारी संस्था बनी। सफीना वंचित समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों की गहरी समझ रखती हैं। वर्ष 2035 के लिए उनकी दृष्टि है कि स्वयंसेवा, भागीदारी और समानता पर आधारित, समुदाय-चालित और विस्तार योग्य समाधानों के माध्यम से 1 करोड़ शिक्षार्थियों को सशक्त बनाना।

### नि:शक्तजन को वृत्तिकर से छूट के लिए 31 मार्च 2030 तक निरंतर किए जाने की मंजूरी

# कल्याणकारी योजनाओं के लिए 33 हजार 240 करोड़ रुपए की स्वीकृति

*7 जिलों के लिए 'एक जिला-एक उत्पाद' परियोजना का किया अनुमोदन- सिंगरौली में कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश सहित 7 पदों की स्वीकृति, मैहर, निमरानी में 3 नए औषधालयों को मंजूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद ने कल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न 7 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए लगभग 33 हजार 240 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री यंग इंटनर्स फॉर गुड-गवर्नेंस प्रोगाम को भी मंजूरी दी है। सिंगरौली के चितरंगी में कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश सहित कुल 7 नवीन पदों के सृजन की भी मंत्रि-परिषद द्वारा स्वीकृति दी है। मंत्रि-परिषद ने मैहर, कैमोर जिला कटनी और निमरानी जिला खरगोन में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 3 औषधालय खोलने सहित चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ के 51 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गयी है। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश वृत्तिकर अधिनियम, 1995 के अंतर्गत निःशक्त जन को वृत्तिकर से छूट को 31 मार्च, 2030 तक निरंतर किये जाने की स्वीकृति दी गयी गई है।



### 7 जिलों के लिए "एक जिला-एक उत्पाद" परियोजना

मंत्रि-परिषद द्वारा "एक जिला-एक उत्पाद" परियोजना अंतर्गत चयनित 07 जिलों में पारंपरिक व विशिष्ट उत्पाद के सरंक्षण, विकास और विपणन हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आगामी 5 वर्षों में 37.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मंत्रि-परिषद ने चितरंगी जिला सिंगरौली में व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड का एक नवीन पद और उनके कार्यालयीन अमले के लिए तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 6 नवीन पद सहित कुल 7 नवीन पदों का सृजन किये जाने की स्वीकृत प्रदान की है।

### मैहर, कैमोर और निमरानी में 3 नए औषधालयों को मंजूरी

मंत्रि-परिषद ने भारत सरकार के कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआईसी) द्वारा मैहर (जिला-मैहर), कैमोर (जिला कटनी), तथा निमरानी (जिला खरगौन) में 3 नये औषधालयों को खोलने एवं चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ के 51 पदों का सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मैहर, कैमोर तथा निमरानी में नये कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय खोलने एवं नये पद सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे रजिस्टर्ड 15,686 श्रमिकों एवं उन पर आश्रित लगभग 62,744 परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। लोक वित्त पोषित कार्यक्रमों और योजनाओं की निरंतरता के लिए 63 करोड़ 76 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### पेयजल आपूर्ति के लिए 6090 करोड़ रुपए की स्वीकृति

*मंत्रि-परिषद द्वारा खनिज साधन विभाग के अंतर्गत "खनिज अधिभार का रक्षित निधि में अतंरण" योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतर रखे जाने के लिए 6090 करोड़ 12 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह योजना खनिज साधन विभाग के अंतर्गत पूर्व से संचालित योजना पूर्णतः राज्य वित्त पोषित एवं भारित व्यय से संबंधित योजना है। इस राशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े क्षेत्रों में ग्रामीण अवसंरचना, पेयजल आपूर्ति योजना तथा सड़क विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये किया जायेगा।*

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं की स्वीकृति

*पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की 31 मार्च 2031 तक निरंतरता एवं सुचारू संचालन के लिये 7,127 करोड़ 38 लाख रुपए की स्वीकृति दी गयी है। स्वीकृति अनुसार विभागीय परिसंपत्तियों का संधारण के लिए 16 करोड़ 78 लाख रुपए, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज संस्थान मप्र जबलपुर में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिये 12 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गयी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं एवं बाल वाटिका तथा अनुदान प्राप्त शालाओं के कक्षा 01 से 08 तक दर्ज एवं उपस्थित बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए 7098 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है।*

### मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले सीएम ने मंत्रियों को किया संबोधित

# रानी दुर्गावती अभयारण्य बनेगा चीतों का तीसरा घर: डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नौरादेही का रानी दुर्गावती अभयारण्य चीतों का तीसरा घर बनने जा रहा है। जल्द ही वहां भी चीते छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार और पूरी मंत्रि-परिषद् की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संघ लोक सेवा आयोग-2026 के हालिया घोषित रिजल्ट में मध्यप्रदेश के 2 होनहार अभ्यर्थियों द्वारा टॉप टेन अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर दोनों ही अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के कई विद्यार्थियों का यूपीएससी की परीक्षा में आईएएस, आईपीएस, आईआरएस इत्यादि कई पदों पर चयन हुआ है। हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में चयनित होकर प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में चीते तेजी से फल-फूल रहे हैं। हाल ही में 5 नये शावकों की आमद से चीतों का परिवार और भी समृद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार करीब 2 महीने बाद रानी दुर्गावती अभयारण्य (नौरादेही) में भी चीते छोड़ने जा रही है। इससे मध्यप्रदेश में चीतों के 3 घर तैयार हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मगर/घड़ियाल और कछुए भी विभिन्न जल क्षेत्रों में मुक्त करेंगे, ताकि हमारी जैव सम्पदा और भी समृद्ध हो सके।

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को भायी की जल संचय पहल

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संचयन के लिए चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा सराहना की गई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने 5 मार्च को हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा था कि मध्यप्रदेश सामुदायिक सहभागिता से जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन देश के सामने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मध्यप्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं। मध्यप्रदेश बांधों की संख्या के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है।*

*उन्होंने कहा था कि जल संचयन के प्रोत्साहन के लिए भारत सरकार भी जल इस दिशा में जनभागीदारी से ऐसा ही कदम बढ़ाने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को बताया कि केंद्र से मिली सराहना हमारी जल संचय नीति की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के प्रथम चरण में 2.79 लाख से अधिक जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। दूसरे चरण में भी मध्यप्रदेश में 72 हजार 647 जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं और 64 हजार 395 जल संरचना निर्माण कार्य फिलहाल प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में इस साल 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण से कहा कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के काम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दस्तावेजों के डिजिटल पंजीयन का काम शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश में प्रति वर्ष करीब 16 लाख से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन किया जाता है। यह एक बड़ा काम है पर हम इसे समय-सीमा में ही पूरा करेंगे।*

# रसोई गैस की उपलब्धता पर नजर बनाएं रखें अफसर

### गैस एजेंसी संचालकों के साथ आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 11 मार्च 2026 को गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घरेलू गैस की आपूर्ति बिना किसी बाधा के जारी रहेगी। हालांकि, कमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति अब सीमित कर दी गई है। यह केवल अस्पताल, स्कूल, आश्रम, छात्रावास और आंगनबाड़ी केंद्रों तक ही होगी। होटल और रेस्टोरेंट में कमर्शियल गैस की आपूर्ति पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। कलेक्टर ने सभी एजेंसी संचालकों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को गैस की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिए गए। बैठक में इंडियन ऑयल के प्रतिनिधि और जिले के सभी गैस एजेंसी संचालक उपस्थित थे।



### गैस संचालक गोदाम में रखें पर्याप्त स्टॉक

कलेक्टर ने गैस एजेंसी संचालकों को अपने गोदाम में पर्याप्त स्टॉक रखने को कहा। उन्हें कम से कम तीन दिन की बिक्री के बराबर एलपीजी सिलिंडर का स्टॉक अनिवार्य रूप से रखना होगा। कंपनी से रिफिल का लोड डिस्पैच होते ही तुरंत नया इंडेंट भेजने का निर्देश दिया गया। इससे आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी और सुचारु बनी रहेगी। एजेंसियों को घर-घर डिलीवरी सेवा नियमित बनाए रखने और दैनिक बिक्री-स्टॉक रिपोर्ट देने को भी कहा गया। प्रशासन ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए भी कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब पिछले सिलेंडर की रिफिलिंग के 25 दिन बाद ही अगले सिलेंडर की बुकिंग की जा सकेगी। बुकिंग केवल उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही मान्य होगी। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि जिले में रसोई गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए आवश्यकतानुसार ही बुकिंग करें।

### चांदी के जेवर और नकदी लेकर फरार हुए थे आरोपी

# सूने मकान में चोरी के मामले में नाबालिग सहित चार गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के वार्ड नंबर 19 में बीते महीने 26 फरवरी की रात एक सूने मकान में चोरी हुई। चोरों ने अलमारी तोड़कर सोने, चांदी के जेवर और नगदी रकम चुराई। पुलिस ने अब इस मामले में एक नाबालिग बालक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

चोरी हुए 9.56 लाख रुपये के सोने, चांदी के जेवर और नगदी रकम को बरामद कर लिया गया है। एएसपी उमेश कश्यप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा किया। मुख्य आरोपी जीत कुमार सूर्यवंशी बिलासपुर का निवासी है। वह अपने साथियों के साथ स्कूटी से जांजगीर पहुंचा था। उन्होंने नहर किनारे सूने मकानों की तलाश की थी। रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच दीवार फांदकर मकान में घुसे। मकान मालिक अपने परिवार सहित बाहर घूमने गए हुए थे। चोरों ने कमरे की अलमारी तोड़कर चोरी को अंजाम दिया और फरार हो गए।

सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी की जानकारी मिलने पर मामला दर्ज किया। साइबर टीम की मदद से 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की तलाशी ली गई। बिलासपुर में एक संदिग्ध स्कूटी (सीजी 10सीसी 1267) का पता चला। स्कूटी की तलाशी से एक नाबालिग की पहचान हुई। पुलिस हिरासत में पूछताछ के बाद उसने नगदी रकम

### सुनसान मैदान में बांटी थी चोरी की नगदी

नगदी जांजगीर के सुनसान मैदान में बांटी गई थी। सोने, चांदी के जेवर बाद में बांटने के लिए बैग में रखे गए थे। आभूषण बेचने के लिए जीत कुमार सूर्यवंशी की मदद ली। जीत ने अपने परिचित गीता प्रसाद साहू से मिलवाया, जिसने रहोद के सोनार सूरज सोनी को 80 हजार रुपये में जेवर बेचे। इसमें से 12-12 हजार रुपये बांटे गए और 56 हजार रुपये मुख्य आरोपी को दिए गए। इस प्रकरण में दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। नाबालिग बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। जीत कुमार सूर्यवंशी, गीता प्रसाद साहू और सोनार सूरज सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली

# दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के 108 नक्सली कैडरों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं, जिन पर 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। यह आत्मसमर्पण पुणे मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत हुआ। कार्यक्रम राज्य के डीजीपी अरुण देव गौतम और एडीजी विवेकानंद सिन्हा की मौजूदगी में हुआ। बस्तर आईजी सुंदरराज पी सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जमा किए गए हथियारों और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। अधिकारियों ने 101 घातक हथियार बरामद होने की जानकारी दी।

**खास बातें**

- 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल
- 3.29 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था
- डीजीपी अरुण देव और एडीजी सिन्हा की मौजूदगी में हुआ समर्पण कार्यक्रम

### नक्सल इतिहास में पहली बार 3.61 करोड़ नकद बरामद



इन हथियारों में एके 47, इंसास, एलएमजी और बीजीएल शामिल थे। नक्सल इतिहास में पहली बार 3.61 करोड़ रुपये नकद और 1.64 करोड़ रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद किया गया। इसे अब तक के नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी डंप बरामदगी माना जा रहा है। यह सभी सामग्री बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों से बरामद की गई थी। इनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव और बस्तर जिले शामिल हैं। बरामद किए गए सभी डंप और सामग्री को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शन जगदलपुर स्थित रेंज मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री अलग-अलग अभियानों में मिली थी। इसमें 101 घातक हथियार और बड़ी मात्रा में नकदी व सोना शामिल था। अधिकारियों का कहना है कि सरकार की पुनर्वास नीति प्रभावी साबित हो रही है। लगातार चल रहे सुरक्षा अभियानों के कारण नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज में वापसी की है। यह आत्मसमर्पण बस्तर में शांति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगी।

### कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार ने लगाया गोता

# शेयर मार्केट में जोरदार गिरावट, सेंसेक्स 1,342 अंक फिसला, निफ्टी 24 हजार के नीचे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई।

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।

## प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार रहा नुकसान में




### पश्चिम एशिया में तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है।' उन्होंने कहा, 'कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं।

### बजाज फाइनेंस में 5.01 प्रतिशत की गिरावट

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 5.01 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ केवल दो शेयर सन फार्मा और एनटीपीसी लाभ में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'पिछले सत्र में उछाल के बाद बाजार में फिर से गिरावट शुरू हो गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और बैंक, वित्तीय सेवाओं और वाहन शेयरों में बिकवाली के चलते मानक सूचकांक पर दबाव रहा।' मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### गिरावट के तीन कारण

*मुनाफावसूली से बाजार पर दबाव*

*हाल के दिनों में बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना शुरू कर दिया। कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। खासकर ऑटो, बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के शेयरों पर दबाव रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस जैसे बड़े शेयरों में 3 से 4 फीसदी तक गिरावट देखी गई। दिग्गज बैंकिंग शेयरों में भी कमजोरी आई, जिससे सूचकांकों पर ज्यादा दबाव बना।*

*मिडिल ईस्ट तनाव से बढ़ी चिंता*

*अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। इस भू-राजनीतिक स्थिति का असर वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिला। निवेशकों को डर है कि अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर महंगाई और वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर पड़ सकता है। हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी आई, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है।*

*बाजार की दिशा पर निवेशकों की नजर*

*विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल बाजार पर वैश्विक घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की एक्टिविटी का बड़ा असर रहेगा। अगर वैश्विक तनाव कम होता है और विदेशी निवेशक फिर से खरीदारी शुरू करते हैं, तो बाजार में स्थिरता लौट सकती है।*

# सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** पावरट्रेन कंट्रोल एवं मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1352 के मुकाबले 13.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 1,510 रुपए पर कारोबार शुरू, जो निर्गम मूल्य से 11.68 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बाद में, इसमें 19.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,613.50 रुपए पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 13.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,535 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,825.38 करोड़ रुपए रहा। सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन गत शुक्रवार को 2.68 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ का मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपए प्रति शेयर था। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं था।


## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, (म.प्र.)

क्रमांक/5545/लो.नि.वि./निर्माण/2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी,दिनांक:-05/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समया वधि एवं लागत रुपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _487704_1 | वार्ड क्र. 01 स्थित गली नं. 07 में आर. सी.सी. नाली निर्माण के संबंध में। | 90 Day 22,44,030/- | 5,000/- 16,830/- | 09/04/2026 |
| 2 | 2026_UAD _487704_2 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड 01 में इंद्रानगर गली न. 08 में कच्ची सड़क का डब्ल्यू. बी. एम. सड़क निर्माण कार्य। | 90 Day 22,36,500/- | 5,000/- 16,773/- | 09/04/2026 |
| 3 | 2026_UAD _487704_3 | बिरसा मुण्डा वार्ड क्रमांक 02 में शीला पटेल के घर से पाल के फार्म हाउस तक नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 17,92,239/- | 2,000/- 17,922/- | 09/04/2026 |
| 4 | 2026_UAD _487704_4 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 03 में नंदन गार्डन के बाजू से आर.सी.सी. रोड निर्माण। | 90 Day 14,68,900/- | 10,000/- 11,016/- | 09/04/2026 |
| 5 | 2026_UAD _487704_5 | इंदिरा गांधी वार्ड शिवाजी नगर में मोसम ताम्रकार से लेकर विनोद असाटी के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 11,41,041/- | 2,000/- 8,557/- | 09/04/2026 |
| 6 | 2026_UAD _487704_6 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 06 में स्थित शिवकुमार सोनी एवं द्रोपती यादव पप्पू पाण्डेय तक सड़क के दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 17,77,529/- | 2,000/- 13,331/- | 09/04/2026 |
| 7 | 2026_UAD _487704_7 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड में हस्सी पुरवार के घर से लेकर एस. एस. सांउड के आगे तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 60 Day 10,00,899/- | 2,000/- 750/- | 09/04/2026 |
| 8 | 2026_UAD _487704_8 | वीर सावरकर वार्ड क्र. 12 में हरिजन बस्ती में पुराना स्कूल भवन तोड़कर नया भवन निर्माण बावत। | 90 Day 15,93,066/- | 2,000/- 11,947/- | 09/04/2026 |
| 9 | 2026_UAD _487704_9 | वेंकट वार्ड में चक्कीघाट में नारायण केवट मंदिर से मालती बर्मन कोमल बर्मन के घर तक दोनों तरफ सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 20,52,162/- | 5,000/- 15,391/- | 09/04/2026 |
| 10 | 2026_UAD _487704_10 | रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक 16 में स्थित सोमनाथ चौधरी से सुलभ कॉम्पलेक्स तक एवं विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 32,26,562/- | 5,000/- 24,199/- | 09/04/2026 |
| 11 | 2026_UAD _487704_11 | रफी अहमद किदवई वार्ड में विभिन्न स्थानों में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 90 Day 32,91,935/- | 5,000/- 24,689/- | 09/04/2026 |
| 12 | 2026_UAD _487704_12 | श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 में स्थित प्रेमनगर में श्री सोहन चौधरी के घर के पीछे एवं विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण। | 90 Day 27,89,883/- | 5,000/- 20,924/- | 09/04/2026 |
| 13 | 2026_UAD _487704_13 | जगजीवनराम वार्ड में विभिन्न सडको में एवं अनिल बगड़िया से एन. के. जे. स्कूल तक डामरीकरण कार्य। | 90 Day 36,56,812/- | 5,000/- 27,426/- | 09/04/2026 |
| 14 | 2026_UAD _487704_14 | शिवाजी वार्ड राधा रम्यानी कालोनी के.पी. शर्मा के मकान के पूर्व की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 90 Day 47,72,120/- | 10,000/- 35,790/- | 09/04/2026 |
| 15 | 2026_UAD _487704_15 | रघुनाथ गंज वार्ड क्रमांक 23 में सामुदयिक भवन एवं प्रसाधन निर्माण। | 1200 Day 53,08,435/- | 10,000/- 26,542/- | 09/04/2026 |
| 16 | 2026_UAD _487704_16 | बी.डी. अग्रवाल वार्ड क्रमांक 25 में स्थित पुरानी मोहन टॉकीज के पीछे साइड से जाने वाले मार्ग एवं विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लाक फ्लोरिंग कार्य। | 90 Day 28,93,424/- | 5,000/- 21,700/- | 09/04/2026 |
| 17 | 2026_UAD _487704_17 | पं. नेहरू वार्ड में वंशकार बस्ती में सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 15,65,143/- | 2,000/- 11,738/- | 09/04/2026 |
| 18 | 2026_UAD _487704_18 | वंशस्वरूप वार्ड स्थित तपसून के घर से गुड्डा भदौरिया के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 90 Day 11,02,068/- | 2,000/- 8,265/- | 09/04/2026 |
| 19 | 2026_UAD _487704_19 | वंशस्वरूप वार्ड स्थित चंदी दफाई दुर्गा मंदिर के बाजू से रत्न के घर तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य। | 90 Day 11,26,790/- | 2,000/- 8,450/- | 09/04/2026 |
| 20 | 2026_UAD _487704_20 | कावसजी वार्ड क्रमांक 32 में मेमोरियल स्कूल से कब्रिस्तान तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 180 Day 21,97,095/- | 5,000/- 16,478/- | 09/04/2026 |
| 21 | 2026_UAD _487704_21 | रामकृष्ण परम हंस वार्ड क्रमांक 34 में साहू हाउस से कबाडी मेन रोड़ तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 90 Day 18,90,360/- | 2,000/- 14,177/- | 09/04/2026 |
| 22 | 2026_UAD _487704_22 | श्यामा प्रसाद मुखजी वार्ड क्रमांक 35 में स्थित मूंगाबाई कालोनी में राजेश सेन एवं अन्य अन्य घरो के पास आर.सी.सी. नाला निर्माण निर्माण कार्य। | 90 Day 11,18,957/- | 2,000/- 8,392/- | 09/04/2026 |
| 23 | 2026_UAD _487704_23 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 35 में मूंगाबाई कालोनी में क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत कार्य। | 90 Day 12,25,445/- | 2,000/- 9,190/- | 09/04/2026 |
| 24 | 2026_UAD _487704_24 | बाबा नारायण शाह वार्ड क्रमांक 39 में रोहरा बाल मंदिर पुराने भवन को तोड़ कर नवीन भवन निर्माण कार्य। | 180 Day 25,37,186/- | 5,000/- 19,028/- | 09/04/2026 |
| 25 | 2026_UAD _487704_25 | बाबा नारायण शाह वार्ड क्रमांक 39 में ए.सी. सी. क्लब से पर्चामल के घर एवं राजा फर्नीचर से गौरी शंकर चौराहा तक डामरीकरण कार्य। | 120 Day 59,67,109/- | 10,000/- 44,754/- | 09/04/2026 |
| 26 | 2026_UAD _487704_26 | संतकवरराम वार्ड क्रमांक 42 में स्थित बंगाली कालोनी में प्रीति इलेक्ट्रानिक्स से माता मंदिर से सामुदायिक भवन तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 90 Day 31,07,968/- | 5,000/- 23,309/- | 09/04/2026 |
| 27 | 2026_UAD _487704_27 | महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 43 में झिझरी में गुरैया बाबा चौक से नवल गुमास्ता के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 90 Day 13,39,005/- | 2,000/- 10,042/- | 09/04/2026 |
| 28 | 2026_UAD _487704_28 | विश्राम बाबा वार्ड क्रमांक 44 में शंकर मंदिर के पीछे आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 60 Day 11,68,081/- | 2,000/- 8,760/- | 09/04/2026 |
| 29 | 2026_UAD _487704_29 | विश्राम बाबा वार्ड क्रमांक 44 में हाउसिंग वोर्ड चौराहा से लकड़ी टाल तक डामरीकरण कार्य। | 90 Day 11,38,896/- | 2,000/- 8,541/- | 09/04/2026 |
| 30 | 2026_UAD _487704_30 | रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 45 में अमीरगंज में अरूण जायसवाली के घर से श्री हनुमान जी मंदिर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 15,54,051/- | 2,000/- 11,655/- | 09/04/2026 |
| 31 | 2026_UAD _487704_31 | रविन्द्रनाथ टेगोंर वार्ड क्रमांक 45 में पड़रवारा क्षेत्र में पर्यावरण मोहल्ला में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 180 Day 14,79,359/- | 5,000/- 11,095/- | 09/04/2026 |
| 32 | 2026_UAD _487704_32 | इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 04 में स्थित शिवाजी नगर क्षेत्र में अनूप शुक्ला के घर से सुमित जायसवाल के घर तक डामरीकरण कार्य। | 120 Day 51,59,385/- | 10,000/- 25,797/- | 09/04/2026 |
| 33 | 2026_UAD _487704_33 | इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 04 में शिवाजी नगर में गली नं0 13 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 90 Day 28,82,433/- | 5,000/- 21,618/- | 09/04/2026 |
| 34 | 2026_UAD _487704_34 | राममनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 05 में रचना नगर क्षेत्र में सी.सी. नाली निर्माण। | 90 Day 26,01,031/- | 5,000/- 19,507/- | 09/04/2026 |
| 35 | 2026_UAD _487704_35 | जालपा देवी वार्ड क्रमांक 08 में स्थित डॉ. सन्मुखदास से लच्छू सिंधी के घर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 90 Day 12,57,615/- | 2,000/- 9,432/- | 09/04/2026 |
| 36 | 2026_UAD _487704_36 | जालपा देवी वार्ड क्रमांक 08 में स्थित मदन सुहाने से अकुर जैन एवं यादव जी से बल्लू चौदहा तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 90 Day 11,42,092/- | 2,000/- 8,565/- | 09/04/2026 |
| 37 | 2026_UAD _487704_37 | जालपा देवी वार्ड क्रमांक 08 में स्थित माँ कृपा से पाठक के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण। | 90 Day 11,17,675/- | 2,000/- 8,382/- | 09/04/2026 |
| 38 | 2026_UAD _487704_38 | वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 में नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 90 Day 12,71,616/- | 2,000/- 9,537/- | 09/04/2026 |
| 39 | 2026_UAD _487704_39 | वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 आधार काप क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में नाल निर्माण कार्य। | 90 Day 22,35,397/- | 5,000/- 16,765/- | 09/04/2026 |
| 40 | 2026_UAD _487704_40 | जय प्रकाश वार्ड क्रमांक 10 में विभिन्न स्थानों में सी. सी. सड़क निर्माण कार्य। | 90 Day 13,99,509/- | 2,000/- 10,496/- | 09/04/2026 |
| 41 | 2026_UAD _487704_41 | जय प्रकाश वार्ड क्रमांक 10 में विभिन्न स्थानों में डामरीकरण कार्य। | 120 Day 57,86,977/- | 10,000/- 43,402/- | 09/04/2026 |
| 42 | 2026_UAD _487704_42 | नेहरू वार्ड क्रमांक 28 में माया चौधरी गली में विजय पाण्डेय के घर से माया के घर के आगे गुप्ता चाय वाले तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य। | 90 Day 13,23,252/- | 2,000/- 9,924/- | 09/04/2026 |
| 43 | 2026_UAD _487704_43 | शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 में डामरीकरण कार्य। | 90 Day 10,37,824/- | 2,000/- 7,783/- | 09/04/2026 |
| 44 | 2026_UAD _487704_44 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 03 में सुषमा तिवारी से शंकर दुबे तक सी.सी रोड़ निर्माण कार्य। | 90 Day 25,84,581/- | 5,000/- 19,384/- | 09/04/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त**
**नगरपालिक निगम, कटनी**


■ बिजली एवं इंटरनेट की तरह एक आवश्यक अवसंरचना के रूप में देखना चाहिए

# एआई से इतिहास का सबसे बड़ा अवसंरचना निर्माण शुरूः हुआंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी एनवीडिया के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेनसन हुआंग ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) मानव इतिहास में ' सबसे बड़े अवसंरचना निर्माण ' को गति दे रही है, जिसके लिए खरबों डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी और कुशल श्रमिकों की भारी मांग उत्पन्न होगी। हुआंग ने हाल ही में प्रकाशित एक ब्लॉग लेख में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) अब केवल एक साधारण अनुप्रयोग या एकल मॉडल तक सीमित नहीं रही है, बल्कि इसे बिजली एवं इंटरनेट की तरह एक आवश्यक अवसंरचना के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने लिखा, ' हमने अभी इस निर्माण की शुरुआत ही की है। अब तक इसमें कुछ सौ अरब डॉलर का निवेश हुआ है, जबकि अब भी खरबों डॉलर की अवसंरचना तैयार की जानी बाकी है। दुनिया भर में अभूतपूर्व स्तर पर चिप कारखाने, कंप्यूटर 'असेंबल' संयंत्र और कृत्रिम मेधा (एआई) कारखाने बनाए जा रहे हैं। यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा अवसंरचना निर्माण बनता जा रहा है।हुआंग ने कृत्रिम मेधा (एआई) का ''पांच परतों वाले ढांचे'' के रूप उल्लेख किया जिसमें ऊर्जा, चिप, अवसंरचना, मॉडल और अनुप्रयोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा इसकी आधारभूत परत है और यह इस बात की प्रमुख सीमा तय करती है कि कोई प्रणाली कितनी बुद्धिमत्ता उत्पन्न कर सकती है।

एनवीडिया प्रमुख ने कहा कि यह विशाल औद्योगिक बदलाव पारंपरिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करेगा।

# अब इंटरनेट के बिना होगा भुगतान, फोनपे ने पेश किया 'ऑन-द-गो' कार्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने 'फोनपे रूपे ऑन-द-गो कार्ड' पेश करने की घोषणा की है। यह एक राष्ट्रीय सार्वजनिक परिवहन कार्ड (एनसीएमसी) है। यह पहल भारत के 'एक देश एक कार्ड' दृष्टिकोण की दिशा में अहम कदम है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सार्वजनिक परिवहन के भुगतान को डिजिटलीकृत करना है। फोनपे का 'ऑन-द-गो' कार्ड उपयोगकर्ताओं की रोजाना यात्रा को सरल बनाने के लिए तैयार किया गया है और यह एक एकीकृत परिवहन कार्ड के रूप में काम करता है। इससे मेट्रो, बस, ट्रेन, टोल और पार्किंग जैसी सभी एनसीएमसी-सक्षम सेवाओं पर त्वरित 'स्पर्श कर भुगतान' के माध्यम से लेन-देन किया जा सकेगा।


## MP POWER MANAGEMENT CO. LTD.
Adm. Complex Maint. Dn. Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | e-Tender ID | 2026_MPPMC_487713_1 |
| 2. | Tender Specification No. | DGM/EEC/Adm.Comp./M/PUR/T-351 |
| 3. | Tender Type/Mode of Tender | E- Tendering |
| 4. | Tender for | Providing and fixing CCTV Cameras inside of Shakti Bhawan and near NBD and MO type at MPPMCL, Jabalpur |
| 5. | Bid Submission Last Date & Time | 30.03.2026 15:00:00 |
| 6. | Tender Opening Date & Time | 01.04.2026 15:30:00 |
| 7. | Bid Fee (INR) | 885/- |
| 8. | Earnest Money (INR) | 16,640/- |
| 9. | Eligibility of Contractor for participating in e-Tendering. | As per SCHEDULE-I |
| 10. | Tender Forms Available at Website | https://mptenders.gov.in |
| 11. | Contact No. for any other details required. | 0761-2702864 (Office Time) |

**Note** -The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on https://mptenders.gov.in
M.P. Madhyam/124867/2026 **DGM (Civil)**

## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/126/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40251677A | 20 वाट फोर फीट LED फिटिंग विथ Tube | 39071 नंबर | 27/03/2026 |
| 2 | 38252365B | पैकिंग प्लेट ( 37MM थिकनेस) | 14215 नंबर | 30/03/2026 |
| 3 | 40252772 | इमरजेंसी लाईटिंग यूनिट फॉर EOG टाइप LHB कोचेस | 1113 नंबर | 30/03/2026 |
| 4 | 40252663 | 4.5KW, 110/120V DC ब्रुशलेस अल्टरनेट | 50 नंबर | 02/04/2026 |
| 5 | 65255004B | सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ EOT क्रेन 15 टन अलोंग विथ DSL | 04 नंबर | 02/04/2026 |
| 6 | 20265005 | TFT डिस्प्ले यूनिट SOM(MDS740V2-DIALS) फॉर डयूल कैब लोको | 06 नंबर | 09/04/2026 |
| | | DC लिंक स्विच असेंबली मेधा पार्ट No.SP696901003 | 03 नंबर | |
| | | इंन्वर्टर फेज मॉडल ASSY "DG" टाईप– MHS 722P GD | 06 नंबर | |
| 7 | 82255968 | ओसिमेर्टिनिब 80 mg टेबलेट | 270 नंबर | 15/04/2026 |
| | | ओसिमेर्टिनिब 80 MG टेबलेट/कैप्सूल | 690 नंबर | |
| 8 | 50264012 | रूट LED सिंगल लाईटंग यूनिट, 110VAC | 2756 नंबर | 22/04/2026 |
| | | शंट LED सिंगल लाईटंग यूनिट 110V | 1669 नंबर | |
| | | कालिंग ऑन LED सिंगल लाईटंग यूनिट 110V AC | 474 नंबर | |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।


(हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


■ दुनिया भर के 55 प्रतिशत से अधिक केंद्रों का गढ़

# जीसीसी का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है और दुनिया भर के ऐसे 55 प्रतिशत से अधिक केंद्र यहां स्थित हैं। हालांकि इन नवाचार केंद्रों को केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर 500 से अधिक अलग-अलग कानूनी दायित्वों और हर वर्ष 2,000 से अधिक अनिवार्य अनुपालन (फाइलिंग) वाली जटिल नियामकीय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारत की प्रमुख नियामक प्रौद्योगिकी 'टीमलीज रेगटेक' ने अध्ययन 'भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रः क्षमता का विकास, अनुपालन सुनिश्चित करना' में कहा कि तेज विस्तार और 64.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निर्यात राजस्व में योगदान के बावजूद ये जीसीसी किसी भी उद्यम व्यवस्था में लागू सबसे व्यापक अनुपालन ढांचों में से एक के अंतर्गत काम करते हैं। अध्ययन में कहा गया, ' एक सामान्य वैश्विक क्षमता केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक अनुपालन को सात श्रेणियों में बांटा जा सकता है। प्रत्येक श्रेणी में कई कानून, नियम एवं विनियम शामिल होते हैं, जिनकी लागू होने की सीमा, केंद्र के आकार, प्रकृति एवं संचालन पर निर्भर करती है।'

# पश्चिम एशिया के लिए एयर इंडिया की बड़ी पहल 58 उड़ानें होंगी संचालित




■ एयर इंडिया जेद्दा से आने-जाने वाली आठ उड़ानों का करेगी संचालन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विमानन कंपनी एयर इंडिया और उसकी कम लागत वाली अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस बुधवार को पश्चिम एशिया के लिए कुल 58 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालन करेंगी।

क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच विमानन कंपनियां सेवाओं का संचालन सावधानीपूर्वक कर रही हैं, क्योंकि कई क्षेत्रों के हवाई मार्ग प्रतिबंधित हैं और कुछ मार्ग बंद भी किए गए हैं। एयर इंडिया ने कहा कि दोनों कंपनियां 11 मार्च को जेद्दा और मस्कट से आने-जाने वाली अपनी-अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी। बयान के अनुसार, एयर इंडिया जेद्दा से आने-जाने वाली आठ उड़ानों का संचालन करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट से आने-जाने वाली 14 निर्धारित उड़ानों का संचालन करेगी। एयर इंडिया बुधवार को दिल्ली और मुंबई से जेद्दा के लिए एक-एक आने-जाने वाली उड़ान संचालित करेगी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस जेद्दा के लिए देगी हवाई सेवाएं

वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद और कोझिकोड से जेद्दा के लिए एक-एक आने-जाने वाली उड़ान चलाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस, मस्कट के लिए अपनी निर्धारित सेवाएं भी संचालित करेगी। इनमें दिल्ली, मुंबई, कन्नूर, तिरुवनंतपुरम और तिरुचिरापल्ली से एक-एक आने-जाने वाली उड़ान तथा कोच्चि से दो आने-जाने वाली उड़ानें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निर्धारित सेवाओं के अलावा एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस संयुक्त रूप से संयुक्त अरब अमीरात से आने-जाने के लिए कुल 36 अतिरिक्त गैर-निर्धारित उड़ानों का भी संचालन करेंगी।

### एफपीआई की हिस्सेदारी 4,634 करोड़ रुपए घटी

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से पूर्णतः सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत जारी सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में एफपीआई की हिस्सेदारी लगभग 4,634 करोड़ रुपए घट गई है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, रुपये की कमजोरी और बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने के बीच विदेशी निवेशकों में सतर्कता बढ़ने को इसका कारण माना जा रहा है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर जबलपुर (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एव लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_489360_1 Date- 10/03/2026 Pro- 947 | संभाग क्रमांक 03 रामपुर अंतर्गत दादा बाबूराव परांजपे वार्ड पंचशील नगर एवं अवधपुरी कालोनी में डामरीकरण कार्य। | 03 माह रू. 28.13 लाख | 5000/- 21098/- | 10/04/2026 |
| 2 | 2025_UAD_489360_2 Date- 10/03/2026 Pro- 947 | संभाग क्रमांक 03 रामपुर अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सडकों में गढडे मरम्मत साइड सोल्डर एवं सडक मरम्मत कार्य। (निगम मद) | 02 माह रू. 20.40 लाख | 5000/- 15601/- | 10/04/2026 |
| 3 | 2025_UAD_489360_3 Date- 10/03/2026 Pro- 947 | संभाग क्रमांक 03 रामपुर अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण, मरम्मत व कवर्ड चेंबर कार्य। (निगम मद) | 02 माह रू. 16.93 लाख | 2000/- 12700/- | 10/04/2026 |
| 4 | 2025_UAD_489360_4 Date- 10/03/2026 Pro- 947 | संभाग क्रमांक 03 रामपुर अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सी. एम. हेल्प लाइन हेतु नाली मरम्मत, निर्माण कार्य, चेंबर एवं पुलिया निर्माण कार्य। (निगम मद) | 02 माह रू. 16.89 लाख | 2000/- 12671/- | 10/04/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोककर्म विभाग**
**नगर निगम जबलपुर**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में ऑयल कंपनी व गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

# जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद: कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ गैस एजेंसियों और होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा। इसके तहत एलपीजी गैस की आपूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उपयोग के लिए सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। वहीं, नई व्यवस्था के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही की जा सकेगी। यह कदम गैस की कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है, ताकि हर परिवार को समय पर गैस सिलेंडर मिल सके। साथ ही कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों जैसी अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर, अन्य व्यावसायिक इकाइयों जैसे होटल, मॉल और औद्योगिक क्षेत्रों को फिलहाल कमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं की जाएगी। बैठक में गैस की बचत करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने गैस एजेंसियों और ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे गैस बचाने के तरीकों को लोगों तक पहुँचाएँ। इसके लिए बर्नर को साफ रखने, गैस की आंच नियंत्रित रखने, फ्लैट तले बर्तन का उपयोग करने, इंडक्शन और प्रेशर कूकर का प्रयोग करने जैसे उपायों के बारे में जानकारी दी जाए।

इस प्रकार, यह बैठक जिले में गैस आपूर्ति की सुरक्षा और उचित वितरण के लिए किए गए महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी देने वाली रही, जिससे नागरिकों को लाभ होगा और भविष्य में गैस की आपूर्ति में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।






# पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की 81वीं जयंती पर भावांजलि अर्पित की

**खेल अलंकरण पुरस्कार का आयोजन**

**जबलपुर**। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 81वीं जयंती पर जबलपुर स्थित सिंधिया पार्क में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद पाठक के संयोजन में भावांजलि कार्यक्रम के माध्यम से भजनों की प्रस्तुति दीपक राजानी ग्रुप द्वारा दी गई और श्रीमंत सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण कर उनके द्वारा देश में किए गए विकास कार्यों की सराहना कर उनके कृतित्व को याद किया गया। साथ ही इस वर्ष 2026 का श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल अलंकरण पुरस्कार संस्कारधानी जबलपुर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन करने वाली एयर राइफल शूटर जूनियर नेशनल चैंपियन कुमारी गौतमी भनोट को मोमेंटो, शॉल, श्रीफल और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात साहू, डॉक्टर जितेंद्र जामदार, सुधीर नायक, संदीप जैन, डॉक्टर संजय चौधरी, पार्षद लवलीन आनंद, एसके मुद्दिन, अनवर हुसैन, शिवम तिवारी, रमेश काका, शंकर श्रीवास्तव, अनीश तिवारी, अरविंद साहू, अर्जुन साहू, प्रतिभा भांपकर, शारदा कुशवाहा, योगेश बिलोहा, नरेश चौधरी, सिद्धार्थ शुक्ला, राकेश पटेल, दिनेश पटेल, सुंदर अग्रवाल, रामानुज तिवारी, रमाकांत मिश्रा, शिवा चौधरी, वीरेंद्र पटेल, सुरेश पांडे, राजेश सेन, संजीव जायसवाल, मनोज परोहा, अंकित श्रीवास्तव, अतुल सिंह, अमित सिंह, आदि जन शामिल हुए।

# लोक रंग फाग के संग कार्यक्रम में शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

**जबलपुर**। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय द्वारा आयोजित ₹लोक रंग फाग के संग₹ कार्यक्रम ने परिसर को सांस्कृतिक गौरव से भर दिया। हिंदी विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से दमोह जिले से आई फाग मंडली ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल छू लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी और हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने किया।प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फाग के सांस्कृतिक महत्व को समझाया और बताया कि यह लोक कला हमारी समृद्ध संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए एक आवश्यक अनुभव बताया, जिससे वे अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ सकें। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने भी फाग को आंचलिक लोक गायन की पहचान माना और ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में दमोह के बिसमाखेड़ी ग्राम से आई 20 सदस्यीय फाग टोली ने अपनी बेहतरीन फाग प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत कर दिया। जब उन्होंने पारंपरिक पंक्तियाँ ₹चले आते हैं कुंवर कर सोहे धनुष और बान₹ और ₹जयद्रथ ऐसी कह रहा सुन बालक नादान..₹ का गायन किया, तो सभागार तालियों से गूंज उठा। टोली के कलाकारों के आकर्षक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. बलिराम अहिरवार ने प्रभावशाली ढंग से किया, और उन्होंने फाग टोली के साथ गायन भी किया, जिससे कार्यक्रम की रंगत और बढ़ गई। डॉ. ममता तिवारी ने लोकसंस्कृति और फाग पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 182 विद्यार्थियों सहित डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. मृत्युंजय सिंह, डॉ. डी.के. मिश्रा और अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।




## बैंक ऑफ इंडिया का "मेगा समझौता अभियान" 20 मार्च तक

**जबलपुर**। बैंक ऑफ इंडिया 16 से 20 मार्च 2026 तक "मेगा समझौता अभियान" का आयोजन कर रहा है, जिसके तहत देश भर में स्थित अपनी सभी शाखाओं/जोनों और एफजीएमओ में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान किया जाएगा। यह समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए बनाया गया है, जो व्यावसायिक संकट, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या किसी अन्य वास्मृविक कारण से समय पर ऋण चुकाने में असमर्थ रहे हैं। हमारे बैंक के पास छोटे और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से एनपीए खाता धारक उधारकर्ताओं को विशेष और आकर्षक छूट प्रदान की जाती है। हम सभी एनपीए खाताधारक उधारकर्ताओं से अपील करते हैं कि वे 16 से 20 मार्च 2026 तक चलने वाले "मेगा समझौता अभियान" के दौरान एनपीए ऋण खातों का निपटान करके इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर**। "जीवन के हर कदम पर विज्ञान की महत्ता है" ऐसे उद्गार व्यक्त किए मुख्य अतिथि डॉक्टर राजीव चांडक ने, अवसर था मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का, जिसका आयोजन तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर द्वारा 09 एवं 10 मार्च को किया गया।कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के डॉ. राजीव चांडक प्राचार्य जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेजद्वारा विज्ञान की महत्ता विषय पर तकनीकी प्रेजेंटेशन दिया गया। दूसरे दिन समापन सत्र में के मुख्य अतिथि एवं अतिथि वक्ता डॉ. के.के. कुशवाहा विभाग अध्यक्ष भौतिक विज्ञान जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा नैनो मटेरियल विषय पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिया गया। विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना इस थीम पर आधारित कार्यशाला में डॉ. कुशवाहा ने अपने प्रेजेंटेशन में विज्ञान में महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में डॉ. संजय वर्मा ने म्यूजिक-ए-मेलोडियस साइंस एवं डॉ. शीतल मेहता ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उपलब्धि विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस कार्यक्रम में अभियांत्रिकी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे साइंस क्विज, पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, वाद विवाद एवं साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अभियांत्रिकी विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम उपरांत समस्त विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष आर.एन. पहारिया, सचिव इंजी. शरद गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई.के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू सहित सभी विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संजय वर्मा एवं सह-संयोजक के रूप में डॉ. शीतल मेहता रहीं।



# भारतीय सर्व जनजाति सेना ने माँ माला देवी मंदिर में आदिवासी परंपरा से किया रंगपंचमी का आयोजन

**जबलपुर**। भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मुताबिक पूरे देश में रंगपंचमी का पर्व बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गढ़ा पुरवा स्थित गोंडवाना साम्राज्य की कुलदेवी माँ मालादेवी के मंदिर में आदिवासी समुदाय ने अपनी प्राचीन परम्पराओं का निर्वहन करते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया, फूलों की वर्षा और पारंपारिक फाग गीतों के साथ एकदूसरे का रंग-गुलाल लगाकर इस पावन पर्व को बड़े ही भव्यता व उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत लखनादौन पूर्व विधायक शशि ठाकुर मरावी द्वारा किए गए गोंगो पूजन (आदिवासी विधि-विधान से पूजा) के साथ हुई। इस अवसर पर आयोजित फाग उत्सव में सिवनी, बेलखेड़ा, बरगी और जबलपुर के आसपास के क्षेत्रों से आए आदिवासी समुदायों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा, जिसमें लोगों ने नाचते, झूमते हुए अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। आयोजक इन्द्र कुमार कुलस्ते ने बताया कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि नई फसल जैसे आम, महुआ, चना, गेहूं, तेन्दू फल आदि अग्निदेव को अर्पित करने का समय होता है और प्रकृति के परिवर्तन का समय होता है। कार्यक्रम के माध्यम से गोंड़ी सभ्यता को जीवित रखने व उनकी अनेक गाथायें बताई गईं।

# भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी प्राकट्योत्सव पर विशाल शोभायात्रा कल

## जबलपुर जिले से हजारों की संख्या में शामिल होंगे स्वजातीयजन

**जबलपुर**। भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर संपूर्ण साहू समाज जिला जबलपुर के तत्वावधान में शुक्रवार 13 मार्च 2026 को भव्य कर्मा देवी की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर समाज एवं श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है, यह बात मप्र तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकरण साहू ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए सिटी कॉफी हॉउस करमचंद चौक में कही।

श्री साहू ने बताया माँ कर्मा देवी की शोभायात्रा का शुभारंभ शुक्रवार 13 मार्च को दोपहर 02 बजे शहर के हृदय स्थल मालवीय चौक से होगा, जो लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा, कोतवाली, मिलोनीगंज चौक, हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर में संपन्न होगी। श्री साहू ने बताया माँ कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा का यह लगातार दूसरा वर्ष है। गत वर्ष शोभायात्रा में जबलपुर जिले के शहरी और ग्रामीण सभी क्षेत्र से समाज के भाई, बहिन हजारों की संख्या में शामिल हुए थे और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई थी। गत वर्ष के आयोजन की सफलता के बाद साहू समाज के सदस्यों ने निर्णय लिया कि हमारी आराध्य भक्त शिरोमणि माँ कर्मा जी की जयंती पर इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा निकाली जाये। शोभायात्रा की तैयारी अंतिम चरणों में है, इसके लिए जबलपुर जिले में एवं आसपास भी बैठकें आयोजित कर सामाजिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। समाज के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया इस भव्य शोभायात्रा में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध बैंड (ढोल-ताशा) मुख्य आकर्षक के साथ लगभग 40 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें माता कर्मा देवी के जीवन, संस्कृति और समाज की परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन किया जाएगा। शोभायात्रा में जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक संगठन, युवक-युवतियां एवं महिलाएं शामिल होंगे, जिससे पूरे मार्ग पर भक्ति और उत्साह का माहौल रहेगा। उन्होंने बताया यह पहला अवसर है कि इतनी बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की पहली बार उपस्थिति रहेगी।साहू समाज जिला जबलपुर के पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों एवं शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा में शामिल हों और आयोजन को सफल बनाएं। पत्रकार वार्ता में साहू समाज के श्रीकांत साहू, प्रदीप साहू, अर्जुन साहू, सुरेन्द्र साहू, विमलेश साहू, जितेन्द्र साहू, राजू साहू कोठी, शुभम साहू, शेखर साहू उपस्थित थे।




# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार को नेपाल में मिला सम्मान

**जबलपुर**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नेपाल के लुंबिनी में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में संस्कारधानी की डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार को उनके समाज में सकारात्मक बदलाव और साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी रचनात्मक प्रतिभा, लेखन और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए दिया गया, जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी और वंचित वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। इस सम्मान में डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार की साहित्यिक रचनाएँ, जो संवेदनशीलता, सामाजिक सरोकार और नैतिक मूल्यों को प्रमुखता से व्यक्त करती हैं, को सराहा गया। उनकी रचनाएँ समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सकारात्मक चेतना फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संस्था की अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने समारोह में कहा, ₹आज के दौर में युवा साहित्यकारों का समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार जैसे लेखक अपने लेखन और सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।₹ संस्था के वरिष्ठ सलाहकार रमेश चंद पटेल 'आकाशदीप' और प्रतिभा चयन समिति के संयोजक डॉ. प्रतिभा प्रसाद 'प्रीत' ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार के लिए, बल्कि सभी महिलाओं और पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह सम्मान नेपाल के लुंबिनी 5 में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। डॉ. कुमारी चंद्रा देवी स्वर्णकार को प्राप्त यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान जबलपुर और पूरे देश के लिए गर्व का विषय बन गया है।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश लता पटेल अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक एवं प्रचलित नाम "कल्लो बाई" है अर्थात् मेरा नाम "कल्लो बाई" करना चाहती हूं जिस हेतु आज दिनांक से मुझे "कल्लो बाई के नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा ।

कल्लो बाई
पति स्व. शारदा प्रसाद पटेल
उम्र 62 वर्ष
निवासी- म.नं. 1121 / ए, जय प्रकाश नगर महर्षि महेश योगी वार्ड, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

**In The Court of XXXIV Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur Presiding Officer:** ऋचा बठेजा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A/0000724/2023)**
दिलीप आनंदानी..........वादी
राहुल आनंदानी............ प्रतिवादी
**Process Id- /2026**
पेशी दिनांक:- 13/03/2026

प्रेषिती- (1) विजय राठौर पिता आर.पी. राठौर पता- गोकलपुर जिला जबलपुर (2) संतोष सोनी पिता नंदकिशोर सोनी पता- लेडी चर्च घाना पोस्ट सोनपुर खम्हरिया जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी दिलीप आनंदानी ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए दावा वास्ते स्तत्व घोषणा हेतु मूल्यांकन एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(ऋचा बठेजा) 34वें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जबलपुर

# चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता : खिलाड़ी कर रहे उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन

**जबलपुर**। रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के मुखिया महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न सुरक्षा बलों की कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के सभी मैचों का पहली बार यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिससे खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों के परिजन घर और कार्यस्थल से भी मैचों का आनंद ले पा रहे हैं। दिनांक 11.03.2026 को प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

**पहला मैच-** MPSAF मंडला v/s ITBP, MPSF Mandalaa ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए MPSAF मंडला की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ITBP की टीम 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार MPSAF मंडला ने यह मैच जीत लिया। MPSAF के खिलाड़ी J.N. Jay ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 रन बनाए तथा दो विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**दूसरा मैच-** JAK Army बनाम 54 ASC Army के मध्य खेला गया। इस मैच में JAK Army ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। JAK Army की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 189 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए 54 ASC Army की टीम निर्धारित 15 ओवर में 170 रन ही बना सकी। इस प्रकार JAK Army ने यह मुकाबला जीत लिया। JAK Army के खिलाड़ी सबवीर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**तीसरा मैच-** CISF बनाम MP पुलिस जबलपुर के मध्य खेला गया। इस मैच में CISF ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, किंतु पूरी टीम 98 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए MP पुलिस जबलपुर की टीम ने 8.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाकर मैच जीत लिया। MP पुलिस के खिलाड़ी सुमन ने 13 रन बनाने के साथ दो विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आज के मैचों के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी GRP जबलपुर संजीवनी राजपूत रहीं, जिनके कर कमलों द्वारा खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के खेले गए मैच में अंपायर की भूमिका त्रिलोक नायडू, असलम अली, हसन अली ने निभाई।

विदित है कि इस वर्ष प्रतियोगिता में Railway Protection Force, Army Grenadiers, Jammu & Kashmir Rifles, GRP, MP Police, MPSAF Jabalpur, MPSAF Ranjhi, MPSAF मंडला, 54 ASC Army, ITBP तथा CISF की टीमें भाग ले रही हैं।



लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर रार बोले-रविशंकर

# नेहरू-1954 के उदाहरण पर भिड़ा पक्ष-विपक्ष, प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकार को संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा सांसद मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि स्पीकर को हटाने के इस प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकारको संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने दुख जताया कि सदन को आज ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता।

उन्होंने संसदीय नियमों और संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत सोच-समझकर बोलना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने फिर आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेशों में जाकर भारतीय संसद, संविधान और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले इन्हीं संस्थाओं के तहत कई चुनाव जीते हैं, लेकिन अब वह इन्हीं पर निशाना साध रही है।

### इंदिरा के पोते के ज्ञान पर मैं तो सन्न रह गया

रविशंकर ने कहा कि राहुल आरोप लगाते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया। आखिर वेबोलते क्या हैं। इनका कहना है कि तपस्या से गर्मी आती है। मैं तो सन्न रह गया कि आत्मा से परमात्मा का मिलन है तपस्या। आखिर इंदिरा जी के पोते का इस पर क्या ज्ञान है? इस पर मुझे हैरानी हुई। रविशंकर ने कहा कि इस तरह का मुद्दा सदन में उठना दुखद है। समस्या यह है कि विपक्ष इसे समझना नहीं चाहते।

*भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन को ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता। इस दौरान नियमों का भी हवाला भी दिया गया।*

'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला

### शब्दों के चयन में सावधानी रखनी चाहिए

प्रसाद ने 'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बोलते समय अपने शब्दों का चयन सावधानी से करना चाहिए। रविशंकर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेश यात्राओं के दौरान संसद, संविधान और चुनाव आयोग का मजाक उड़ाते रहे हैं।

### विपक्ष बोला था-भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल की है


रविशंकर ने कहा कि विपक्ष पर तंज करते हुए कहा पता नहीं विपक्ष को सेना से क्या प्यार है, वे उनकी शहादत पर सबूत मांगते हैं। मेरे पास राहुल की सभी टिप्पणियों की लिस्ट है। रविशंकर ने राहुल के आचरण पर कहा कि विपक्ष के नेता आंख मारते हैं, ये क्या व्यवहार है। पीएम के गले पड़ते हैं और कहते हैं कि हमें सदन में बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष और राहुल गांधी सदन को अराजकता में बदलना चाहते हैं कि यह स्वीकर नहीं है। यह संसद सर्वोच्च है। स्पीकर के खिलाफ प्रायोजित, उत्तेजित प्रस्ताव लाया गया है। हम इसे खारिज करेंगे। राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत से यह भी कह दिया कि भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल हैं।

### प्रोपेगैंडा नेता सदन के सारे नियम तोड़ रहेः अनुराग




भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग इस सदन में 'माइनस ट्रिपल सी' के साथ प्रवेश करते हैं। कोई सिविक सेंस (नागरिक समझ) नहीं, कोई कॉमन सेंस (सामान्य समझ) नहीं, और कोई संवैधानिक समझ नहीं। जब हम लोकसभा के सदस्य बने थे, तो हमें बताया गया था कि सदन के अंदर कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन एक व्यक्ति इन सभी नियमों को तोड़ता है, और वह है प्रोपेगैंडा (दुष्प्रचार) का नेता। यह 'फोमो गांधी' हैं। उन्हें सुर्खियों में न रहने का डर सताता है। अनुराग ठाकुर का कहना है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी को बोलने का मौका दिया है, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों।

### सत्ता पक्ष ने बिरला का किया बचाव



सत्ता पक्ष (एनडीए) ने ओम बिरला का बचाव किया। सरकार ने कहा कि विपक्ष यह प्रस्ताव सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए लाया है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि स्पीकर पूरी तरह निष्पक्ष हैं और सांसदों के खिलाफ कार्रवाई उनके खराब व्यवहार की वजह से हुई थी। संविधान के अनुसार, स्पीकर चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रह सकते हैं, लेकिन ओम बिरला ने मंगलवार की कार्यवाही से दूर रहने का फैसला किया। इस चर्चा का अंत बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के साथ हुई।

### जयराम ने 1954 के दस्तावेज साझा किए



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रिजिजू के इन दावों पर तुरंत पलटवार किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर 1954 की बहस के कुछ दस्तावेज साझा किए। रमेश ने बताया कि 18 दिसंबर 1954 को प्रधानमंत्री नेहरू खुद पूरी बहस के दौरान सदन में बैठे थे और उन्होंने चर्चा में हिस्सा भी लिया था। नेहरू ने खुद डिप्टी स्पीकर से अनुरोध किया था कि चर्चा का ज्यादातर समय विपक्ष को मिलना चाहिए। नेहरू का कहना था कि सरकारी पक्ष को ज्यादा समय नहीं लेना चाहिए ताकि विपक्षी सदस्य अपनी बात विस्तार से रख सकें।जयराम ने एक और बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1954, 1966 और 1987 में जब भी स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव आया, तब सदन में डिप्टी स्पीकर मौजूद थे। लेकिन 2019 के बीच से लोकसभा में कोई डिप्टी स्पीकर नहीं है। रमेश ने इसे संविधान का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 1954 में कांग्रेस के पास 489 में से 364 सांसद थे, फिर भी नेहरू ने विपक्ष की आवाज को महत्व दिया था।

### यह गांधी परिवार का वंशवादी विशेषाधिकार बना



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, मैं इस सदन के संरक्षक (स्पीकर) का समर्थन करना अपना राजनीतिक, संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य मानता हूं। इस तरह के प्रस्ताव का मुख्य कारण कांग्रेस और विशेष रूप से गांधी परिवार की सभी के साथ समान व्यवहार को स्वीकार करने में अक्षमता है। जो लोग वंशवादी विशेषाधिकारों के आदी हैं, उन्हें समानता अन्याय लगेगी। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि गांधी परिवार कोई गलती कर ही नहीं सकता।

### नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाताः वेणुगोपाल



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष संसदीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और जब वे सदन में खड़े होकर बोलते हैं तो उन्हें सुना जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी नेता प्रतिपक्ष बोलने के लिए खड़े होते हैं, उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा ऐसा कैसे हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही न दिया जाए।

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा होनी चाहिएः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है।

### एलपीजी के हालात देखिएः प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि जनता कितना बर्दाश्त करेगी। हर चीज के दाम बढ़ गए हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और अब देखिए कि सरकार की नीतियों की वजह से एलपीजीसे उन्हें कितना नुकसान हो रहा है। बेहतर होता कि इस पर पार्लियामेंट में चर्चा होती, कम से कम हम लोगों के मुद्दे तो उठा पाते।

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### सीबीआई की अर्जी को दूसरी बेंच के पास भेजें



**नई दिल्ली।** आबकारी मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को बुधवार को पत्र लिखा गया है।इसमें मांग की गई है कि सीबीआई की ओर से दायर की गई याचिका को जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा की बेंच से किसी और बेंच के पास भेज दिया जाए।

### मंडी में चलती बस के पीछे लटका मासूम



**मंडी।** जिला मंडी के जोगिंद्रनगर उपमंडल से वीडियो सामने आया है। स्कूल पहुंचने की जिद में बच्चा एचआरटीसी के जोगिंद्रनगर डिपो की चलती बस के पीछे लगी सीढ़ी पर लटक कर सफर करता हुआ दिखाई दे रहा है। बुधवार को वायरल हुए इस वीडियो ने लोगों की सांसें रोक दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अब दिल्ली के नए उपराज्यपाल बने संधू



**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली। यह समारोह लोक निवास में आयोजित किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सीएमरेखा गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पीएम मोदी ने केरलम में 10 हजार 800 करोड़ के प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा, इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश की हो रही प्रशंसा



एजेंसी ▶▶ एर्नाकुलम

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल दौरे पर पर10 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने केरल को केरलम कहकर पुकारा। केरल के एर्नाकुलम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान बुधवार को प्रधानमंत्री ने कहा आज दुनिया आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे निवेश के लिए भारत की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है। बजट में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिकॉर्ड फंड रखा गया है। इस निवेश का बहुत अधिक फायदा केरलम को मिल रहा है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत शोरनूर जंक्शन, कुट्टि-पुरम और चंगनासेरी रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया गया है। शोरनूर–नीलांबुर रेल लाइन के एक बड़े सेक्शन का विद्युतीकरण भी पूरा किया गया है। पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत भी हुई है। इससे केरलम और तमिलनाडु, दोनों राज्यों के लोगों को और अधिक सुविधा होगी।आज कोच्चि रिफाइनरी में पॉली-प्रोपाइलीन यूनिट के शिलान्यास के पीछे भी यही लक्ष्य है।

रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने से लाखों नागरिकों को मिल रहा लाभ



पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत

### एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश आगे बढ़ा

*उन्होंने कहा कि भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा है। एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश तेजी से प्रगति कर रहा है। ऐसे हर काम के लिए, ज्यादा एनर्जी चाहिए, ज्यादा से ज्यादा ग्रीन और क्लीन एनर्जी की आवश्यकता है। और भारत सोलर पावर के मामले में दुनिया के टॉप के देशों में से एक बन चुका है। हमारा प्रयास है कि केरलम भी सोलर पावर जनरेशन में और आगे बढ़े। इसी मकसद से आज वेस्ट कल्लाडा, उसमें 50 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। केरलम में तो बहुत बड़ी संख्या में वॉटर बॉडीज हैं। यहां फ्लोटिंग सोलर पावर क्षेत्र में बहुत पोटेंशियल भी है।*

### सिक्स लेन की सड़क बनने से कनेक्टिवटी बेहतर होगी

पीएम मोदी ने कहा कि केरलम के कई महत्वपूर्ण रोड प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। सिक्स लेन की सड़क बनने से अलीक्कल पोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। सिक्स लेन के कोजिकोड बाइपास से जाम की समस्या कम होगी और इससे ट्रैवल टाइम भी बहुत बच सकेगा। इन सारे प्रोजेक्ट्स से केरलम के किसानों को लाभ होगा, यहां टूरिज्म और दूसरी इंडस्ट्री को बल मिलेगा। ये जितने भी प्रोजेक्ट्स हैं, इनसे केरलम के हजारों नौजवानों को नए रोजगार मिलने वाले हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि ये सभी प्रोजेक्ट विकसित केरलम के हमारे संकल्प को सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### मछुआरों के लिए 1400 करोड़ का प्रावधान किया

पीएम मोदी ने कहा कि हमें मत्स्य पालन में नई संभावनाओं को साकार करने और मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार करने की आवश्यकता है। एनडीए सरकार उनकी प्रगति और क्षमताओं को असीमित स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा-एनडीए सरकार ने ही मत्स्य पालन के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत केरल के लिए लगभग 1400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। समुद्र में जाने वाले मछुआरों की सुरक्षा भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। पहले हमारे मछुआरे भाई-बहन खुले समुद्र में जाते थे, तो उनके घरवाले उनके वापस आने तक चिंता और डर में डूबे रहते थे, क्योंकि समुद्र में मौसम को लेकर हमेशा आशंकाएं बनी रहती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। हमने सैटेलाइट के जरिए समुद्र में जाने वाले मछुआरे भाई-बहनों की सुरक्षा को और मजबूत किया है। तकनीक भी मछुआरा समुदाय की एक ताकत है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

तमिलनाडु में 5,650 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया

## 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई राज्य को भविष्य के लिए खास बताया



**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री ने केरल दौरे के बाद तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए खास है। आज शुरु किए गए प्रजोक्ट्स लोगों को काफी फायदा पहुंचाएंगे। तमिलनाडु में एक ऐसा शहर है जहां दो रेलवे स्टेशन एक-दूसरे से मुश्किल से छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, फिर भी अब तक, उनमें से कोई भी अपने लोगों को झारखंड के खनिज-समृद्ध क्षेत्र के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रदान नहीं कर सका था। वह शहर कोयंबटूर है। लेकिन अब यह स्थिति बदलने वाली है, जब प्रधानमंत्री मोदी तिरुचिरापल्ली से 'पोदानूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। दक्षिण के करघा-नगरों से लेकर पूरब के कोयला-खदानों से घिरे पठारों तक, भारतीय रेल ने उस मांग को पूरा किया है जिसे यह क्षेत्र दशकों से संजोए हुए था। पोदानूर जंक्शन कोयंबटूर का दूसरा सबसे बड़ा रेलवे केंद्र है और शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित है, यह इस नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' का शुरुआती स्टेशन है। इसके कुछ ही मिनटों बाद कोयंबटूर जंक्शन आता है, जो इसका पहला कमर्शियल हॉल्ट (ठहराव) है। ये दोनों स्टेशन मिलकर कोयंबटूर के लाखों लोगों को ऐसी रेलगाड़ी तक पहुंचने के दो रास्ते उपलब्ध कराते हैं, जो सीधे धनबाद तक जाती है।

### *यह पूर्वी भारत को 'एनर्जी बेल्ट' से जोड़ेगी*

*पहले इस यात्रा में चेन्नई या विजयवाड़ा के लिए ट्रेन पकड़ना, वहां घंटों इंतजार करना, और फिर दूसरी ट्रेन पकड़ना; जिससे पहले से ही लंबे इस सफ़र में एक पूरा दिन और जुड़ जाता था। नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ने इस पूरे समीकरण को ही बदल दिया है। यह साप्ताहिक सेवा है। यह हर शनिवार सुबह पोदानूर से रवाना होगी और सोमवार तड़के धनबाद पहुंच जाएगी, जबकि वापसी की सेवा हर सोमवार को धनबाद से चलेगी। यह दक्षिण भारत के औद्योगिक केंद्र को पूर्वी भारत की 'एनर्जी बेल्ट' से जोड़ता है।*

### *पहले होता था 2,000 किमी का सफ़र*

*एक विशेष तरह की थकान को सिर्फ़ वही लोग जानते हैं जिन्हें घर जाने के लिए 2,000 किलोमीटर का सफ़र तय करना पड़ता है। तिरुप्पुर का वह कपड़ा मजदूर जिसका परिवार धनबाद के बाहर किसी गांव में रहता है। कोयंबटूर का वह मशीन चलाने वाला, जिसके बच्चे झारखंड में उसके बिना ही बड़े हो रहे हैं। वह जवान लड़की जिसने बोकारो छोड़कर कोयंबटूर की कताई मिलों की छांव में कपड़े सिलने का काम शुरू किया। उनके लिए, घर का सफ़र सिर्फ़ एक परेशानी नहीं थी, बल्कि एक हिसाब-किताब भी था। क्या मैं इसके लिए समय निकाल सकता हूं? क्या मैं ट्रेन बदलने की झंझट, भीड़-भाड़ वाले प्लेटफ़ॉर्म और अनिश्चितता को झेल सकता हूं?*

मुंबई में गहराया एलपीजी संकट

# कमर्शियल गैस आपूर्ति हुई ठप होटल उद्योग पर बंदी का खतरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां एलपीजी गैस की किल्लत ने वाणिज्यिक क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया है, खासकर होटल और रेस्टोरेंट उद्योग को. कालबा देवी गैस एजेंसी के एक कर्मचारी धनाजी कदम के अनुसार 6 अप्रैल से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई है. पहले जहां रोजाना 100 से 150 वाणिज्यिक सिलेंडर आते थे, अब वे बिल्कुल नहीं आ रहे हैं। इस अप्रत्याशित कटौती के कारण मुंबई के होटल संचालकों के पास अब केवल 20% एलपीजी स्टॉक बचा है।



### *कई राज्यों में गैस की किल्लत*

*यूपी-बिहार से लेकर तेलंगाना तक देशभर के लोग इन दिनों रसोई गैस सप्लाई के संकट से जूझ रहे हैं। एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई में आई इस रुकावट ने आम लोगों के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। होटल रेस्ट्रोरेंट वालों का कहना है कि उनके पास बस दो दिन का सिलेंडर बचा है।*

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी को सभी किताबों की समीक्षा का निर्देश दिया

# सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो बेहतर, पाठ्यक्रम का रिव्यू जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाए अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। कोर्स की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा।

### *एसजी मेहता बोले- सभी किताबों की समीक्षा की जाएगी*



### *अब पहले विशेषज्ञों की मंजूरी लेंगेः एसजी*

*मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है।*

### कोर्ट ने वितरण पर लगाई थी पूरी तरह रोक

26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। कोर्ट ने कहा कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।

### *परिषद ने 9वीं की नई अंग्रेजी की किताब में सिलेबस कम किया*

*राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा 9 के लिए जारी नई अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक में कई भारतीय लेखकों की रचनाएं शामिल की गई हैं। इनमें तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती, लेखिका और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, नागा लेखिका टेमसुला आओ, प्रसिद्ध कवि रवींद्रनाथ टैगोर और असमिया उपन्यासकार मित्रा फुकन जैसे लेखकों की रचनाएँ शामिल हैं। पहलै किताबों में कुल 29 रचनाओं में से 15 रचनाएं विदेशी लेखकों की थीं।*



हरी सब्जियां हर मौसम में उपलब्ध रहती हैं। इन सब्जियों के सेवन से न केवल इम्यूनिटी बढ़ती है, जरूरी विटामिंस और मिनरल्स शरीर को मिलते हैं। साथ ही कई तरह के रोगों से भी बचाव होता है। हरी सब्जियों के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में जानिए।

# पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं हरी सब्जियां

डाइट सजेशन
डॉ. अनुजा चौहान
डाइटीशियन



आजकल की इस आपा-धापी भरी जीवनशैली में लोग स्वस्थ रहने के लिए नेचुरल चीजों के बजाय महंगे सप्लीमेंट्स और सुपर फूड्स पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। जबकि हर मौसम में प्रकृति हमें पोषक तत्वों से भरपूर ऐसे फल, सब्जियां प्रदान करती है, जो सस्ते और आसानी से उपलब्ध होते हैं। ये शरीर की जरूरत के अनुसार ऊर्जा और पोषण प्रदान करते हैं और हमें कई रोगों से भी बचाते हैं।

**हर मौसम में उपलब्ध:** हमारे देश में मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह की हरी सब्जियां उगाई जाती हैं। सर्दी के मौसम में जहां हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे-पालक, मेथी, बथुआ, सरसों, सोया और केल खूब मिलते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में करेला, भिंडी, तरोई, चौलाई का साग, पत्ता गोभी का सेवन किया जा सकता है। ब्रोकली, शिमला मिर्च, लौकी जैसी हरी सब्जियां लगभग हर मौसम में मिल जाती हैं। ये सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। ये सब्जियां हमारे स्थानीय बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।



**होते हैं कई पोषक तत्व:** सभी हरी सब्जियां, कैलोरी में कम और पोषण में अधिकतम होने की वजह से इनको 'न्यूट्रिएंट डेंसिटी' वाली डाइट भी कहा जाता है। ये सब्जियां विटामिंस, मिनरल, फाइबर और फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होती हैं। मेथी और सरसों का साग फोलेट, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स का प्रचुर स्रोत माने जाते हैं। देखा गया है कि एक कप कच्चे पालक में दैनिक आवश्यकता का विटामिन-ए, विटामिन-के, आयरन कैल्शियम मिलता है। इतना ही नहीं, हरी सब्जियां क्लोरोफिल से भरपूर होती हैं, जो खून की शुद्धिकरण और ऑक्सीजन परिवहन में सहायक होता है।

**कई रोगों से करे बचाव:** हरी सब्जियों में मौजूद ल्यूटिन, जियाजैंथिन और बीटा-कैरोटिन जैसे यौगिक, फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, उन्हें नष्ट कर शरीर से बाहर करने में सहायक होते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में नाइट्रेट्स जैसे तत्वों की मौजूदगी हृदय रोग के जोखिम को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मददगार होती है। कुछ हरी सब्जियां जैसे सरसों, केल, ग्लूकोसाइनोलेट्स नामक यौगिक छोड़ती हैं, जो फ्री रेडिकल्स के विकास को रोकने में सहायक होता है। इनके अतिरिक्त विटामिन-के का अच्छा स्रोत होने की वजह से ये सब्जियां हड्डियों में कैल्शियम के जमाव और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च फाइबर के कारण ये ब्लड शुगर को स्थिर रखती हैं। हरी सब्जियां इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती हैं। इनमें मौजूद ल्यूटिन और जियाजैंथिन कंपाउंड आंखों की कोशिकाओं को मजबूती देता है। विटामिन सी और ए, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस प्रकार हरी पत्तेदार सब्जियां पोषण का सबसे किफायती और प्रभावी स्रोत हैं। ये ना केवल बीमारियों से बचाती हैं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करती हैं। अपने संतुलित आहार में इन्हें प्रमुख स्थान दें और प्रकृति के इस अनमोल उपहार का पूरा लाभ उठाएं। लेकिन इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी डाइट में मौसम के अनुसार अलग-अलग प्रकार की हरी सब्जियां शामिल करें। *


प्रस्तुतिः संध्या रानी

स्पेशलः वर्ल्ड किडनी डे, 12 मार्च

शरीर में मौजूद छोटा सा एक जोड़ी अंग किडनी, बहुत महत्वपूर्ण काम करता है। इसमें गड़बड़ी होने से आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि किडनी में किन वजहों से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं? साथ ही यह भी जानिए कि किडनी की प्रॉपर केयर आप कैसे कर सकते हैं?

# किडनी की करें प्रॉपर केयर







डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मनीषा सहाय
एचओडी-नेफ्रोलॉजी
उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई अंग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन अंगों में से एक किडनी भी है। राजमा के आकार का शरीर का छोटा-सा अंग किडनी, क्लीनिंग मैकेनिज्म का महत्वपूर्ण काम करती है और शरीर में टॉक्सिंस, इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखती है।

**किडनी के कार्य:** किडनी में नेफ्रॉन नामक सूक्ष्म वाहिकाओं वाले फिल्टर यूनिट (करीब 10 लाख) होते हैं, जो ग्लोमेरूलर फिल्ट्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से शरीर में तकरीबन 140 लीटर खून साफ करते हैं। ग्लूकोज, अमीनो एसिड, प्रोटीन और इलेक्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम) जैसे एसेंशियल तत्व फिल्टर किए रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में वापस चले जाते हैं। जबकि यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन जैसे टॉक्सिक पदार्थ, अतिरिक्त पानी ब्लैडर में जमा होते जाते हैं और यूरिन के जरिए शरीर से बाहर निकल जाते हैं। साथ ही किडनी एरिथ्रोपोइटिन हार्मोन (रेड ब्लड सेल्स बनाने में सहायक), रेनिन हार्मोन (सोडियम लेवल को सामान्य बनाने और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने) का स्राव करती है। हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी एक्टिव विटामिन-डी के निर्माण में भी सहायक है।

**ऐसे होती है समस्या:** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर किडनी के टिश्यू धीरे-धीरे खराब होने लगते हैं और कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। अनदेखी करने या समुचित उपचार न कराने पर किडनी खराब होने लगती है। व्यक्ति एक्यूट किडनी फैल्योर, क्रॉनिक किडनी फेल्यॉर, नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी किडनी की बीमारियों का शिकार हो जाता है। व्यक्ति को असमय मौत का सामना भी करना पड़ सकता है। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है।



**किडनी प्रॉब्लम्स के कारण:** कई गलत आदतें और बीमारियां किडनी खराब होने का कारण बनती हैं। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पॉलिसिस्टिक किडनी डिजीज, किडनी डिस्प्लेसिया, यूटीआई इंफेक्शन जैसी गंभीर बीमारी होना। घर का बना पौष्टिक और संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना। खाने में ऊपर से नमक डालकर खाना। पानी या अन्य तरल पदार्थ जरूरत से कम मात्रा में लेने से डिटॉक्सीफाई न हो पाना। कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना। पेनकिलर, एंटी बायोटिक या अपने मन से दवाओं का ज्यादा सेवन करना। आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे- ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया, किडनी डिस्प्लेसियाएनेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर। इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी, यूटीआई एपाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना। लंबे समय तक यूरिन रोके रहना। नियमित रूप से व्यायाम न करना। एल्होहल का सेवन करना।

**किडनी रोगों के लक्षण:** किडनी की बीमारी को साइलेंट किलर कहा जाता है। कुछ लक्षण किडनी में गड़बड़ी होने की ओर इशारा करते हैं, जिनसे व्यक्ति को सचेत हो जाना चाहिए और यथाशीघ्र डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन आना। खासकर सुबह उठने पर आंखों के आस-पास सूजन होना और शाम होते-होते पैर और टखनों में सूजन आना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एरिथ्रोपोएटिन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना। कमजोरी और थकान महसूस करना। भूख कम लगना, पेट में जलन और दर्द रहना, घबराहट रहना जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होना। मांसपेशियों में खिंचाव होना।

**न करें इग्नोर:** स्वस्थ शरीर के लिए हेल्दी किडनी जरूरी है। किडनी संबंधी समस्या होने पर व्यक्ति को बिना देर किए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर को दिखाना चाहिए। अर्ली स्टेज में बीमारी पकड़ में आने पर आगे का ट्रीटमेंट प्लान हो सकता है।

**डायग्नोसिस:** किडनी की फिल्टर क्षमता को जांचने के लिए ग्लोमेरूलर फिल्टरेशन रेट (जीआरएफ) टेस्ट, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, बायोप्सी जैसे टेस्ट कराए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फेल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से उसे ठीक किया जा सकता है। किडनी ज्यादा खराब होने पर डायलिसिस का सहारा लिया जाता है, जिसमें किडनी का ब्लड फिल्टर करने का काम मशीन अस्थाई तौर पर करती है। स्थिति गंभीर हो जाने पर किडनी ट्रांसप्लांट आखिरी उपाय है, जिसके लिए किडनी डोनेशन की जरूरत रहती है।




**ऐसे करें किडनी केयर:** इन बातों को फॉलो करके आप अपनी किडनी की प्रॉपर केयर कर सकते हैं।

- अगर आपकी किडनी डिजीज की फैमिली हिस्ट्री है, तो रेगुलर मेडिकल चेकअप कराएं। 45 साल से ज्यादा उम्र के लोग साल में एक बार होल बॉडी चेकअप कराएं। किडनी जांच के लिए केएफटी जरूर करवाएं।
- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर होने का पता चले तो आप अपना यूरिन टेस्ट और किडनी फंक्शन टेस्ट जरूर कराएं। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए डायबिटीज को कंट्रोल में रखें।
- वेट कंट्रोल रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।
- न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट लें। कार्बोहाइड्रेट सीमित मात्रा में लें। यथासंभव रिफाइंड सफेद चीजों (चीनी, नमक, मैदा, चावल) के सेवन से बचें। इनके बजाय मल्टीग्रेन आटा, ब्रेड को आहार में शामिल करें।
- पालक, साग, टमाटर जैसी चीजों से परहेज रखें। लौकी, तोरई, परवल, टिंडा और फूलगोभी, किडनी के लिए फायदेमंद हैं। इन में पानी ज्यादा और पोटेशियम कम होता है।
- फ्रूट्स का इनटेक अच्छा रखें। सेब, पपीता और अमरूद फायदेमंद हैं।
- रोजाना 3-4 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खासकर खाने में ऊपर से डाला गया सॉल्ट पूरी तरह अवॉइड करें। अचार, पापड़, नमकीन और डिब्बा बंद बिस्कुट से दूरी बनाकर चलें।
- जंक या फास्ट फूड का सेवन न करें।
- हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। कम पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ शरीर में इकट्ठे होने लगते हैं। लेकिन ज्यादा पानी पीना भी किडनी के लिए नुकसानदायक है।
- डेली कम से कम 6 घंटे की नींद जरूर लें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## इसलिए मनाते हैं वर्ल्ड किडनी डे



**किडनी की** समस्या आज उम्रदराज लोगों में ही नहीं, युवाओं और बच्चों में भी देखी जा रही है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी डिजीज का शिकार हो रहा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करीब 85 करोड़ लोग किडनी डिजीज से जूझ रहे हैं। हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। हर साल क्रॉनिक किडनी डिजीज से तकरीबन 24 लाख लोगों की मौत भी हो जाती है। अनुमान है कि 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है- सभी के लिए किडनी स्वास्थ्यः लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा।




प्रिकॉशन/ डॉ. माजिद अलीम

## हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकते हैं डॉक्टर एआई

आज के समय में विभिन्न आयुवर्ग के बहुत से लोग अपने या अपने परिवार के सदस्यों की बिगड़ती सेहत या किसी बीमारी के लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लेने की बजाय, पहले कदम के रूप में एआई का ही सहारा लेते हैं।

**निर्भरता हो सकती है रिस्की:** हर स्वास्थ्य समस्या के लिए सोशल मीडिया या एआई टूल का उपयोग करना रिस्की हो सकता है। साल 2023 में प्रकाशित एक स्टडी में यह दावा किया गया कि टेलीमेडिसिन पर दी गई हेल्थ कंसल्टेंसी 30 प्रतिशत मामलों में अधूरी या गलत होती है। आमतौर पर एआई से हम अपनी बीमारी के सामान्य लक्षण के आधार पर उनसे सलाह लेते हैं। किसी मरीज की पर्सनल मेडिकल हिस्ट्री या गंभीर बीमारी को एआई भला कैसे समझ सकता है। इसलिए इन पर निर्भर होना गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम बढ़ा सकता है। मुंबई में कार्यरत पैथोलॉजिस्ट डॉ. राजेश बेंद्रे का कहना है, 'अधिकांश एआई उपकरण पश्चिमी आबादी के डेटा का उपयोग करके बनाए गए हैं, जो भारतीय संदर्भ का सही प्रतिनिधित्व नहीं करते और इससे उनकी सटीकता भी सीमित हो जाती है।'



**डॉक्टर से कंसल्टेशन है जरूरी:** एआई के विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी एआई उपकरण के साथ डॉक्टर की सलाह के बिना उस सलाह पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है। खांसी, जुकाम, बुखार जैसी छोटी बीमारियों के अलावा यह गंभीर बीमारियों पर भी लागू होता है। एआई विशेषज्ञ जसप्रीत बिंद्रा का कहना है, 'डॉक्टर की निगरानी हमेशा इस प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए।' एआई हमें अधिक जानने, बेहतर शोध करने और यहां तक कि नई चीजों की खोज करने में मदद कर सकता है। लेकिन डॉक्टरी सलाह अभी भी बहुत महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बिंद्रा के अनुसार, 'मानव चिकित्सक रोगी का समग्र रूप से इलाज करते हैं न कि बाहरी लक्षणों के आधार पर। वे तनाव, जीवनशैली या छुपे हुए लक्षणों पर भी विचार करते हैं, जिन्हें एआई अनदेखा कर सकता है। इसलिए मेडिकल कंसल्टेंसी के लिए एआई का उपयोग करते समय डॉक्टर की सलाह लेना भी जरूरी है।'

**बरतें सावधानी:** सोशल मीडिया की सलाह आपकी हेल्थ को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इससे बचने में ही समझदारी है। इसी तरह सोशल मीडिया पर जो डॉक्टर कैमरे के सामने लोगों को फ्री कंसल्टेंसी देते हैं, उनकी भी सलाह तभी माननी चाहिए, जब आप उनसे पर्सनल कॉन्टेक्ट कर, मिलकर उनसे सलाह लें। सोशल मीडिया पर मेडिकल हेल्थ कंसल्टेंसी देने वाले व्यक्ति की योग्यता और उसकी प्रमाणिकता की भी जांच जरूरी है। *



# बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड की बड़ी जीत

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : लिवरपूल हारा, बार्सिलोना ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी।

बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के शीर्ष गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। इस सत्र में अब तक 47 गोल करने वाले केन इस मैच में खेलने के लिए फिट नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए। सर्ज ग्नाब्री, निकोलस जैक्सन,



जोसिप स्टैनिसिक और जमाल मुसियाला ने एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से पराजित किया। टॉटनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने पहले नंबर के गोलकीपर गुगिलएल्मो विकारियो को बाहर रखने का फैसला किया जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि एटलेटिको ने 15 मिनट के भीतर ही 3-0 की बढ़त बना ली थी।

लिवरपूल को गैलाटासराय ने 1-0 से हराया। उसे अब अगले सप्ताह एनफील्ड में होने वाले दूसरे चरण के मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बार्सिलोना की टीम भी जूझती हुई नजर आईं। उसने खेल के अंतिम क्षणों में लामिन यामल के पेनल्टी पर किए गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए इराकी खिलाड़ियों को मिला वीजा



**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने मॉन्टेरी में 31 मार्च को होने वाले विश्व कप अंतरमहाद्वीपीय क्वालीफायर के लिए इराक की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को वीजा जारी करना शुरू कर दिया है। ईरान युद्ध के कारण इराक की टीम को यहां पहुंचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'सऊदी अरब में स्थित मैक्सिको के दूतावास में आठ मार्च को कुछ खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया पूरी की गई। अन्य खिलाड़ियों की वीजा प्रक्रिया कतर में स्थित दूतावास में पूरी की जाएगी।' सरकार ने खिलाड़ियों के नाम या वीजा हासिल करने वाले खिलाड़ियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इराक में मैक्सिको का कोई दूतावास नहीं है। विश्व कप में जगह बनाने के लिए इराक का में मुकाबला सूरीनाम और बोलीविया के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। अगर वह क्वालीफाई करने में सफल रहता है तो उसे विश्व कप में फ्रांस, नॉर्वे और सेनेगल के ग्रुप में रखा जाएगा। मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा विश्व कप की सह-मेजबानी कर रहे हैं, जो 11 जून से शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया की शरण में दो ईरानी महिला फुटबॉलर

**वेलिंगटन।** ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। देश के गृह मंत्री टोनी बर्क ने यह जानकारी दी। यह टीम ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थी। बर्क ने कैनबरा में बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने पांच खिलाड़ियों को पहले शरण दी थी और अब दो अन्य खिलाड़ियों को शरण दी गई है। दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। उसकी टीम टूर्नामेंट से जल्द बाहर हो गई जिसके बाद टीम को अपने देश लौटना था, जहां युद्ध के कारण हालात खराब हैं। ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली ईरान की टीम में 26 खिलाड़ी तथा सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे।

### पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी



सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था। अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

### एचआरटी फोर्ड रेसिंग के साथ बने रहेंगे मैनी

**नई दिल्ली।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी 2026 के डीटीएम सत्र में भी एचआरटी फोर्ड रेसिंग टीम के साथ बने रहेंगे। टीम ने बुधवार को यह घोषणा की। मैनी एचआरटी फोर्ड रेसिंग के प्रमुख ड्राइवरों में से एक हैं। टीम फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ के साथ डीटीएम के नए सत्र के लिए तैयार



है। फोर्ड रेसिंग के ड्राइवर मैनी के पास डीटीएम का व्यापक अनुभव है और वह टीम के अभिन्न अंग बने हुए हैं। मैनी डीटीएम के नए सत्र में जिस नंबर 36 फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ को चलाएंगे वह एक 'अपडेटेड रेवेनोल डिजाइन' कार होगी। इस 28 वर्षीय भारतीय ड्राइवर ने एचआरटी के साथ 78 डीटीएम रेस में भाग लिया है। इनमें से वह तीन बार पोडियम पर पहुंचे जबकि एक बार उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की।

## ईशान किशन और सैमसन ने लगाई लंबी छलांग, अभिषेक शीर्ष पर बरकरार

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का एक बार फिर जलवा

> आईसीसी की ओर से टी20 विश्व कप के बाद नई रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें कई सारे उलटफेर और बदलाव हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाज छाए हुए हैं।

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से रैंकिंग जारी कर दी है। टी20 विश्व कप के बाद ये पहली रैंकिंग है। इस बीच टीम इंडिया के बल्लेबाजों का जलवा फिर से देखने के लिए मिल रहा है। ईशान किशन ने लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। अब अभिषेक शर्मा की पहले नंबर की कुर्सी पर खतरा खड़ा हो गया है। संजू सैमसन भी अपने शानदार खेल की बदौलत उड़ान भरने में कामयाब रहे हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को हल्का सा नुकसान हुआ है।

### अभिषेक नंबर एक बल्लेबाज

टी20 विश्व कप के बाद आईसीसी ने नई टी20 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें अभिषेक शर्मा अभी भी नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। हालांकि उनकी कुर्सी पर खतरा आ गया है, क्योंकि पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच अब ज्यादा गैप नहीं है। अभिषेक शर्मा की रेटिंग 875 की है। इसके बाद दूसरे नंबर पर ईशान किशन हैं। उन्होंने इस बार दो स्थानों की छलांग मारी है। उनकी रेटिंग 871 की हो गई है। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल चार अंकों का ही फासला है।



### संजू ने 18 स्थानों की मारी छलांग

इस बीच संजू सैमसन का भी जिक्र किया जाना जरूरी है। इस बार उन्होंने एक साथ 18 स्थानों की छलांग मारी है और वे सीधे 22 नंबर पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 के आखिरी के तीनों मैचों में संजू ने 80 से अधिक रन बनाए थे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिलता हुआ नजर आ रहा है।



### बुमराह और अक्षर को फायदा

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं।

### वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हटे

टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

### टिम सिफर्ट को जबरदस्त फायदा



पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान अब एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे नंबर पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 848 की है। इंग्लैंड के फिल साल्ट को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे 792 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर हैं। श्रीलंका के पथुम निसंका पहले की ही तरह नंबर पांच पर हैं। न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को इस बार जबरदस्त फायदा हुआ है। वे चार स्थानों की छलांग लगाकर सीधे नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 749 की हो गई है। भारत के तिलक वर्मा को भी इस बार एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब नंबर 7 पर चले गए हैं। साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नंबर आठ पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी दो स्थानों का नुकसान उठाना पड़ा है। वे नौवें नंबर पर खिसक गए हैं।

## वनडे सीरीज

# बांग्लादेश ने पाक को 8 विकेट से हराया, 91 गेंदों में जीता मैच

### पाकिस्तानी टीम 114 रन पर सिमटी



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज का जीत से आगाज किया है। पाकिस्तान की टीम का इस मुकाबले में बुरा हाल हो गया। बांग्लादेश ने 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में पाकिस्तान की टीम टॉस हारकर पहले खेलने उतरी और 114 रन पर सिमट गई। जवाब में मेजबान टीम ने 15.1 ओवर यानी 91 गेंदों में ही मुकाबला जीत लिया। बांग्लादेश के लिए गेंदबाजी में जहां नाहिद राणा ने जलवा बिखेरा था। वहीं उसके बाद बल्लेबाजी में तंजिद हसन तमीम ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा और टीम को आसान जीत दिला दी। तमीम ने नाबाद रहते हुए 42 गेंद पर 67 रन की बेहतरीन पारी खेली। पाकिस्तान के लिए मात्र दो विकेट ही गेंदबाज ले पाए। एक विकेट कप्तान शाहीन अफरीदी और एक विकेट मोहम्मद वसीम जूनियर को मिला।

### पाकिस्तान की बल्लेबाजी बुरी तरह फ्लाप

पाकिस्तान की टीम टॉस हारते हुए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी। पहले खेलते हुए पाकिस्तान की शुरुआत ठीक थी। वनडे डेब्यू करते हुए दोनों ओपनर्स साहिबजादा फरहान और माज सदाकत ने सधी हुई शुरुआत की और 60 गेंद पर 41 रन जोड़ दिए। इसके बाद पूरी टीम सिर्फ 73 रन जोड़ पाई और ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की टीम के 4 खिलाड़ी ही दहाई का आंकड़ा छू पाए। अंत में फहीम अशरफ ने 37 रन बनाए और जैसे-तैसे स्कोर 114 तक पहुंचाया। 82 रन पर ही पाकिस्तान के 9 विकेट गिर गए थे। बांग्लादेश के लिए नाहिद राणा ने 5 विकेट झटके और कप्तान मेहदी हसन मिराज को 3 सफलताएं मिलीं। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान और तस्किन अहमद को 1-1 विकेट मिला। सीरीज का पहला मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेला गया।

## इंडियन वेल्स

# भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार गोरान गोरानसन ने सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

भांबरी और गोरानसन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एरेंड्स और लेहेका को 6-4 6-4 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 14 मिनट तक चला। मैच में उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और इस बीच उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों की दो बार सर्विस तोड़ी। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने मैच में अधिकतर समय दबदबा बनाए रखा।

उन्होंने प्रत्येक सेट में एक-एक ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और आसानी से जीत दर्ज की। भांबरी और गोरानसन इस प्रतिष्ठित एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावासोरी का सामना करेंगे।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप स्थगित

*नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अप्रैल में अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप को मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता पहले एक से 10 अप्रैल तक आयोजित होने वाली थी लेकिन अब इसे एक महीने से अधिक समय तक आगे बढ़ाकर 12 से 17 मई के बीच आयोजित किया जाएगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने कहा कि यह बदलाव सभी प्रतिनिधिमंडलों की 'सुरक्षित और सुचारु भागीदारी' सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। एडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, ''मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र को प्रभावित करने वाली वर्तमान स्थिति के कारण 2026 एडब्ल्यूएफ एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप का कार्यक्रम बदल दिया गया है।' बयान में आगे कहा गया, 'सभी प्रतिनिधिमंडलों की सुरक्षित और सुचारु भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अब यह प्रतियोगिता 12 से 17 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएगी।*

# गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच बने सहरावत

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आगामी सत्र से पहले पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रणधीर सिंह सहरावत को



अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। सहरावत के पास पीकेएल के 11 सत्र में खेलने का अनुभव है। उनके नाम पर एक खिताब दर्ज है जबकि उनकी मौजूदगी में उनकी टीमें छह बार प्लेऑफ में पहुंची। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सहरावत ने रेलवे को कई राष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 1990 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी गणना सबसे सफल कोच में भी होती है। सहरावत ने एक खिलाड़ी के रूप में कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप (1988), दक्षिण एशियाई खेल (1989) और एशियाई खेल (1990) शामिल हैं, जहां वह टीम के उपकप्तान थे।

# विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप: प्रियांश अंबेकर व साहिल का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

प्रियांश सहरावत, एल अंबेकर और साहिल दुहान ने बुधवार को यहां आसान जीत दर्ज की जिससे भारत की युवा मुक्केबाजी टीम ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के चौथे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सुबह के सत्र में प्रियांश (70 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की सकारात्मक शुरुआत करते हुए लातविया के मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया।

शाम के सत्र में भी भारतीय मुक्केबाजों ने दो और आसान जीत दर्ज की। अंबेकर ने 50 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 से शिकस्त दी जबकि साहिल ने भी 60 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के ही मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इस बीच अमन सिवाच (65 किग्रा) को यूक्रेन के मुक्केबाज के



खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जब रैफरी ने दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रुकवा दिया।

### विश्व कप फुटबॉल में भाग लेगा ईरान : फीफा

**मियामी।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति दी जाएगी, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। ईरान की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने सभी मैच अमेरिका में खेलेगी। उसकी टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के इंगलेवुड में न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ ग्रुप चरण का अपना आखिरी मैच खेलेगी। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

## आईसीसी ने घोषित की प्राइज मनी, भारत को मिलेंगे 2.63 मिलियन डॉलर

# आईसीसी ने टीम इंडिया पर की धन की वर्षा

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों का टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है, जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपए) मिला।

भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपए) मिले



जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपए और 8.96 करोड़ रुपए प्राप्त हुए।

अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मेधा निर्मित ALCO LOCOMOTIVES की CAMC के लिए ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक / डीजल), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**निविदा सूचना संख्या:** E-203177-CAMC-Medha-MEP-660/2025-27
**कार्य का नाम:** एकल निविदा के आधार पर DLS/MIB/NGP के ALCO लोकोमोटिव्स में लगे मेधा निर्मित माइक्रोप्रोसेसर आधारित कंट्रोल सिस्टम (मेधा मॉडल: एमईपी 660) के रखरखाव के लिए OEM के साथ 02 साल की अवधि हेतु व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,09,66,877/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,04,800/-,
**अनुबंध की अवधि:** 2 (दो) वर्ष,
**बोली शुरू होने की तारीख: 13.03.2026** से
**निविदा बंद होने की तारीख और समय:** दिनांक **27.03.2026** को **15.00** बजे।
**निविदा खोलने की तारीख और समय:** दिनांक **27.03.2026** को **15.30** बजे।
बिडर्स अपनी मूल / संशोधित बिड्स उपरोक्त निविदा बंद होने की तारीख तक या पहले जमा कर सकेंगे।
इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसे प्राप्त सभी मैनुअल ऑफर्स को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा।
इस निविदा की अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**मोतीबाग, नागपुर**

AIM/80-351

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




## राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने वापस लिया मानहानि का केस

# शिवराज के साथ वीडी शर्मा व भूपेंद्र सिंह भी दोषमुक्त

हरिभूमि, जबलपुर।

एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा मानहानि का केस वापस लिए जाने के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ खजुराहो सांसद वीडी शर्मा व भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह को भी दोषमुक्त कर दिया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।



मामले की सुनवाई के दौरान परिवादी तन्खा की ओर से अधिवक्ता सोम मिश्रा व शिवराज सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता श्याम विश्वकर्मा खड़े हुए। दलील दी गई कि यह परिवाद चार जनवरी, 2025 को दायर किया गया था। 29 अप्रैल, 2023 को परिवादी के कथन अंकित किए गए थे। कोर्ट ने 20 जनवरी, 2024 को शिवराज सहित अन्य के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करने का आदेश दिया था। किंतु इससे पहले की इस मामले में अंतिम फैसला सुनाया जाता, परिवादी तन्खा की ओर से मानहानि का प्रकरण वापस लेने का आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

### क्या था मामला

#### 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग का था मामला

यह मामला 2021 में हुए मध्य प्रदेश के पंचायत चुनावों से जुड़ा था। उन दिनों विवेक तन्खा वरिष्ठ अधिवक्ता के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण से जुड़े एक केस में पेश हुए थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे लेकर कुछ बयान दिए थे। तन्खा का कहना था कि इन बयानों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। उन्हें सार्वजनिक आलोचना का सामना करना पड़ा। इसे आधार बनाते हुए उन्होंने सिविल और क्रिमिनल मानहानि केस दर्ज करवाए। सिविल केस में 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की। वहीं, आपराधिक शिकायत में आईपीसी की धारा 500 के तहत कार्यवाही की मांग की थी।

#### सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा था प्रकरण

यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट के सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के सुझाव के बाद, शिवराज व तन्खा ने लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत का रास्ता चुना। संसद में मुलाकात और बातचीत के बाद, विवेक तन्खा ने चुनाव के दौरान दिए गए बयानों के संबंध में दायर किए गए सिविल और आपराधिक मानहानि के मामलों को वापस लेने का फैसला किया। समझौते को अभिलेख पर लेते हुए करते सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश व न्यायमूर्ति एनके सिंह की युगलपीठ ने मानहानि के प्रकरण को निरस्त करने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया था। तन्खा ने आरोप लगाया था कि शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें पंचायत चुनावों पर रोक के लिए दोषी ठहराया। ऐसा करने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेशों को गलत तरीके से पेश किया। इसी के व्यथित होकर उन्होंने मानहानि का नोटिस भेज दिया था। बाद में अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया, जो जबलपुर की एमपीएमएलए कोर्ट में विचाराधीन रहने के दौरान प्रकरण निरस्त कराने शिवराज सहित अन्य पहले हाई कोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गए थे।

## हाईकोर्ट का दखल देने से इंकार, जनहित याचिका ख़ारिज

# वकील हड़ताल कर सकते हैं तो डॉक्टर क्यों नहीं ...?

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायाधीश प्रदीप मित्तल की संयुक्तपीठ ने प्रदेश के लगभग 8 हजार जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के मामले को लेकर एक वकील की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया। इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए संयुक्तपीठ ने कहा कि जब अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर हडताल कर सकते हैं तो जूनियर डॉक्टरों के शांतिपूर्ण हडताल में न्यायालय दखल नहीं दे सकती। इस मत के साथ न्यायालय ने मामले में सुनवाई से इंकार कर दिया।



नरसिंहपुर के अधिवक्ता अंशुल तिवारी की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया था कि राज्यभर में करीब 8 हजार जूनियर डॉक्टरों के काम बंद करने से सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। याचिका के अनुसार मप्र जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने सरकार के खिलाफ हड़ताल शुरू की है। डॉक्टरों का कहना है कि 7 जून 2021 के सरकारी आदेश के अनुसार सीपीआई(कंज्यूमर प्राइज इंडैक्स) आधारित स्टाइपेंड संशोधन 1 अप्रैल 2025 से लागू होना था, लेकिन अब तक न तो संशोधित स्टाइपेंड लागू हुआ और न ही अप्रैल 2025 से मिलने वाला एरियर दिया गया। डॉक्टरों का दावा है कि इस संबंध में सरकार और संबंधित विभागों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। याचिका में दावा किया गया था कि विरोध स्वरूप जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी सेवाएं, वार्ड ड्यूटी, लैब सेवाएं और सभी वैकल्पिक ऑपरेशन (इलेक्टिव ओटी) बंद करने का निर्णय लिया है। हालांकि आपातकालीन सेवाएं जारी रखने की बात कही गई है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता पीयूष जैन उपस्थित हुए। मामले पर गौर करने के बाद उच्च न्यायालय की संयुक्तपीठ ने याचिका में बताए गए तथ्यों के आधार पर हस्तक्षेप से इंकार करते हुए जनहित याचिका खारिज कर दी।

## 3 एक्सप्रेस ट्रेनों में 6 अतिरिक्त कोच लगेंगे

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों जबलपुर-रायपुर-जबलपुर, जबलपुर-चान्दा फोर्ट-जबलपुर एवं जबलपुर-रीवा-जबलपुर में 06 अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी का कोच दिनाँक 14 मई 2026 से प्रभावी रहेगा। गाड़ी संख्या 11701 रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी का कोच दिनाँक 14 मई.2026 से प्रभावी रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 22174 जबलपुर-चान्दा फोर्ट एक्सप्रेस में चार जनरल कोच दिनाँक 15.मई .2026 से और गाड़ी संख्या 22173 चान्दा फोर्ट-जबलपुर एक्सप्रेस में चार जनरल कोच दिनाँक 15 मई 2026 से लगेगा। गाड़ी संख्या 11705 जबलपुर–रीवा एक्सप्रेस में एक जनरल कोच दिनाँक 14 मई.2026 से प्रभावी रहेगा। गाड़ी संख्या 11706 रीवा–जबलपुर एक्सप्रेस में एक जनरल कोच दिनाँक 14 मई 2026 से प्रभावी रहेगा।

## जीएसटी जांचः बिलिंग सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी मिली

# चंडोक ब्रदर्स का संगठित जीएसटी चोरी मॉडल बेनकाब

**जबलपुर।** बीते माह के आखिर में शुरू हुई सेंट्रल जीएसटी की कार्रवाई अब भी जारी है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे सामने आ रहे हैं। चंडोक ब्रदर्स और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों पर की गई रेड के बाद जब्त दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और बुकिंग रजिस्टर की जांच में करोड़ों रुपये की संभावित जीएसटी चोरी के संकेत मिले हैं। जीएसटी विभाग के सूत्रों के अनुसार अब तक की जांच में सामने आया है कि करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी हुई है। बिलिंग सॉफ्टवेयर में तकनीकी गड़बड़ियां और संदिग्ध एंट्रियां मिली हैं। बुकिंग रजिस्टर, कैश बुक और अन्य फाइलों से वास्तविक आय और घोषित आय में बड़ा अंतर पाया गया है। हालांकि विभाग की ओर से अभी तक आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।



### हर शादी में 10–15 प्रतिशत तक जीएसटी की चोरी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जांच में सामने आया है कि शान एलिजा परिसर में आयोजित होने वाली शादियों और बड़े कार्यक्रमों में व्यवस्थित तरीके से टैक्स में हेरफेर किया जाता था। अधिकारी के मुताबिक डेकोरेशन और टेंट सेवाओं पर 18 प्रतिशत जीएसटी देय होती है। लेकिन ग्राहकों को कच्चा बिल देकर कुल रकम को लमसम दिखाया जाता था और मात्र 5 प्रतिशत जीएसटी दर्शाई जाती थी। प्रत्येक शादी में औसतन 10 से 15 प्रतिशत तक की जीएसटी चोरी की आशंका है। सूत्रों के अनुसार एक शादी सीजन में यहां एक दिन में औसतन 4 शादियां आयोजित होती थीं। यदि प्रति शादी 20 लाख रुपये का औसत खर्च माना जाए तो प्रतिदिन लगभग 80 लाख रुपये का कारोबार होता है।

### दो महीने के सीजन का गणित

जांच में अनुमान लगाया गया है कि यदि केवल दो महीने के शादी सीजन (करीब 60 दिन) को जोड़ा जाए तो कुल शादियां लगभग 240 हुईं. जिसमें अनुमानित कुल आय करीब 48 करोड़ रुपये की हुई. वहीं सिर्फ इसी में संभावित जीएसटी चोरी का आंकड़ा लगभग 6 करोड़ रुपये के पार जा रहा है. यह आंकड़े प्रारंभिक जांच और दस्तावेजों के आधार पर तैयार किए गए अनुमान हैं। अंतिम देनदारी का निर्धारण ऑडिट और विस्तृत सत्यापन के बाद होगा।

### लाखों में निपटारे की कोशिश

सूत्रों का यह भी दावा है कि जीएसटी टीम की कार्रवाई शुरू होते ही चंडोक ब्रदर्स की ओर से 40 लाख रुपये जमा कराए गए थे। इसे विभागीय दबाव में की गई आंशिक कर-अदायगी माना जा रहा है। विभागीय हलकों में चर्चा है कि करोड़ों की संभावित टैक्स चोरी के मामले को लाखों रुपये में निपटाने का प्रयास किया गया, ताकि मामला सीमित स्तर पर सुलझ जाए और आगे की कार्रवाई टल सके। हालांकि, जीएसटी अधिकारियों ने जांच को यहीं रोकने के बजाय आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। इसके बाद दस्तावेजों की गहन छानबीन में एक संगठित पैटर्न सामने आने की बात कही जा रही है।

### डिजिटल फॉरेंसिक जांच जारी

जब्त कंप्यूटर, हार्ड डिस्क और बिलिंग सॉफ्टवेयर की डिजिटल फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। टीम यह भी देख रही है कि क्या सॉफ्टवेयर में दोहरी एंट्री या बैकएंड से डेटा संशोधन की सुविधा का इस्तेमाल किया गया था। यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो संबंधित फर्मों पर भारी जुर्माना, ब्याज और दंडात्मक कार्रवाई संभव है।

### व्यापारिक जगत में हलचल

शहर के होटल और इवेंट कारोबार से जुड़े व्यापारियों में इस कार्रवाई के बाद हलचल है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शादी और इवेंट इंडस्ट्री में बिलिंग पैटर्न की व्यापक जांच हुई तो कई अन्य प्रतिष्ठान भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। फिलहाल जीएसटी विभाग की कार्रवाई जारी है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे संभव हैं।

## शिक्षकों को समय पर मूल्यांकन केंद्र पहुंचने के निर्देश

**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिले में कक्षा पाँचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद जन शिक्षा केन्द्रों से विकासखण्ड स्तर पर उत्तर पुस्तिकाओं को संकलित कर मूल्यांकन हेतु एक विकासखंड से दूसरे विकासखंड पहुंचा दी गई हैं। जिला परियोजना समन्वयक राज्य शिक्षा केन्द्र योगेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि मुख्य मूल्यांकनकर्ता एवं मूल्यांकन कर्ताओं को प्रतिदिन मूल्यांकन केंद्र समय पर पहुंचकर समय सीमा में मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।डीपीसी योगेश शर्मा ने पाँचवी और आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में शहरी मूल्यांकन केंद्रों की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी मूल्यांकनकर्ताओं की समय पर केंद्रों पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन के कार्य से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जायेंगे तथा लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि मूल्यांकनकर्ताओं को मूल्यांकन के बाद उसी दिन अंको की ऑनलाइन प्रविष्टि करनी होगी तथा मुख्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा इसकी जांच करनी होगी। उन्होंने बताया कि विगत सत्र 2024-25 के मूल्यांकन कर्ताओं को भुगतान हेतु राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बजट आवंटित कर दिया गया है। जल्दी ही मूल्यांकनकर्ताओं के बैंक खाते में विगत सत्र के मूल्यांकन की राशि जमा कर दी जायेगी।

## राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं : निगमायुक्त

# 20 राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निगम के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में राजस्व, बाजार, पीएम स्वनिधि, उद्यान और सीएम हेल्पलाइन जैसे जनहित से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की गई। निगमायुक्त ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले 20 कर-संग्रहिताओं को आज कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आयुक्त ने अधिकारियों को दो-टूक शब्दों में निर्देश दिए कि शहर की व्यवस्थाओं में सुधार और राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 'फील्ड वर्क' पर विशेष ध्यान दिया जाए।



### बाजार और राजस्व वसूली पर विशेष फोकस

आयुक्त श्री अहिरवार ने बाजार अधीक्षक को निर्देशित किया है कि वे अपनी टीम के साथ केवल कार्यालय तक सीमित न रहकर सीधे फील्ड पर उतरें और लंबित वसूली को गति दें। निगम की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने 14 मार्च तक की समय-सीमा निर्धारित की है। निगमायुक्त ने कहा कि लक्ष्य पूरा न करने वाले अमले के विरुद्ध निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### उद्यान और जनसमस्याओं का समाधान

बैठक के दौरान उद्यान विभाग की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा हुई। आयुक्त ने शहर के पार्कों और हरियाली के रखरखाव में सुधार लाने के लिए अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। बैठक में सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओएचई पोल से टकराया मवेशी, रेल ट्रैक पर विद्युत आपूर्ति प्रभावित

## अपलाईन पर 3 घंटे अवरुद्ध रहा रेल यातायात

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के शहर से लगे देवरी-अधारताल के बीच ओएचई लाइन (ओवर हैड इक्विपमेंट) क्षतिग्रस्त होने से अप लाइन पर यातायात 3 घंटे से ज्यादा बाधित हुआ। इस दौरान लगभग 8 गाड़ियों को पिछले स्टेशनों पर रोक दिया गया था।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार 11 मार्च की दोपहर 12 बजे के लगभग एक ट्रेन कटनी की ओर से जबलपुर आ रही थी। इसी दौरान देवरी-अधारताल के बीच रेल ट्रैक किलोमीटर 1003-3 पर ट्रेन के इंजिन से एक मवेशी टकराकर ओएचई के खंभे से जा भिडा जिससे सेंटीलीवर व ओएचई वायर क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रैक की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। घटना की जानकारी लगते ही जबलपुर से ओएचई लाइन दुरुस्त करने टीम मौके पर पहुंची और दोपहर तक सुधार कार्य कर यातायात को बहाल किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना से कटनी से जबलपुर (अप लाइन) से आने वाली लगभग 8 गाड़ियां प्रभावित हुई जिन्हें पिछले स्टेशनों पर रोक दिया गया था। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर रेल मंडल डा. मधुर वर्मा ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर के देवरी-अधारताल के बीच कैटल रन ओवर हुआ, जो उछलकर ओएचई पोल से टकराया, इस कारण ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। रेल कर्मचारियों ने तत्काल ही आवश्यक सुधार कार्य किया। इसके बाद रेल संचालन बहाल हो गया। इस दौरान लगभग 8 गाड़ियां प्रभावित हुई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240